भोपाल
गुरुवार, 30 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष –14
वर्ष : 13, अंक : 28
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 43
न्यून. 30

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन पर बड़ी खबर**

## मई में पीएफ का ब्याज आएगा अकाउंट में साढ़े सात गुना बढ़ सकती है पेंशन



नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) को लेकर बड़ी खबर है। सरकार पीएफ रजिस्टर्ड कर्मचारियों को लाभ देने के लिए कई चीजों पर विचार कर रही है। खासकर पेंशन में योगदान देने वाले कर्मचारियों को बड़ा लाभ देने पर विचार कर रही है। श्रमिक संगठन मांग कर रहे हैं कि सरकार ईपीएस के तहत पेंशन को 1 हजार से बढ़ाकर 7500 रु. करे। अगर ▸▸ शेष पेज 6 पर




**एग्जिट पोल्स के अनुमान सामने आए...इनके अनुसार ये हो सकते हैं नतीजे**

# बंगाल में खिलेगा कमल, असम में भाजपा की हैट्रिक, पुडुचेरी में वापसी, केरलम में कांग्रेस के आसार, तमिलनाडु में डीएमके

- बंगाल में ममता की विदाई के आसार
- केरलम की सत्ता से कम्युनिस्टों की सफाई
- असम में हिमंता नायक बनकर उभरे
- तमिलनाडु में डीएमके की वापसी के संकेत

*प्रजा पोल ने तो बंगाल में भाजपा की सबसे बड़ी जीत की भविष्यवाणी करते हुए उसे 178-208 सीटें मिलने का अनुमान जताया*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल जारी हो गए हैं, जिनमें पश्चिम बंगाल के नतीजे सबसे ज्यादा चौंकाने वाले हैं। बंगाल के पांच एग्जिट पोल्स में भारतीय जनता पार्टी सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को पीछे छोड़ती नजर आ रही है। केवल एक पोल में टीएमसी को बढ़त दिखाई गई है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल में 7 प्रमुख एग्जिट पोल्स में से 5 सर्वे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने का साफ संकेत दे रहे हैं। पांचों सर्वे में भाजपा न केवल तृणमूल कांग्रेस को पछाड़ती दिख रही है, बल्कि स्पष्ट बहुमत के साथ राज्य में अपनी पहली सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। प्रजा पोल ने तो भाजपा की सबसे बड़ी जीत की भविष्यवाणी करते हुए उसे ▸▸ शेष पेज 6 पर



**असम : 6 एग्जिट पोल्स में भाजपा**

असम विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल के नतीजे सामने आने लगे हैं और इनमें सत्तारूढ़ भाजपा को बड़ी बढ़त मिलती दिख रही है। 6 प्रमुख एजेंसियों के अनुमानों के अनुसार भाजपा गठबंधन राज्य में बहुमत के साथ सरकार बनाती नजर आ रही है।

**केरलम : राज्य में सत्ता का परिवर्तन**

केरलम विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल में राज्य में परिवर्तन होता नजर आ रहा है। एग्जिट पोल के अनुमानों के मुताबिक कांग्रेस नेतृत्व वाला यूडीएफ गठबंधन सत्ता में वापसी करता दिख रहा है, जबकि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। मैट्रिज ▸▸ शेष पेज 6 पर

**फलोदी सट्टा बाजार ने दिए बंगाल में बदलाव के संकेत**

राजस्थान के चर्चित फलोदी सट्टा बाजार ने चुनावों को लेकर जो भविष्यवाणी की है, उसने सियासी हलचल बढ़ा दी है। फलोदी सट्टा बाजार के हिसाब से यहां ममता दीदी की कुर्सी पर संकट ▸▸ शेष पेज 6 पर

| बंगाल में भाजपा | तमिलनाडु में डीएमके | असम में भाजपा |
|---|---|---|
| भाजपा: 146-149 | डीएमके: 140-143 | एनडीए: 98-100 |
| टीएमसी: 140-143 | एआईएडीएमके: 45-65 | एएसएम: 23-25 |

**पश्चिम बंगाल** — कुल सीटें: 294, बहुमत 148

| एजेंसी | टीएमसी | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|
| माय इंडिया मैट्रिज | 125-140 | 146-161 | 6-10 |
| चाणक्य स्ट्रेटजी | 130-140 | 150-160 | 6-10 |
| पीपुल्स पल्स | 177-187 | 95-110 | 1-4 |
| पोल डायरी | 99-127 | 142-171 | 5-9 |
| प्रजा पोल | 85-110 | 178-208 | 0-0 |
| पी मारक्यू | 118-138 | 150-175 | 2-6 |

**असम** — कुल सीटें: 126, बहुमत: 64

| एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|
| इंडिया टुडे-एक्सिस | 88-100 | 24-36 | 0-0 |
| माय इंडिया मैट्रिज | 85-95 | 25-32 | 6-12 |
| पीपुल्स पल्स | 83-91 | 23-11 | 3-5 |
| पी मारक्यू | 82-94 | 30-40 | 1-5 |
| जेवीसी | 88-101 | 23-33 | 2-5 |
| चाणक्य स्ट्रेटजी | 88-98 | 22-32 | 3-5 |
| पोल डायरी | 86-101 | 15-26 | 0-0 |

**पश्चिम बंगाल में चुनाव संपन्न**

## दूसरे चरण में 91% मतदान 4 मई को हो जाएगा फैसला

- नॉर्थ 24 परगना में टीएमसी-भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसा
- दावा- हावड़ा में सीआरपीएफ की पिटाई से बुजुर्ग की मौत



हुगली जिले के खानकुल में टीएमसी और निर्दलीय प्रत्याशी के कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। शाम 6 बजे तक के आकड़ों के मुताबिक, 91.31% वोटिंग हुई है। वोटिंग के दौरान कई जगहों पर हिंसा, झड़प, लाठीचार्ज और ईवीएम से छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आईं। नॉर्थ 24 परगना के अरविंद रैली में बूथ नंबर 120 पर टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प हुई। दोनों पार्टियों के ▸▸ शेष पेज 6 पर

**मतदान के बाद भी पहरा तैनात रहेंगी सुरक्षा बलों की 700 कंपनियां**

पश्चिम बंगाल चुनाव के दूसरे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद भी राज्य में सुरक्षा चाक-चौबंद रहेगी। चुनाव आयोग की तैनाती योजना के अनुसार पोलिंग खत्म होने के बाद भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 700 कंपनियां राज्य में ही रुकी रहेंगी। ये कंपनियां सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और कानून-व्यवस्था की ▸▸ शेष पेज 6 पर










**जेपी नड्डा आज करेंगे स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन की शुरुआत**

नई दिल्ली। देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा 30 अप्रैल को चंडीगढ़ में आयोजित होने वाले सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों में अच्छे एवं पुनरुत्पादित किए जा सकने वाले प्रथाओं और नवाचारों पर 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

**पीएम ने किया काशी विश्वनाथ मंदिर में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का अवलोकन**

# घड़ी को बताया आधुनिक तकनीक और प्राचीन ज्ञान का अद्भुत संगम

इस घड़ी में वैदिक समय, लोकेशन, भारतीय स्टैंडर्ड टाइम, भारतीय पंचांग, विक्रम संवत मास, ग्रह स्थिति, भद्रा स्थिति व चंद्र स्थिति आदि की जानकारी समाहित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में स्थापित विश्व की अनूठी विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। प्रधानमंत्री ने घड़ी के डिजिटल फलक पर प्रदर्शित हो रहे भारतीय पंचांग, मुहूर्त और ग्रह-नक्षत्रों की गणना की सराहना करते हुए इसे आधुनिक तकनीक और प्राचीन ज्ञान का अद्भुत संगम बताया। उन्होंने ही वर्ष 2024 में कालगणना के केंद्र महाकाल की नगरी उज्जैन में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी की स्थापना की थी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गौरवशाली अतीत को सहेजते हुए वर्तमान को जीवंत बनाए रखने की मंशानुरूप वैदिक घड़ी देश के सभी ज्योतिर्लिंगों में स्थापित किया जा रहा है। यह पहल न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती है, बल्कि नई पीढ़ी को भारत ▸▸ शेष पेज 6 पर

**सीएम डॉ. यादव की पहल पर वैदिक घड़ी द्वादश ज्योतिर्लिंगों में स्थापित की जा रही है**




विश्वनाथ मंदिर में स्थापित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के सामने पीएम

*घड़ी को 4 अप्रैल को विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में स्थापित किया गया था*

**यह घड़ी सूर्योदय से परिचालित**

विक्रमादित्य वैदिक घड़ी को वैदिक काल गणना के समस्त घटकों को समवेत कर बनाया गया है। यह घड़ी सूर्योदय से परिचालित है, जिस स्थान पर जो सूर्योदय का समय होता है उस स्थान की काल गणना तदनुसार दिखाई देती है। स्टैंडर्ड टाइम भी उसी से जुड़ा रहता है। इस घड़ी में वैदिक समय, लोकेशन, भारतीय स्टैंडर्ड टाइम, भारतीय पंचांग, विक्रम संवत मास, ग्रह स्थिति, भद्रा स्थिति, चंद्र स्थिति आदि की जानकारी समाहित है। ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

**विक्रमादित्य वैदिक घड़ी एक अभिनव प्रयास**

संस्कृति विभाग के तहत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, उज्जैन ने भारतीय कालगणना पर आधारित विश्व की प्रथम विक्रमादित्य वैदिक घड़ी स्थापित की गई है। यह घड़ी भारत की प्राचीन कालगणना परंपरा को आधुनिक डिजिटल तकनीक के माध्यम से पुनर्स्थापित करने का एक अभिनव प्रयास है। प्रधानमंत्री मोदी ने विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का लोकार्पण फाल्गुन 2080, कृष्ण पक्ष, पंचमी, वरुण ▸▸ शेष पेज 6 पर

**सीएम ने कहा- जरूरतमंदों को सम्मान और पारदर्शिता के साथ सहायता देना ही हमारा संकल्प**

## मुख्यमंत्री ने किया 200 करोड़ रुपए से अधिक 'पेंशन' राशि का अंतरण

**33.45 लाख से अधिक हितग्राहियों को होगा फायदा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी निर्धन, निराश्रित, वृद्धजनों, कल्याणी, परित्यक्ता, अविवाहिता एवं दिव्यांगजनों के कल्याण एवं आर्थिक सहायता के लिए विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाएं संचालित करती है। सरकार की



ओर से दी जाने वाली यह सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, यह सरकार के उस विश्वास का अंतरण है, जो इस बात ▸▸ शेष पेज 6 पर

**यह नई व्यवस्था सोमवार से लागू होगी**

## भक्तों के लिए खुशखबरः महाकाल अन्नक्षेत्र दान हुआ अब ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में व्यवस्थाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। अब मंदिर प्रशासन ने दान प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है, जिससे देश-विदेश के श्रद्धालु घर बैठे ही विभिन्न सेवाओं में सहयोग कर सकेंगे। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध ▸▸ शेष पेज 6 पर

*प्रतिदिन दो शिफ्ट में लगभग 10,000 श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं*



महाकाल मंदिर

**भोजन प्रसादी के लिए निर्धारित दान राशि**

- दोनों समय के भोजन के लिए: 1,10,000 रु.
- एक समय के भोजन के लिए: 51,000 रु.
- मीठे प्रसाद के लिए: 21,000 रु.

**मौत की वजह स्पष्ट नहीं**

## कान्हा में 3 शावकों की मौत के बाद बाघिन ने भी तोड़ा दम



टी-141 बाघिन

**उठा सवालः भूख या संक्रमण से मौत?**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडला

कान्हा टाइगर रिजर्व में बीते आठ दिनों में तीन शावकों की मौत के बाद उनकी मां बाघिन (टी-141) की बुधवार को मौत हो गई। बता दें कि शुरुआती पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में शावकों की भूख से मौत की आशंका जताई गई थी। हालांकि वन विभाग ने फेफड़ों के संक्रमण को वजह बताया है। मामले में सबसे बड़ा विवाद मौत के कारण को लेकर ▸▸ शेष पेज 6 पर

**छत्तीसगढ़ के सरगुजा में बड़ी वारदात**

## शादी से लौट रहीं दो नाबालिगों से 9 लड़कों ने किया दुष्कर्म



फाइल फोटो

**सरगुजा एएसपी अमोलक सिंह ने की पुष्टि**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में सामूहिक दुष्कर्म का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। शादी समारोह से लौट रही दो नाबालिग लड़कियों के साथ आठ-नौ लड़कों ने अलग-अलग जगहों पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। 24 अप्रैल की शाम 4 नाबालिग लड़कियां शादी समारोह ▸▸ शेष पेज 6 पर

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- स्पीकर को याद दिलाएं सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन**

**निर्मला सप्रे दलबदल मामले में अपनाया कड़ा रुख**

## 90 दिन की समयसीमा, 720 दिन में फैसला क्यों नहीं किया?

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

सागर जिले की बीना सीट से विधायक निर्मला सप्रे के दलबदल मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव कुमार सचदेवा ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि दल-बदल मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने 90 दिनों के भीतर निर्णय देने की समय सीमा तय की है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब समय सीमा 90 दिन है, तो



720 दिनों में भी मामले का निराकरण क्यों नहीं हो पाया? उन्होंने महाधिवक्ता प्रशांत सिंह से कहा कि वे विधानसभा स्पीकर को सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन बताएं। हाईकोर्ट ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ▸▸ शेष पेज 6 पर

**स्पीकर कर रहे विधिवत सुनवाई**

महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट को बताया कि मामले की विधिवत सुनवाई विधानसभा स्पीकर द्वारा की जा रही है और उमंग सिंघार द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों की जांच की प्रक्रिया जारी है। इस मामले में हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 18 जून की तारीख तय की है। गौर हो कि ▸▸ शेष पेज 6 पर

**तिरला बाइपास पर हुआ भीषण सड़क हादसा**

## धार में पिकअप पलटने से 12 मजदूरों की मौत, कई गंभीर

**पिकअप में भरे थे करीब 35 मजदूर**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धार

जिले के तिरला बाईपास पर बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 12 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे की सूचना मिलने पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख, गंभीर घायलों को 1-1 लाख और ▸▸ शेष पेज 6 पर



क्षतिग्रस्त बोलेरो

**मेरी संवेदनाएं प्रभावितों के साथः सीएम**

धार जिले के इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित चिकलिया फाटा के पास हुआ सड़क हादसा हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं प्रभावित ▸▸ शेष पेज 6 पर



## शहर को सुंदर बनाने बड़े तालाब किनारे बनाई खूबसूरत पेंटिंग

**भोपाल।** स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर निगम ने जोरदार तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत खाली दीवार, सुलभ कॉम्प्लेक्स, नालों के पास व सार्वजनिक स्थलों पर सुंदर पेटिंग करवाई जा रही है। शहर के कई भवनों का रंग-रोगन करके सुंदर और आकर्षक रूप दिया गया है। निगम ने लालघाटी से संत नगर को जोडने वाले मुख्य मार्ग पर तालाब किनारे मनमोहक चित्रकारी करवाई है। शहर के अधिकांश नालों, खुले स्थानों पर इसी तरह की पेंटिंग करवाई जाएगी।

# तापमान 43 डिग्रीः पेड़ की छांव में रोकी मैजिक, कचरा उठाया, शिकायत मिली तो मौके पर पहुंचे और कचरे में पते की पर्ची मिलने पर ढूंढकर किया चालान

**स्वच्छता सर्वेक्षण**



**15 हजार से ज्यादा सफाई कर्मचारी, 102 अधिकारी, 21 एएचओ, 85 दारोगा शहर को नंबर-1 बनाने मैदान में**

**खाली दीवारों पर रंग-रोगन, 234 सुलभ कॉम्पलेक्स की तस्वीर बदलना शुरू, दिल्ली से आने वाली सर्वे टीम के पहले तैयारियां तेज**

**मुख्य और वीआईपी मूवमेंट वाली सड़कों पर दिनभर एक्टिव रही टीम, अंदरूनी इलाकों में सफाई को लेकर दिक्कत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण-2025-26 की तैयारियों को लेकर की जा रही सफाई व्यवस्था का असर बुधवार को सड़कों पर देखने को मिला। 43 डिग्री तापमान के बीच भी सड़कों से कचरा उठाते सफाई मित्र नजर आए। लिंक रोड पर कचरा कलेक्शन की मैजिक चालक ने धूप से बचने के लिए मैजिक पेड़ की छांव में रोकी और सफाई मित्र ने कचरा उठाया, फिर आगे बढ़ी। बुधवार को हरिभूमि की टीम ने शहर में सफाई व्यवस्था देखी तो व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त नजर आईं। वार्ड-20 और 16 में गंदगी की शिकायत मिलने पर मौके पर एएचओ पहुंचे, सफाई करवाई और कचरे में पते की पर्ची मिली तो पते पर पहुंचकर चालान किया। पुराने शहर के करोंद, भानपुर, कोलार के कुछ क्षेत्रों और भेल क्षेत्र के अंदरुनी इलाकों में कचरे के ढेर, गंदगी बिखरी होने की जरूर लोगों ने शिकायतें कीं। सुबह 6 से 9 बजे के बीच जहां नोडल, सहायक नोडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में घूमे तो वहीं आम दिनों की तरह सुबह 500 से ज्यादा कचरा कलेक्शन के लिए जुटने वाली मैजिक अपने काम में लग गईं। जबकि मुख्य सडकों और वीआईपी मूवमेंट वाली सड़कों पर दिनभर स्वास्थ्य विभाग का अमला जुटा रहा। शहरभर में 15 हजार से ज्यादा सफाई कर्मचारी, 102 अधिकारी, 21 एएचओ, 85 दरोगा शहर को नंबर-1 बनाने मैदान में उतरे।

**हरिभूमि लाइव**

## दीवारों पर रंग-रोगन, 234 सुलभ कॉम्पलेक्स की तस्वीर बदलना शुरू

शहर में खाली दीवारों पर सुंदर पेंटिंग बनाने, 234 सुलभ काम्प्लेक्स का रंग-रोगन करने का काम तेजी से शुरू हो गया है। बुधवार को कई कॉम्प्लेक्स पर रंगाई-पुताई के साथ आकर्षक पेंटिंग की गई।



लिंक रोड के सामने में कचरा उठाते कर्मचारी।

### सार्वजनिक रास्ते पर कचरा फेंका, लगाया जुर्माना

जोन-4 के एएचओ मोहम्मद शहाब खान को सुबह सार्वजनिक रास्ते पर कचरा मिला। उन्होंने कचरे में मिली पर्ची के आधार पर पता निकाला, इंडियन आयल सोगानी एनर्जी पेट्रोल पंप पहुंचे और 3 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की।

### अशरफी दवाखाने के मालिक से वसूला स्पॉट फाइन

पुराने शहर के अशरफी दवाखाने के मालिक पर सीएंडडी वेस्ट फैलाने पर दो हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया गया। घोड़ा नक्कास, नव-बहार सब्जी मंडी, चौक बाजार, बुधवारा, इतवारा सहित पुराने शहर के अधिकांश क्षेत्रों में स्वास्थ्य अमला मुस्तैदी से जुटा रहा।

### निगम कमिश्नर का तर्क- खुद रोज मॉनिटरिंग कर रही हैं

शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर निगम ने जिम्मेदारी तय कर दी है। प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वे सफाई में योगदान दे। सफाई के काम में कहीं से कोई शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई होगी। सिटीजन फीडबैक अधिक से अधिक हो इसके लिए भी लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

## एनजीटीः भोज वेटलैंड से संबंधित पर्यावरणीय उल्लंघनों पर सुनवाई

**भोपाल।** राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में भोज वेटलैंड से संबंधित पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन मामले पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में सुनवाई हुई। इस मामले में राशिद नूर खान ने याचिका दायर की थी। इस मामले में सुनवाई के दौरान बेंच ने पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन पर भोपाल नगर निगम को फटकार लगाते हुए 3 सप्ताह में मामले में पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने जवाब प्रस्तुत किया। मामले में भोपाल और अन्य वाद में भोज वेटलैंड से संबंधित गंभीर पर्यावरणीय उल्लंघनों पर सुनवाई हुई। बेंच के सामने याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि संबंधित क्षेत्र में अवैध स्थायी निर्माण, अपशिष्ट का अनियंत्रित डंपिंग, भूमि भराव कर प्राकृतिक जल प्रवाह को अवरुद्ध करना तथा वेटलैंड की प्राकृतिक संरचना को परिवर्तित कर निजी और व्यावसायिक उपयोग (जैसे रिसॉर्ट संचालन) किया जा रहा है, जो कि नियमों का उल्लंघन है।

**चारों युगों का दर्शन एक ही मंदिर में, वह है कुबेरेश्वरधाम मुरली मनोहर मंदिर**

# कुबेरेश्वरधाम पर प्राण-प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं के लिए खुला मंदिर, भगवान के दर्शन को पहुंचे हजारों श्रद्धालुजन



कुबेरेश्वर धाम



### भक्तों के लिए नियमित रूप से होंगे भगवान के दर्शन

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कुबेरेश्वरधाम बुधवार को प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात भारत यह अपने आप में ऐसा विशिष्ट मंदिर हैं जहां चारों युगों सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के प्रतीक, देवता या अवतार एक साथ दर्शन देते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम सिद्धपीठ में स्थित काठमांडू शैली में नवनिर्मित भगवान मुरली मनोहर में स्थित भगवान शिव-पार्वती, भगवान राम-सीता और भगवान मुरली मनोहर की एक साथ प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान का दरबार अब श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद की शाम को प्रभु के दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में उमड़े, हजारों की संख्या में भगवान के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन को आतुर दिखाई दिए मंदिर और भगवान के दर्शन के लिए मुंबई, दिल्ली समेत भारत के कई राज्यों से लोग धाम पर पहुंचे थे। सुबह अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया था। स्वयं पंडित मिश्रा गत 25 अप्रैल से बुधवार तक मंदिर में पूरे पूजन में शामिल रहे, पूजन की एक-एक प्रक्रिया का विधिवत अर्चन किया। स्वर्ण आभूषणों से सुसज्जित भगवान की मूर्ति आकर्षित करने वाली थी। इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पंडित मिश्रा ने कहा कि धाम की पावन भूमि जहां विराज मान है सिद्ध पीठ श्री कुबरेश्वर धाम मुरली मनोहर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का सादगी और आस्था के साथ समापन किया गया है। पूरे भारत की भूमि का मात्र एक ऐसा स्थान कुबरेश्वर धाम जो बारह ज्योतिर्लिंग के मध्य है। यहां आने वाले शिव भक्त कंकर शंकर की पूजन करके भगवान देव महादेव की अनुपम कृपा प्राप्त करते हैं।



श्री कुबरेश्वर धाम इस बाबा कुबेर भण्डारी की पवित्र भूमि पर मुरली मनोहर मंदिर के कपाट सभी शिव भक्ति के लिए अब खुले रहेगे। बुधवार को सुबह अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में सवा लाख से अधिक वैदिक मंत्रों में बड़ी संख्या में विप्रजनों की उपस्थिति में पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित समिति की ओर से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया।

**ड्रॉप-आउट विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे**

# यूजी-पीजी प्रवेशः विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन और टोल फ्री नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विद्यार्थियों को कॉलेजों में प्रवेश के लिए प्रेरित करने कॉलेज चलो अभियान का दूसरा चरण चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों से संपर्क कर उनका पंजीयन सुनिश्चित किया जाएगा।



### हेल्पलाइन और हेल्प डेस्क नंबर

प्रवेश प्रक्रिया के दौरान छात्रों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से करने के लिए विभाग ने हेल्पलाइन व्यवस्था बनाई है। 24x7 घंटे हेल्प डेस्क का संचालन किया जाएगा। साथ ही ई प्रवेश संबंधित जानकारी के लिए विभाग ने हेल्पलाइन नंबर 8000063632 और टोल-फ्री नंबर 18008908399 जारी किए हैं।

### ड्रॉप-आउट विद्यार्थियों को फिर जोड़ने की कोशिश

एनसीसी/ एनएसएस के सहयोग से ड्रॉप-आउट विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही विकासखंड स्तर पर प्रवेश मेले आयोजित किए जाएंगे तथा ईप्रवेश एप व पोर्टल के माध्यम से पंजीयन को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही, छात्राओं एवं कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

### बीयूः विवि में नए सत्र के लिए प्रवेश को लेकर आज होगी विशेष बैठक

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में गुरुवार को विवि प्रशासन यूटीडी में नए सत्र 2026-27 के लिए किए जाने वाले प्रवेश को लेकर विशेष बैठक करेगा। विवि के सभी एचओडी अपनी पूरी तैयारी के साथ इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। बताया जाता है कि बीयू में इस बार पहले फेज में विभिन्न विभागों में प्रवेश सीयूईटी के माध्यम से करने पर चर्चा हो सकती है। इसके साथ ही बीयू में पिछली बार की तुलना में अधिक से अधिक और सुगम माध्यू से प्रवेश के लिए भी कोई रणनीति तय हो सकती है।

**आज श्रीशिव महापुराण कथा के समापन अवसर पर भक्तों के लिए होगा विशाल भंडारे का आयोजन**

# भोले शंकर की पुष्प पूजा से होता है सभी समस्याओं का समाधानः सुशील महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री शिव शक्ति धाम सिद्ध आश्रम में चल रही श्री शिव महापुराण की कथा के छठवें दिन बुधवार को पंडित सुशील महाराज ने बताया कि मंदिर में स्थापित प्राण प्रतिष्ठित शिवलिंग पर पुष्प चढ़ाने से सभी समस्याओं का समाधान होता है। मारण उच्चाटन एवं विद्वेषण करने



वाले व्यक्ति को दण्ड देने के लिए राई के एक लाख पुष्पों से शिव की पूजा-अर्चना करने से आपके शत्रु का विनाश हो जाता है। पं सुशील महाराज ने कहा कि दस लाख दूर्वा से भोले शंकर की पूजा करने से आयु में वृद्धि होती है। एक लाख लाल डंडी के धतूरा से भोले शिवलिंग की पूजा करने से पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। एक लाख तुलसी दल से पूजा करने पर भोग एवं मोक्ष दोनों की प्राप्ति होती है।

### शिवलिंग पर न चढ़ाएं केवड़ा, चंपा और केतकी के पुष्प

पं सुशील महाराज ने बताया कि केवड़ा चंपा और केतकी के पुष्प भोले शिव पर कभी नहीं चढ़ाना चाहिए। झील वृक्ष के नीचे जड़ में शिवलिंग मानकर जो व्यक्ति भोले शिव की पूजा अर्चना करता है तो उसकी सारी मनोकामनाएं दूर होती हैं और गंभीर से गंभीर रोग का निदान हो जाता है। महामृत्युंजय के सवा लाख जब करवाने के लिए एक लाख 37 हजार 500 जाप आवश्यक रूप से करवाना चाहिए।

# कुंडली में बुध को सशक्त बनाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने किया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट द्वारा बुध प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का दिव्य श्रृंगार किया। कुंडली में बुध ग्रह की शांति एवं उसको सशक्त बनाने के लिए श्रद्धालुओं ने बटेश्वर का विजया से अभिषेक किया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद



नेमा ने बताया प्रातः काल नियमित अभिषेक प्रदोष काल मे गन्ना के शीतल रस एवं विजया से अभिषेक कर बाबा बटेश्वर का दिव्य श्रृंगार किया। रात्रि में महाआरती, भजन संध्या के बाद प्रसादी वितरण हुआ। इस अवसर पर अभिषेक लाला शिशिर मित्तल मोनू राठौर प्रकाश मालवीय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवसः ऐबू का प्रयास**

# मेहनतकश श्रमिक और उनके प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर 1 मई को ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लाइज यूनियन (ऐबू) द्वारा 'एक शाम– बीएचईएल श्रमिकों के नाम' शीर्षक से लगातार 10वें वर्ष शाम 7 बजे से 333, सी-2, ए-सेक्टर, पिपलानी स्थित एआईबीईयू कार्यालय में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन से संबद्ध प्रतिनिधि यूनियन ऐबू के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान बीएचईएल के श्रमिकों एवं उनके प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही इस अवसर पर बेस्ट वर्कर, बेस्ट सुपरवाइजर, बेस्ट एग्जीक्यूटिव, क्वालिटी सर्कल ग्रुप एवं एक्सल अवॉर्ड प्राप्त कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इंटर यूनिट एवं इंटर पीएसयू खेलों में पदक प्राप्त करने वाली टीमों, उपलब्धि हासिल करने वाले कर्मचारियों के बच्चों तथा महिला कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी, जिससे श्रमिकों के परिश्रम और योगदान को सम्मान देने का संदेश दिया जाएगा।

**सात दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में भक्तिमय रहा सम्पूर्ण वातावरण**

# श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर के सामने चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का बुधवार को समापन हुआ। भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या, प्रभुपाद, कथा वाचक मुकेश महाराज के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया।

विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित



किया। आयोजन समिति के राधा लखेरा ने बताया कि इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास के अलावा दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया। सात दिनों तक इस कथा में पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। उपस्थित भक्तों के बीच भंडारें का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

### भक्तिरस में डूबे श्रोता

इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसवध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया।

### अर्जुनदास महाराज की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**भोपाल।** विघ्नेश्वर महादेव शिवालय शिव मंदिर गौतम नगर के दिवंगत मंडलेश्वर अर्जुनदास महाराज उर्फ योगेंद्र नाथ राय की प्रतिमा का अनावरण बुधवार को मंदिर



परिसर में हुआ। अर्जुनदास महाराज की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यति, विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत ग्रामीण मंत्री के ओएसडी एमएल त्यागी शामिल हुए। समिति के चंदन राय और पंकज ठाकुर ने बताया कि इस अवसर पर दिवंगत मंडलेश्वर के भक्त भोपाल के अलावा इंदौर, जबलपुर, रायपुर, वाराणसी, बक्सर, गाजीपुर,आरा आदि स्थानों से भोपाल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भंडारा व प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में तुंगेश्वर नाथ राय, पंकज ठाकुर, उमाशंकर राय, सेवानिवृत्त न्यायाधीश एके सिंह, जीत बंधन राय, वरिष्ठ शिक्षाविद् एसएन राय, विजय शंकर राय, जगतपति राय, भरत राय, विंध्यवासिनी सिंह, कृष्णा सिंह, बबुआ राय, संजय राय, विष्णु राय, शशि राय, संजय सिन्हा, मनोज तिवारी समेत भक्तगण उपस्थित रहे ।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 30 अप्रैल 2026



# सिकुड़ रहा बड़ा तालाब, घट रहा जल स्तर, सूखते किनारे आने लगे नजर

बोट क्लब, शीतलदास की बगिया समेत अनेक शहर से लगे इलाकों में बड़े तालाब में भले ही लहरें जोर दिखा रही हों, लेकिन संत हिरदाराम नगर की ओर जाने वाले मार्ग के किनारे सूखे नजर आने लगे हैं। फोटो जर्नलिस्ट जसप्रीत सिंह।

**भोपाल।।** राजधानी भोपाल की लाइफ लाइन माने जाने वाले बड़े तालाब का जल स्तर लगातार कम होता जा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही तालाब के कई हिस्सों में पानी घटने लगा है और अब सूखे किनारे साफ दिखाई देने लगे हैं। तालाब के आसपास के इलाकों में पानी का स्तर नीचे जाने से किनारों पर मिट्टी और सूखी जमीन उभर आई है। जहां कुछ समय पहले तक पानी लबालब भरा रहता था, वहीं अब खालीपन नजर आने लगा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, लगातार बढ़ती गर्मी, बारिश की कमी और जल दोहन इसके प्रमुख कारण हो सकते हैं। बड़ा तालाब न सिर्फ शहर को पीने का पानी उपलब्ध कराता है, बल्कि यह भोपाल की पारिस्थितिकी और पर्यटन का भी अहम हिस्सा है।

### हादसे के 7 घायलों को तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल भेजा, हाथ-पैर में चोट, चल रहा है इलाज

# एमपी नगर में सागर प्लाजा की लिफ्ट तीसरी मंजिल से सीधे बेसमेंट में गिरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के व्यापारिक केंद्र एमपी नगर जोन-2 में बुधवार को शाम करीब पांच बजे सागरा प्लाजा में लगी लिफ्ट तीसरी मंजिल से अचानक गिर गई। इससे हड़कंप मच और अफरा-तफरी फैल गई। इसमें सवार सात लोगों के हाथ-पैरों में चोटें आईं हैं, जिन्हें तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। लिफ्ट में सवार सभी पत्रकार थे और भवन में एक कार्यालय में अपने साथी से मिलकर लौट रहे थे।

## अपने साथी से मिलकर लौट रहे थे सभी कि हो गया हादसा...

हादसे के कारणों का खुलासा नहीं, क्षमता से अधिक लोगों के सवार होने की आशंका

मौके पर पहुंची पुलिस, कर रही है जांच



घायलों में तीन महिला पत्रकार शामिल हैं, जिनके पैर और हाथ में चोटें आई हैं। घायलों को नर्मदा और सेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार एमपी नगर जोन-2 में सागर प्लाजा में अपने किसी साथी से पत्रकार मिलकर लौट रहे थे। तभी लिफ्ट में तीसरी मंजिल से सीधे नीचे बेसमेंट में आ गिरी। जैसे ही लिफ्ट गिरी दहशत फैल गई और अफरा-तफरी के बीच बाहर मौजूद लोग बचाने के लिए दौड़े। लोगों ने घायलों को तत्काल निकाला और एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल भेजा। घटना के बाद लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची।



### लिफ्ट गिरने के कारण तलाश रही पुलिस

लिफ्ट में रिजवान अहमद सिद्दीकी, सुशील त्रिपाठी, दिलीप भदोरिया, अनीता चौबे, प्रगति श्रीवास्तव, सादिया खान सवार थीं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। महिलाओं के हाथ और पैर में चोटें आई हैं। लिफ्ट गिरने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि इसका कारण क्षमता से अधिक लोगों का सवार होना है। बिल्डिंग प्रबंधन की लापरवाही की बात भी कही जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची। लिफ्ट गिरने के कारणों की जांच की जा रही है।

### भोपाल में आज से मिल सकती है राहत

# सीधी के बाद सबसे अधिक भोपाल तपा, 11 साल में दूसरी बार 43.7 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश में अभी मौसम में बदलाव जारी है। भोपाल प्रदेश में सीधी के बाद सबसे गर्म शहर रहा। पारा दशमलव एक डिग्री बढ़कर 11 साल में दूसरी बाद 43.7 डिग्री पर दर्ज हुआ है। सीधी में पारा 47.8 डिग्री रहा। मौसम में बदलाव के बीच बुधवार को प्रदेश में लू से राहत रही। मौसम केंद्र ने गुरुवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पांढुर्णा जिलों में तेज हवाओं के साथ बादल- बौछारों का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में चारों ओर सिस्टम की सक्रियता से अगले 3 से चार दिन मौसम में बदलाव रहेगा। इससे कुछ जिलों में पारा गिरेगा, जबकि कुछ जिलों में हीटवेव का असर रहेगा।



कस्तूरबा अस्पताल के पास से दोपहर दो बजे भीषण गर्मी में गुजरती तीन युवतियां।

## गर्म हवाओं से तपा भोपाल

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार भोपाल में पारा बढ़ने के साथ प्रदेश में दूसरा सबसे अधिक गर्म शहर दर्ज होने का प्रमुख कारण प्रदेश के चारों ओर चक्रवात से गर्म हवाओं का थमे रहना रहा। राजस्थान में बने सकुर्लेशन के साथ ट्रफ ने पारा गिरने नहीं दिया। वहीं बुधवार को विदिशा, रायसेन, रतलाम, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां, सतना, दमोह, सागर जिलों में लू का अलर्ट है।

## अभी सिस्टम यहां सक्रिय

एक इन्ड्यूस्ड सिस्टम पंजाब और आसपास है। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन उत्तर प्रदेश में सक्रिय है। एक ट्रफ पंजाब से राजस्थान तक बनी है। एक प्रति चक्रवात महाराष्ट्र और तेलंगाना तक है। अब नया पश्चिमी विक्षोभ 2 मई को सक्रिय होगा। इससे अभी प्रदेश में मौसम में बदलाव है, जो अगले 3 से 4 दिन रहेगा।

### चार पहिया वाहन में भरकर लाए थे

# कलियासोत नदी में एक्सपायर नमकीन फेंकते पकड़ाए, दस हजार का जुर्माना

अमरनाथ कॉलोनी के पास अमले ने मुस्तैदी से दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार की अमरनाथ कॉलोनी के पास कलियासोत नदी के पुल से एक्सपायर नमकीन के बोरे फैंकते वाहन चालक को रंगे हाथों निगम के स्वास्थ्य अमले ने पकड़ लिया। कलियासोत नदी पर बने पुल से नीचे एक्सपायर नमकीन के करीब 7-8 बोरे नदी में फेंकने के लिए रखे थे। वाहन क्रमांक एमपी04 जीए-7717 से नमकीन बोरों में भरकर लाया गया था। इसी दौरान जोन-18 की स्वास्थ विभाग टीम को इसकी सूचना मिली, जिसके आधार पर अमला पहुंचा और रंगे हाथों पकड़ा। इस पर टीम ने 10 हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया।

### धीमे काम से धूल से लोग परेशान, रेस्टोरेशन के काम में देरी

# निगम ने सीवेज लाइन का काम कर रहीं चार निर्माण एजेंसियों पर ठोका 10 लाख का दंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ देरी की तो और बढ़ेगा जुर्माना

राजधानी में कई जगह चल रहे सीवेज नेटवर्क की निर्माणकर्ता चार एजेंसियों पर नगर निगम ने 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके लिए निगम प्रशासन ने उन्हें नोटिस जारी करते हुए कहा है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा करें अन्यथा जुर्माने की राशि बढाई जाएगी। दरअसल अमृत 2.0 के तहत शहर के कई क्षेत्रों में सीवेज लाइन डालने का काम किया जा रहा है, लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा इसमें लापरवाही बरतीं जा रही है, जो लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है।

शहर के व्यापारिक केंद्र एमपी नगर जोन-2 में सीवेज लाइनें और चैंबर बनाने के लिए खोदी गई हैं, लेकिन उनके रेस्टोरेशन के काम में लापरवाही हो रही है। लाइनें बिछने के बाद भी यहां की सीसी सडकों पर रेस्टोरेशन नहीं हुआ है। इससे दिनभर धूल लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। वहीं, वाहनों के असंतुलित होकर गिरने की घटनाएं भी हो रही हैं। यही हालात शहर के अन्य क्षेत्रों में है। जिसकी शिकायतें निगम को मिल रही थीं। इसे लेकर निगम प्रशासन ने निर्माणकर्ता एजेंसियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

## एमपी नगर में ट्रैफिक डायवर्ट किए बिना खुदाई

निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की भी अनदेखी की जा रही है। एमपी नगर में बिना यातायात को डायवर्ट किए रोड को खोदा जा रहा है। इससे जाम लग रहा है और दुर्घटना की आशंका बढ़ रही है। यहां न बेरिकेडस लगाए हैं न कोई सुरक्षा के लिए कर्मचारियों को लगाया गया है। नगर निगम प्रशासन ने निर्माणकर्ता एजेंसी से कहा है कि सभी काम निधारित समय-सीमा और उच्च मानकों के साथ पूरे किए जाएं। सड़कों का रेस्टोरेशन नहीं करने और सुरक्षा मानकों की अनदेखी हुई तो जुर्माने की राशि बढ़ाई जाएगी।

# जेपी अस्पतालः कर्मचारी न ड्रेस कोड में आए और न ही सुधरी साफ-सफाई की व्यवस्था

### कलेक्टर-सीएमएचओ के निरीक्षण के बाद भी बदहाली कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को जेपी अस्पताल में न तो कोई कर्मचारी ड्रेस कोड में नजर आया और न ही साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त हुई। अस्पताल का शौचालय पान-गुटके के पीक, गंदगी और पानी भरा था। इतना ही नहीं, मरीजों के बेड की चादरें भी गंदी थी। रोजाना की तरह मरीज इलाज के लिए ओपीडी में मशकक्त करते दिखे। कलेक्टर-सीएमएचओ के निरीक्षण के बाद भी जेपी अस्पताल में व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। कुछ दिन पहले सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा और मंगलवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जेपी अस्पताल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि कर्मचारी ड्रेस कोड में ड्यूटी पर आएं, वेटिंग रूप में कूलर लगाए जाएं, लेकिन बुधवार को कलेक्टर के निर्देशों में से एक का भी पालन नहीं हुआ। कलेक्टर ने अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण के दौरान वॉश बेसिन में गुटखा-पान की पीक एवं शौचालयों की खराब स्थिति पर नाराजगी भी जताई थी, लेकिन कलेक्टर के निर्देशों का कोई असर नहीं पड़ा।



यूरिन पॉट में थूकने के निशान।



सोता मिला हेल्प डेस्क कर्मचारी।

## हवा में उड़ाए कलेक्टर-सीएमएचओ के निर्देश




गंदे शौचालय को कपड़े से ढंक दिया गया।



ओपीडी में घूमता मिला कुत्ता।

- **नौसीखिए कर रहे दवा वितरणः** कफ सिरप कांड जैसी घटनाओं के बाद भी जेपी अस्पताल में ट्रेनी और इंटर्न जैसे नौसीखिए खुलेआम दवाइयां बांट रहे हैं, जबकि यह काम केवल प्रमाणित फार्मासिस्ट का है।
- **दवाइयों में फंगसः** जनवरी 2026 में मरीजों को फफूंद लगी दवाएं देने का मामला सामने आया था, जिस पर जांच के आदेश दिए गए थे, लेकिन व्यवस्था अभी भी लचर है।
- **गर्मी में कूलर नदारदः** अप्रैल के अंत में भीषण गर्मी के बावजूद, मरीजों के बैठने के स्थान (वेटिंग एरिया) में कूलर जैसी मूलभूत सुविधाएं नदारद हैं, जिस पर सीएमएचओ डॉ मनीषा शर्मा ने नाराजगी जताई थी। फिर भी अब तक नहीं लगा कूलर।
- **निर्माण में लापरवाहीः** नई बिल्डिंग के निर्माण में बड़ी इंजीनियरिंग चूक सामने आई है, जिसमें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और इंफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट बनाना ही भूल गए, जिससे नई बिल्डिंग का काम अधूरा है।

## ये भी मिली अव्यवस्थाएं

- **एक्स-रे मशीनें खराब:** तीन में से केवल एक ही एक्स-रे मशीन चालू है, जिससे मरीजों को 2-3 घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है।
- **साफ-सफाई और पानी:** अस्पताल में पानी की टंकियों की सफाई और जलभराव जैसी समस्याएं बरकरार हैं।
- **टोकन सिस्टम फेल:** दो साल पहले शुरू किया गया टोकन सिस्टम अभी भी व्यवस्थित नहीं हो पाया है।
- **अन्य समस्या:** बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट और ड्रेस कोड के पालन में भी लापरवाही।

### सर्वर ठपः स्लॉट बुक कराने किसान दिन भर होते रहे परेशान

# दूसरे दिन भी बुक नहीं हुए स्लॉट, अब 23 तक कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पांच एकड़ से बड़े किसानों की स्लॉट बुकिंग शुरू होने के बाद सर्वर धड़ाम हो गया है। पहले दिन इक्का-दुक्का किसानों की स्लॉट बुकिंग होने के दूसरे दिन सर्वर पूरी तरह से ठप हो गया। जिससे दिन भर किसान स्लॉट बुकिंग की कोशिश करते रहे। किसानों का आरोप है कि सरकार किसानों का गेहूं खरीदना ही नहीं चाहती, इसलिए स्लॉट बुकिंग नहीं हो रही है। इधर जिला प्रशासन के अफसरों का तर्क है कि तकनीकी दिक्कत को लेकर सुधार का काम चल रहा है। किसान रात के समय भी स्लॉट बुक कर सकते हैं। किसान अब 23 मई तक स्लॉट बुक कर सकेंगे, हालांकि गेहूं खरीदी 25 मई तक की जाएगी।

## 13 हजार से अधिक बड़े किसानों के अब तक बुक नहीं हो पाए स्लॉट



राजधानी के 37 हजार 407 किसानों में से अब तक 24 हजार 247 किसानों ने स्लॉट बुक कर दिए हैं। जबकि 13 हजार से अधिक बड़े किसानों के स्लॉट बुक नहीं हो पाए हैं। इधर, मंडी में सरकारी रेट के कम होने की वजह से बड़े किसान मंडियों में भी गेहूं नहीं बेच पा रहे हैं। मुगालिया छाप में 14 एकड़ जमीन के किसान बद्रीप्रसाद का कहना है कि दो दिन से स्लॉट बुक करने की कोशिश में लगा हूं, लेकिन सर्वर नहीं चल रहा है। इधर, अपर कलेक्टर सुमित पांडे का कहना है कि स्लॉट बुकिंग में आ रही दिक्कत को लेकर एनआईसी के अफसरों को जानकारी दी गई है। जल्द ही बुकिंग शुरु हो जाएगी।

### 16 क्विंटल का एवरेज बना दिक्कत

सरकार ने किसानों से खरीदने वाले गेहूं को लेकर एवरेज फिक्स कर दिया है। जिसके तहत प्रत्येक एकड़ के हिसाब से 16 क्विंटल गेहूं खरीदा जा रहा है। इधर कई किसानों की एवरेज फसल 18 से 20 क्विंटल तक हुई है। ऐसे में खरीदी केंद्रों पर अतिरिक्त गेहूं खरीदने से भी इंकार किया जा रहा है। जिससे मंडी में कम दाम पर गेहूं बेचना पड़ेगा।

## पूरी रात जागकर स्लॉट बुकिंग

बुधवार को भी राशनमित्र पोर्टल पर जब स्लॉट बुक नहीं हुए तो कई किसान कलेक्टोरेट पहुंच गए। खाद्य विभाग के अफसरों से मिले तो उन्होंने कहा कि दिन में स्लॉट बुक नहीं होने पर रात में प्रयास किया जाए। जिस पर किसानों ने बताया कि पूरी रात मोबाइल हाथ में रखकर स्लॉट बुकिंग का प्रयास किया, लेकिन पोर्टल ही नहीं चल रहा है।

## खबर संक्षेप



### वार्ड 8 हिरानिया में किया स्व जनगणना का कार्य

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 8 हिरानिया में स्व जनगणना का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य को प्राथमिकता से किए जाने के निर्देश के पालन में कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा घर-घर जा कर गणना का कार्य किया जा रहा है। बुधवा को वार्ड 8 में मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण राहंगडाले ने निरीक्षण कर स्व जनणना का कार्य का मुआयना किया। इस मौके पर राजकुमार शर्मा एवं अन्य कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिक्षिका प्रेमलता का विदाई समारोह आज

**औबेदुल्लागंज।** नगर की वरिष्ठ शिक्षिका प्रेमलता दुबे के सेवानिवृत्ति होने पर सम्मान समारोह एवं विदाई



समारोह गुरुवार को को कुर्मडी परिसर में आयोजित होगा। दुबे ने शिक्षा विभाग में वर्ष 1998 से 2026 तक लगभग 28 वर्षों तक सेवाएं दी हैं। उन्होंने अपने अनुकरणीय नेतृत्व, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान से विद्यालय और क्षेत्र को नई दिशा दी। विद्यालय के जितेंद्र दुबे ने बताया कि दुबे ने अपने कार्यकाल में कर्तव्यनिष्ठा, सेवाभाव और उत्कृष्ट शिक्षण से विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता पचौरी का नगरागमन आज

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी का गुरुवार को



नगरागमन होगा। वे सुबह 8 बजे भोपाल से औबेदुल्लागंज के लिए प्रस्थान करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पचौरी सुबह 9 बजे औबेदुल्लागंज पहुंचेंगे। 9 से 10 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे 11 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे और 11:45 बजे भोपाल पहुंचेंगे। पचौरी पूर्व में केंद्र सरकार में रक्षा उत्पादन विभाग में राज्य मंत्री रह चुके हैं। उनके नगर आगमन को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां एवं आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

### महेंद्र अपेक्स बैंक प्रबंधक अध्यक्ष नियुक्त, बधाई दी




**औबेदुल्लागंज।** भाजपा ने अपेक्स बैंक के प्रबंधक अध्यक्ष नियुक्त किया। महेंद्र सिंह यादव ने बुधवार को शपथ ग्रहण किया। इस अवसर भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र पटवा, कन्हैयालाल नंदवंशी, अशोक यादव, जीतू नंदवंशी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

### आचार्य विशुद्ध सागर जी का प्रथम पट्टा चार महोत्सव आज

**औबेदुल्लागंज।** आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी का प्रथम पट्टा चार महोत्सव गुरुवार को मनाया जाएगा। जैन समाज के अध्यक्ष सुनील जैन तामोट ने बताया कि गुरुवार को सुबह 8-30 बजे से आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी का प्रथम पट्टा चार महोत्सव उनके योग्य शिष्य मुनि श्री विश्व सूर्य सागर एवं मुनि श्री साध्य सागर महाराज जी के मंगल सान्निध्य में मनाया जाएगा।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 8305 | | |
| दिनः | 890 | 75 | 348 |
| रातः | 460 | 09 | 450 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 568 | 94 | 167 |
| रातः | 158 | 49 | 180 |

मारपीट में घायल युवक अस्पताल में भर्ती हनुमानगंज पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

# वर्चस्व की लड़ाई को लेकर मानवता शर्मसार... युवक को नग्न कर पीटा, मुंह पर पेशाब किया, वीडियो बनाकर किए वायरल

## वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी, फरियादी को नहीं पता किस क्षेत्र में हुई उसके साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में वर्चस्व की लड़ाई में मानवता को शर्मशार करने की घटना सामने आई है। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे है। वायरल वीडियो में बदमाश युवक को नग्न कर उसके साथ मारपीट कर रहे हैं और एक बदमाश ने सारी हदें पार करते हुए उसके मुंह पर पेशाब कर दी। मारपीट में घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अस्पताल की सूचना पर पहुंची कमला नगर पुलिस को पता चला कि उनके क्षेत्र में विवाद नहीं हुआ है। विवाद नादरा बस स्टैंड पर हुआ है। लिहाजा हनुमानगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि थाना प्रभारी हनुमानगंज ने कहा कि वीडियो में जो जगह नजर आ रही है वह नादरा बस स्टैंड नहीं है। साथ ही फरियादी को खुद पता नहीं है कि उसके साथ कौन से क्षेत्र में मारपीट और यह गंभीर घटना हुई है। पुलिस प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।




युवक के साथ मारपीट करते आरोपी।

### अनिकेत और रोहित में है पुराना विवाद

पुलिस के अनुसार कमला नगर इलाके में रहने वाला 22 साल का युवक मजदूरी करता है। उसके खिलाफ पूर्व में दो अपराध दर्ज है। उसकी दोस्ती अनिकेत नामक युवक से है। अनिकेत और रोहित पवार का पुराना विवाद है। युवक गत 26-27 अप्रैल की दरमियानी रात नादरा बस स्टैंड पर था। इसी बीच कार से रोहित पवार, भीम थापा, गुट्टू पिस्टल एक अन्य नाबालिग के साथ नादरा बस स्टैंड पहुंचे। वहां उन्हें युवक नजर आ गया। आरोपियों ने युवक से अनिकेत के बारे में पूछताछ की। उसने कहा कि उसे नहीं पता कि अनिकेत कहां है। इस पर आरोपियों ने उसे कार में जबरन बिठा लिया और अपने साथ ले गए। किसी खाली मैदान पर ले जाकर आरोपियों ने युवक को नग्न कर दिया और चप्पल, लात घूंसे से उसके साथ मारपीट की। इस दौरान किसी ने उस पर यूरिन भी की थी। पुलिस ने उक्त मामले में हत्या के प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया।

### वर्चस्व को लेकर बताया जा रहा विवाद

यह भी बताया जा रहा है कि रोहित पवार का भाई लाला पवार अभी जेल में बंद है। वह आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसका भाई रोहित पवार भी आपराधिक प्रवृत्ति का है। रोहित का अनिकेत से विवाद है। अनिकेत के साथ युवक रहता है। युवक पर भी दो प्रकरण दर्ज है। आरोपियों ने वीडियो में युवक से यह भी कहलवाया है कि लाला पवार हमारा बाप है। पुलिस इसे इलाके में गुंडागर्दी करने वालों के बीच वर्चस्व की लड़ाई बता रही है।

### दो दिन बाद वीडियो वायरल

एफआईआर दर्ज करते समय युवक ने यह नहीं बताया था कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते समय चेहरे पर पेशाब की थी। दो दिन बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। वायरल वीडियो के आधार पर धाराएं बढ़ाई गई है। जिस युवक के साथ मारपीट हुई है वह एसटी का है। लिहाजा एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में भी धाराएं बढ़ाई जा रही है।

ऐशबाग के मांस विक्रेता को बेचा, दो गिरफ्तार

## होंडा सिटी कार से पहुंचे आरोपियों ने प्रतिबंधित मवेशी को काटकर बोरी में ले जाकर बेचा था मांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखीसेवनिया पुलिस ने प्रतिबंधित मवेशी की चुराकर काटने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उक्त मामले में दो अन्य साथी फरार है, जिन्होंने प्रतिबंधित मवेशी को काटा था और कार में रखकर ऐशबाग के मटन कारोबारी को बेचा था। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों से वारदात में जब्त होंडा सिटी कार भी जब्त की है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए देहात एसपी ने दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

- कटिंग करने वाले सहित माल खरीदने वाले चार आरोपियों की तलाश

एसडीओपी अंतिमा समाधिया ने बताया कि कालूराम मीणा, मुगलिया कोट में रहते हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि उन्होंने अपने दो मवेशी घर से कुछ दूरी पर बांधे थे। सुबह वह बांधे गए स्थान पर पहुंचे तो मवेशी नहीं मिले। कुछ दूरी पर खून और मवेशियों के अवशेष मिले। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर गोवंश वध अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। घटना के बाद से ग्रामीणों में भय और गुस्सा था। लिहाजा पुलिस ने



आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीम गठित की। टीम ने मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। साथ ही मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। इस दौरान एक संदिग्ध होंडा सिटी कार के बारे में जानकारी मिली। पुलिस ने उक्त कार के मालिक के बारे में जानकारी जुटाई और माज उर्फ भूरा कुरैशी तक पहुंची। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने अपने साथी अमन कुरैशी और अरशन सहित अरसलान के साथ मिलकर वारदात करनी स्वीकार ली। आरोपी माज ने बताया कि वह अपनी होंडा सिटी कार से अमन कुरैशी और अरशन सहित अरसलान के साथ मुगालिया कोट गया था। वहीं उन्होंने बंधे हुए मवेशी नजर आए। जिसे रस्सी खोलकर सुनसान में ले गए। वहां अरशन सहित अरसलान से कटवाकर बोरियों में भर लिया। मांस भरने के बाद ऐशबाग में शाहरुख और जीबरान को बेच दिया।

13 दिन से लापता थे कारोबारी, परिजन ने ईंटखेड़ी थाने में दर्ज कराई थी गुमशुदगी

# ताऊ के खेत पर बने कुए में मिली कारोबारी की लाश, हत्या की आशंका, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव धमर्रा में कारोबारी की लाश ताऊ के खेत पर बने कुए में मिलने से सनसनी फैल गई। वह 17 अप्रैल की सुबह घर से गुटखा लेने का कहकर निकले थे। इसके बाद से ही घर नहीं लौटे। उनकी दो दिन



देवेंद्र मेहरा, मृतक

बाद 19 अप्रैल को गुमशुदगी दर्ज कराई गई। मोबाइल की टॉवर लोकेशन के आधार पर परिजन धमर्रा ताऊ के खेत पहुंचे, वहां 13 दिन बाद कारोबारी की लाश कुए में डिकंपोज हालत में मिली। कुए के बाहर मृतक के कपड़े, चप्पल भी मिली हैं। परिजन का आरोप है कि ताऊ के बेटे और एक महिला समेत तीन लोगों ने मिलकर उनके बेटे की हत्या की है। हत्या करने के बाद आरोपियों ने लाश कुए में ठिकाने लगा दी।

पुलिस का कहना है कि लाश डिकंपोज होने के कारण शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार लांबाखेड़ा, ईंटखेड़ी निवासी देवेन्द्र मेहरा पिता देवेश मेहरा (40) ललवानी प्रेस रोड कोतवाली में बेल्ट और लेडीज पर्स की दुकान का संचालन करते थे। गत 17 अप्रैल की सुबह वह घर से गुटखा लाने का कहकर निकले थे। इसके बाद घर नहीं लौटे। उन्हें कॉल किया गया, पर उनका मोबाइल भी बंद हो गया था। दो दिन तलाश करने के बाद परिजन 19 अप्रैल को ईंटखेड़ी थाने पहुंचे और उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई। ईंटखेड़ी पुलिस ने साइबर सेल से लापता कारोबारी के मोबाइल की सीडीआर निकलवाई। सीडीआर के आधार पर मंगलवार सुबह परिजन पुश्तैनी गांव धमर्रा रोड पहुंचे। वहां एक महिला ने बताया कि कुए के पास से तेज बदबू आ रही है। परिजन कुए के नजदीक पहुंचे तो चप्पल और कपड़े नजर आए, वहीं कुए के अंदर लाश पड़ी थी। थाना प्रभारी रिंकू जाटव ने बताया कि लाश करीब 10-12 दिन पुरानी होने के कारण डिकंपोज हो चुकी है। शरीर के गुदना, चप्पल व कपड़ों से मृतक की पहचान की जा सकी है।

**खास बातें**

- परिजन ने ताऊ के बेटे, एक महिला सहित तीन पर लगाए आरोप
- सीडीआर में आखिरी बार हुई थी ताऊ के बेटे से बात



कुए से कारोबारी का शव निकालते हुए।

### आखिरी बार तीन नंबर पर हुई बात

साइबर पुलिस द्वारा निकाली गई सीडीआर के अनुसार देवेन्द्र ने ईंटखेड़ी क्षेत्र में तीन अलग-अलग मोबाइल नंबरों पर बात की थी। उनमें से दो मोबाइल नंबर ताऊ के बेटे मनोज मेहरा के हैं, जबकि एक नंबर मीरा बाई नामक महिला का है। परिजन ने ताऊ के बेटे और महिला समेत तीन लोगों पर आरोप लगाए हैं। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### चलती ट्रेन से गिरे युवक की मौत

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित मोती नगर रेलवे ट्रैक पर चलती ट्रेन से गिरे युवक की मौत हो गई। उसके पास मिली पर्ची से उसकी पहचान की गई। मृतक गाडरवाड़ा का रहने वाला था और काम की तलाश में भोपाल आया था। पुलिस ने परिजन से संपर्क कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह सूचना मिली थी कि मोती नगर ऐशबाग में रेलवे ट्रैक पर किसी युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। मृतक की तलाशी लेने पर पुलिस को एक पर्ची मिली थी। पर्ची में मिले नंबर के आधार पर पुलिस ने संपर्क किया। इस दौरान परिजन से पुलिस का संपर्क हो गया। परिजन ने बताया कि सोमवार रात ही वह गाडरवाड़ा से भोपाल काम करने जाने का कहकर निकला था। अनुमान है कि चलती ट्रेन से गिरने के कारण उसकी मौत हुई है। मृतक की पहचान नंद किशोर अहिरवार (21) निवासी गाडरवारा के रूप में की गई।

महावीर प्रीमियर लीग नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता

## बाघराज टाइगर्स और श्री हरि के बीच खेला पहला मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर की जानी मानी खेल प्रतियोगिता महावीर प्रीमियर लीग (एमपीएल) के पांचवें दिन का पहला मुकाबला बाघराज टाइगर्स और श्री हरि के बीच खेला गया यह मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा, जिसमें श्री हरि ने जीत हासिल की।

- श्री हरि ने जीता मैच, रोजाना होते हैं पांच मुकाबले

प्रतियोगिता में रोज 5 मुकाबले खेले जाते हैं, जहां क्रिकेट का रोमांच खिलाड़ियों के सर चड कर बोल रहा है। वहीं दर्शकों की संख्या भी बहुत ज़्यादा है। लगातार कई वर्षों से यह स्पर्धा नगर के खिलाड़ियों को आगे बड़ने के लिए एक मंच प्रदान करती है। समिति के सदस्यों का कहना है की यह प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे महावीर नगर के परिवार का एक त्योहार है, जिसे हम हर वर्ष उत्साह और एक जुटता के साथ मनाते हैं। आज के मुकाबले में समिति के सदस्य दीपू परमार, मुकेश खन्ना, अतुल सेन, हिमांशु चौरे, सुमित पचौरी, रोहित अरोरा, शुभम अरोरा, मयंक मालवीय, निरंजन सिंह, पंकज नगरानी, सुधीर द्विवेदी, दीपक अग्रवाल, सौरभ जैन, सत्येंद्र पाण्डे, अशोक जायसवाल, ध्रुव खन्ना, मोनी नगर, लोकेश परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट ने सिवनी हवाला लूट कांड के तीन आरोपियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई निरस्त करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

बहुचर्चित सिवनी हवाला लूट कांड के एक आरोपी कांस्टेबल को हाईकोर्ट झटका मिला है। जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने कांस्टेबल नीरज राजपूत की अर्जी निरस्त करते हुए कहा कि आरोपी रेड पार्टी की टीम का हिस्सा था और वह आरोपी पूजा पांडे से लगातार संपर्क में था। वहीं, हाईकोर्ट ने तीन अन्य आरोपियों पंजु गुरू स्वामी, पंकज मिश्रा और प्रमोद सोनी को राहत देते हुए उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई निरस्त कर दी। पंजु स्वामी, प्रमोद व पंकज की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त एवं ईशान दत्त ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि उनके मुवक्किलों के खिलाफ दुर्भावना के चलते और प्रतिशोध लेने के उद्देश्य से की गई है। कोर्ट ने कहा कि इनके विरुद्ध लगाए गए आरोप किसी ठोस साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं हैं और केवल अनुमानों और विस्तृत अभिलेखों से निकाले गए निष्कर्षों पर आधारित हैं।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सचिन यादव का किया स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** किसान जनआक्रोश यात्रा को लेकर बुधनी जाते समय बुधवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सचिन यादव का नगर में फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरवार, कांग्रेस सेवादल महासचिव पंकज शर्मा, कांग्रेस सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष जमुना राजपूत, कांग्रेस सेवादल जिला सह सचिव मनोज खटीक आदि लोग उपस्थित रहे।



## डॉ. मीना की सेवानिवृत्ति आज, भोजपुर में 2 मई को होगा विदाई समारोह

**औबेदुल्लागंज।** आचार्य विद्यासागर महाराज की परम भक्त वरिष्ठ अध्यापिका डॉ. मीना जैन के सेवानिवृत्ति पर 2 मई को समारोह का आयोजन किया



जाएगा। कार्यक्रम श्री दिगंबर जैन मंदिर, भोजपुर में आयोजित होगा। डॉ. मीना जैन ने मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग में 22 वर्ष 2 माह 25 दिन तक उत्कृष्ट सेवाएं दी हैं। अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने हिंदी विषय के शिक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 30 को वे औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त हो रही हैं। समारोह के तहत प्रातः 9 बजे भकतांबर विधान का आयोजन किया जाएगा, जो ब्रह्मचारी अंकित भैया, भिलाई के सानिध्य में संपन्न होगा। इसके बाद प्रातः 11:00 बजे से प्रीति भोज का आयोजन रखा गया है। आयोजकों ने सभी परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों से कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमामय बनाएं

### किसान ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित गांव लसुड़िया में किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रवि मेवाड़ा पिता बाबूलाल मेवाड़ा (36) गांव लसूडिया, खजूरी सड़क में रहता था और किसान था।

सोमवार रात परिजन के साथ खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में जाकर सो गया। मंगलवार सुबह करीब छह बजे सब्जी लोड करने वाला उसके घर पहुंचा। उसने रवि मेवाड़ा के कमरे के सामने पहुंचकर आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पिता बाबूलाल मेवाड़ा आंगन में खड़े थे। उन्होंने कमरे की खिड़की पर लगा परदा हटाकर देखा तो अंदर रवि की लाश फांसी के फंदे पर लटकी दिखी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

पुलिस पता लगाने में जुटी आरोपी गांजा कहां से लाए थे

# क्राइम ब्रांच ने किया मादक पदार्थ की तस्करी करते महिला समेत 3 को गिरफ्तार, ढाई किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच पुलिस ने भीम नगर स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास से एक महिला और दो युवकों को गिरफ्तार कर दो किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि भीम नगर फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास रोड किनारे एक महिला और दो युवकों खड़े हैं। उनके पास मादक पदार्थ गांजा रखा है और वे ग्राहक के इंतजार में खड़े हैं।



सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम रेखा सिंह (45) निवासी वल्लभ नगर वार्ड क्रमांक एक अरेरा हिल्स, दिनेश कीर (23) निवासी संगाखेड़ा कला जिला नर्मदापुरम और विनोद बंगाली (28) निवासी खेल छात्रावास के पास भीम नगर का होना बताया। आरोपिया रेखा सिंह व दिनेश कीर के पास मिली सफेद कट्टी से दो किलो 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला सब्जी बेचने की आड़ में गांजे की तस्करी करती है। आरोपी विनोद बंगाली के खिलाफ जहांगीराबाद व अरेरा हिल्स थाने में करीब आधा दर्जन अपराध पंजीबद्ध हैं। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी अवैध गांजा कहां से लाए थे और किसे सप्लाई करने की फिराक में थे।

### नशे के अवैध कारोबार पर पुलिस का 'जीरो टॉलरेंस', 7 दिनों में डेढ़ करोड़ रुपए की अवैध शराब की जब्त

*मध्य प्रदेश में अवैध शराब और नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। डीजीपी के निर्देश पर चलाए जा रहे 'जीरो टॉलरेंस' अभियान के तहत पूरे प्रदेश में लगातार कार्रवाई की जा रही है। सिर्फ सात दिनों में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए करोड़ों रुपए की अवैध शराब जब्त की है और कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रदेशभर में चल रहे इस अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग जिलों में छापेमारी कर करीब 1 करोड़ 66 लाख रुपए की अवैध शराब और अन्य सामग्री जब्त की है।पुलिस ने उज्जैन में 44 पेटी शराब, शिवपुरी में 25 पेटी शराब, इंदौर में 101 लीटर अंग्रेजी शराब, दतिया में 30 पेटी देसी शराब जब्त की है।*

साधु वासवानी स्कूल में आयोजित किया जाएगा शिविर

## ग्रीष्मकालीन समर कैंप कल से विद्यार्थियों को सिखाए जाएंगे हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन शुक्रवार 1 मई से किया जाएगा। विद्यालय के महासचिव कन्हैयालाल रामनानी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थी स्कूल न आकर घर पर टीवी व मोबाइल एवं सोने में समय व्यतीत करते हैं।

वहीं बाल अभिव्यक्ति शिविर में अनुभवी प्रशिक्षिकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें प्रातः 7 बजे से योगा क्लास एवं खेलकूद साधु वासवानी स्कूल के ग्राउंड में लड़के एवं लड़कियों के लिए खेलों की उचित व्यवस्था करवाई है। इससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी होगा। खेलों के बाद पुस्तकालय की भी व्यवस्था की गई है ताकि खेलों के बाद विद्यार्थी पुस्तकालय में विश्राम के साथ ज्ञानवर्धक पुस्तकों को पढ़कर अपना ज्ञान बढ़ाएं। साधु वासवानी स्कूल के ग्राउंड में खो-खो, वालीबॉल, कबड्डी, फुटबॉल, बैडमिंटन आदि खेल कोच द्वारा सिखाएं जाएंगे। बाल अभिव्यक्ति शिविर में विभिन्न गतिविधियां जिसमें सेल्फ ब्यूटीशियन कोर्स, संगीत, नृत्यकला, कम्प्यूटर, कैलीग्राफी, हस्तलेखन सुधार, चित्रकला, मेहंदी, अंग्रेजी स्पोकन, कुकिंग (लड़के एवं लड़कियों) के लिए अलग-अलग व्यवस्था, बेस्ट आउट आफ वेस्ट, खेलकूद एवं योगा आदि गतिविधियां सिखाई जाएगी।

स्लॉट बुकिंग एवं गेहूं उपार्जन की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई की गई, किसानों के लिए बड़ी राहत

# किसी भी समय, कहीं भी उतर सकता है सीएम डॉ. यादव का हेलीकॉप्टर... करेंगे उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मप्र में उपार्जन केंद्र पर चल रही गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया का आने वाले दिनों में आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। वे किसानों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगे।


करोंद मंडी में बेचने के लिए लाया गया गेहूं।

मुख्यमंत्री यह भी देखेंगे कि शासन-प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाएं किसानों को प्राप्त हो रही है या नहीं। आकस्मिक निरीक्षण के लिए मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर किसी भी समय, कहीं पर भी उतर सकता है। मुख्यमंत्री ने किसानों की सहूलियत के दृष्टिगत गेहूं उपार्जन एवं स्लॉट बुकिंग की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी है। केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान, जन सुविधाएं आदि की व्यवस्थाएं की गई हैं।

### तौल कांटों की संख्या छह की

किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो एवं उपज विक्रय के लिए इंतजार न करना पड़े। इसके लिए किसानों को जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किसानों को गेहूं की तौल के लिए इंतजार नहीं करना पड़े] इसके लिए उपार्जन केन्द्रों में तौल कांटों की संख्या बढ़ाकर 6 कर दी गई है। अधिक तौल कांटे बढ़ाने की सुविधा अब जिलो को दी गई है।

### एफएक्यू मापदंड में शिथिलता प्रदान की गई

गेहूं के लिए एफएक्यू मापदंड में शिथिलता प्रदान की गई है। चमक विहीन गेहूं की सीमा 50 प्रतिशत तक की गई है। सूकड़े दाने की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक की गई है। क्षतिग्रत दानों की सीमा बढ़ाकर 6 प्रतिशत तक की गई है। किसानों के उपज की तौल समय पर हो सके इसके लिए बारदाने, तौल कांटे, हम्माल तुलावटी, सिलाई मशीन, कम्यूंटर, नेट कनेक्शन, कूपन, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण, उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि व्यवस्थाएं उपार्जन केन्द्र पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल किया**

उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके, इसके लिए उपार्जन केन्द्रों पर प्रतिदिन, प्रति उपार्जन केन्द्र पर गेहूं विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल किया गया है, इसे जिले और अधिक बढ़ा कर प्रति केन्द्र 3000 क्विंटल कर सकते हैं।

### शनिवार को भी स्लॉट बुकिंग

किसानों की सुविधा के लिए खरीदी के लिए प्रत्येक शनिवार को भी स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन का कार्य जारी रहेगा। किसानों के हित में सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनसंपर्क विभाग की ओर से तैयार किए गए पोस्टर एवं बैनर उपार्जन केन्द्रों में लगाए गए हैं। अब तक 5 लाख से अधिक किसानों से हुई 22.70 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जाएगी। अभी तक प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 9.83 लाख किसानों की ओर से 60.84 लाख मीट्रिक टन गेहूं के विक्रय के लिए स्लॉट बुक किए जा चुके हैं।

**22 लाख 70 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जनः** प्रदेश में अभी तक 5 लाख 8 हजार 657 किसानों से 22 लाख 70 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। इसके लिए किसानों को 3575.11 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर 77 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया था।

### पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री समेत तीन अधिकारी निलंबित

**भोपाल।** इंदौर में ठेकेदार से रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तीन अधिकारियों पर आखिरकार विभाग ने कार्रवाई कर दी है। करीब एक सप्ताह बाद जारी आदेश में प्रभारी कार्यपालन यंत्री जयदेव गौतम, उपयंत्री अंशु दुबे और टीके जैन को निलंबित कर दिया गया है। तीनों को फिलहाल ग्वालियर कार्यालय में अटैच किया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई वरिष्ठ स्तर से मिले निर्देशों के बाद की गई है और जल्द ही इंदौर संभाग-1 में रिक्त पदों पर नई नियुक्तियां की जाएंगी। दरअसल, 21 अप्रैल को लोकायुक्त पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तीनों अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। सोहागपुर (पीथमपुर) निवासी ठेकेदार राजपाल सिंह पंवार ने शिकायत की थी कि सड़क निर्माण कार्य पूरा करने के बाद भी उसके करीब 30 लाख रुपए के बिल का भुगतान रोका गया था और इसके एवज में रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत के आधार पर लोकायुक्त टीम ने योजना बनाकर ट्रैप कार्रवाई की। ठेकेदार रकम देने पहुंचा। जैसे ही पैसे दिए गए, टीम ने कार्रवाई की। एसडीओ और एक उपयंत्री को कार्यालय से, जबकि कार्यपालन यंत्री जयदेव गौतम को निवास से गिरफ्तार किया गया।

■ इंदौर में रिश्वत कांड

बिजली उत्पादन में ग्रीन एनर्जी का बढ़ता प्रभाव, जन भागीदारी से निर्मित प्रथम संयंत्र का श्रेय मप्र को: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

# जलूद सोलर प्लांट राष्ट्रीय उपलब्धिः खरगोन जिले में 271 करोड़ रुपए की लागत से बने 60 मेगावाट के सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जलूद सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण मप्र के साथ देशभर के लिए महत्वपूर्ण है। यहां सूर्य के प्रकाश को बिजली के रूप में बदलकर इंदौर नगर निगम लाभान्वित हो रहा है। लगभग 60 मेगावॉट क्षमता की इस परियोजना में भारत सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग मिला है। ग्रीन बॉन्ड स्कीम के माध्यम से इस परियोजना में देश की जनता को भागीदार (पार्टनर) बनाया है। पीपीपी मोड में कार्य करने वाला यह अपनी तरह का देश का प्रथम संयंत्र है। इस राष्ट्रीय उपलब्धि का श्रेय मप्र को जाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव खरगोन जिले में महेश्वर के निकट जलूद में 271 करोड़ की लागत से बने 60 मेगावाट सोलर पॉवर प्लांट का लोकार्पण कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने संयंत्र का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना में कोई भी व्यक्ति एक-एक लाख के 10 बॉन्ड खरीद सकता है। एक लाख पर लगभग 8 प्रतिशत की बचत होगी, जिसका लाभ 20 साल तक मिलेगा। अगर जरूरत पड़े तो इस बॉन्ड को बेचा भी जा सकता है।


जलूद सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण करते सीएम डॉ. यादव


जलूद सोलर पावर प्लांट

### हमारी बिजली से दिल्ली में मेट्रो ट्रेन चल रही

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने घर बैठे लोगों को पैसे कमाने का अवसर दिया है। मप्र सबसे सस्ती बिजली देने वाला राज्य है। हमारी बिजली से दिल्ली में मेट्रो ट्रेन चल रही है। जलूद सोलर पॉवर प्लांट का भूमि-पूजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2023 में किया था। लोकार्पण अवसर पर प्रदेश में हरित ऊर्जा पर जारी कार्यों पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलूद सोलर पॉवर प्लांट से दोहरा लाभ मिलेगा। इंदौर नगर निगम को बिजली तो मिलेगी ही, साथ में कार्बन उत्सर्जन भी कमी आएगी। ग्रीन एनर्जी का नवाचार सर्वोत्तम है। इस परियोजना की लागत 10 साल में निकल जाएगी, अगले 10 साल सिर्फ लाभ के होंगे।

### महेश्वर-मंडलेश्वर क्षेत्र ज्ञान-विज्ञान का केंद्र रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महेश्वर-मंडलेश्वर क्षेत्र ज्ञान-विज्ञान का केंद्र रहा है। महर्षि मंडन मिश्र के नाम से प्रसिद्ध इसी क्षेत्र में उनका शंकराचार्य से शास्त्रार्थ हुआ था, तब मंडन मिश्र ने अपनी पत्नी को न्यायाधीश की जिम्मेदारी सौंपी थी। यह घटना देश के इतिहास में नारी सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक माता अहिल्या बाई होल्कर ने कठिन दौर में भी देशभर के सनातनी मंदिरों को भव्यता के साथ विकसित किया। प्रदेश में गेहूं का उपार्जन कार्य व्यवस्थित रूप से हो रहा है। हमारी सरकार ने 2 साल में गेहूं का भाव 400 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक बढ़ाकर किसानों को लाभ दिया है।

उद्योगों के विस्तार को मिलेगा सशक्त आधार

### मुख्यमंत्री 2 मई को इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के प्रथम चरण का करेंगे भूमिपूजन

मप्र में औद्योगिक प्रगति को नई गति देने और निवेश के लिए दीर्घकालिक आधार तैयार करने की दिशा में इन्दौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का प्रथम चरण एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में स्थापित हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 2 मई को इस परियोजना के प्रथम चरण का भूमि-पूजन करेंगे। यह कॉरिडोर केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक संरचना को अधिक संगठित, सक्षम और निवेश का आदर्श गंतव्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण, नीति समर्थन और बेहतर कनेक्टिविटी पर लगातार कार्य किया जा रहा है।

**विकास के लिए 2360 करोड़ का प्रावधान किया**

*इंदौर-पीथमपुर इकॉनामिक कॉरिडोर 20.28 किमी लंबाई में फैलाव के साथ इन्दौर एयरपोर्ट के समीप सुपर कॉरिडोर को पीथमपुर निवेश क्षेत्र से सीधे जोड़ेगा। परियोजना का विस्तार 1316 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित है, जिसके समुचित विकास के लिए कुल 2360 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अधोसंरचना की दृष्टि से 75 मीटर चौड़ी मुख्य सड़क के साथ दोनों ओर बफर जोन विकसित किया जाएगा, जो इस कॉरिडोर को आधुनिक, सुरक्षित और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विस्तार योग्य स्वरूप प्रदान करेगा।*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की बैठक में समीक्षा

### फूलों की खेती के लिए उज्जैन में खुलेगा सेंटर फॉर एक्सीलेंस फ्लोरीकल्चर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उद्यानिकी फसलें छोटी जगह से बड़ी कमाई करने का प्रभावी माध्यम है। प्रदेश के अधिकाधिक किसानों को इससे जोड़ा जाए। किसानों को सीज़नल और उद्यानिकी फसलों के उत्पादन के लिए जैविक (प्राकृतिक) खाद का उपयोग कर जैविक खेती से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उद्यानिकी फसलों के माध्यम से किसानों की वास्तविक आय बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में विभागीय संचालित योजनाओं की प्रगति और हितग्राहियों को लाभ प्रदाय पर गहन चर्चा की गई।

**हर साल नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल खोले जा रहेः सीएम**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में हर साल नए-नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल खोले जा रहे हैं। इनमें देशी, आयुर्वेदिक दवाईयों की आपूर्ति में प्रदेश की औषधीय फसलों एवं उप-उत्पादों का भरपूर उपयोग किया जाए। बैठक में बताया गया कि सिंहस्थ- 2028 के मद्देनजर उज्जैन में फूलों की खेती को प्रोत्साहन एवं विस्तार किया जा रहा है। उज्जैन में सेंटर फॉर एक्सीलेंस फ्लोरीकल्चर की स्थापना की जा रही है। सेंटर स्थापना के लिए उज्जैन शहर के पास एक गांव में 19 एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गई है।*





## महेंद्र सिंह यादव ने संभाला अपेक्स बैंक के प्रशासक का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महेंद्र सिंह यादव ने बुधवार को अपेक्स बैंक के प्रशासक का पदभार ग्रहण किया। शाम पांच महेंद्र सिंह यादव पदभार यात्रा कर अपेक्स बैंक के सुभाष यादव समन्वय भवन में पहुंचे। इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, नारायण सिंह कुशवाहा, रामेश्वर शर्मा, भगवान दास सबनानी, जिलाध्यक्ष रविंद्र यति, पूर्व पार्षद राजेश खटीक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पदभार यात्रा में पहुंचकर महेंद्र सिंह यादव को बधाई देकर शुभकामनांए दी।

### मनोहर पोरवाल रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नियुक्त

**भोपाल।** मनोहर पोरवाल को रतलाम विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बुधवार को नगरीय विकास एवं आवास विभाग से जारी आदेश में गोविंद काकाणी और प्रवीण सोनी को प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आदेश में रतलाम विकास प्राधिकरण के सदस्यों की भी नियुक्ति की गयी है। इनमें राजेन्द्र सिंह गोयल, राजेन्द्र मौर्य, धीरज व्यास, श्रीमती राखी व्यास और श्रीमती किरण महावर के नाम शामिल हैं। सभी पदाधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक नियुक्त किया गया है।

कहा: करीब सवा लाख अतिथि शिक्षकों के बेरोजगार होने का खतरा

## नियमितिकरण सहित लंबित मांगों को लेकर अतिथि शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर एक बार फिर अतिथि शिक्षकों ने आंदोलन का रास्ता पकड़ लिया है। प्रदेशभर से हजारों की संख्या में बुधवार को अतिथि शिक्षक भोपाल पहुंचे। यहां अतिथि शिक्षकों ने अतिथि शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले विरोध प्रदर्शन किया। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिंह परिहार ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार ने अतिथि शिक्षकों के लिए गुरुजियों की तर्ज पर नीति लागू करने, सीधी भर्ती में बोनस अंक देने और वार्षिक अनुबंध के माध्यम से भविष्य सुरक्षित करने का वादा किया था, लेकिन अब तक इन पर कोई अमल नहीं हुआ है।

इससे शिक्षकों में भारी आक्रोश है। 30 अप्रैल के बाद करीब सवा लाख अतिथि शिक्षकों के बेरोजगार होने का खतरा है। उन्होंने मांग की कि सीधी भर्ती, प्रमोशन और ट्रांसफर से प्रभावित अनुभवी अतिथि शिक्षकों को रिक्त पदों पर प्राथमिकता से समायोजित किया जाए।

**मामले में शिक्षक संगठन ने लोक शिक्षण आयुक्त को सौंपा ज्ञापन**

### आंदोलन के बाद शिक्षक नेताओं पर विभाग हुआ सख्त, अटैचमेंट हटाया

शिक्षक पात्रता परीक्षा सहित अन्य मांगों को लेकर हाल ही में राजधानी में हुए शिक्षकों के प्रदर्शन के बाद विभाग ने प्रदर्शन में शामिल शिक्षक नेताओं पर सख्ती शुरू कर दी है। करीब 13 शिक्षक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से किए गए इस आंदोलन में बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए थे। आंदोलन के बाद पहली कार्रवाई शासकीय शिक्षक संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र कौशल पर हुई है। विभाग ने कौशल का अटैचमेंट खत्म करते हुए उन्हें मूल संस्था में भेज दिया है। डीईओ ने भोपाल जिले के बीईओ को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि आगामी माह से वेतन केवल ई-अटेंडेंस में दर्ज उपस्थिति के आधार पर दिया जाएगा। जिन शिक्षकों की मूल पदस्थ संस्था में उपस्थिति दर्ज नहीं होगी उन्हें वेतन नहीं मिलेगा। हालांकि अधिकारियों ने इस आदेश को आंदोलन से अलग बताते हुए नियमानुसार प्रक्रिया बताया है। वहीं मप्र शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश दुबे ने मामले में इस प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगाने एवं उन्हें संरक्षण प्रदान करने की मांग को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। दुबे ने कहा कि शिक्षक नेताओं पर की जा रही कार्रवाई न केवल अनुचित है, बल्कि शिक्षकों के मनोबल को भी प्रभावित करने वाली है।

### नगायच ने वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया



**भोपाल।** संजय नगायच ने बुधवार को पूजा-अर्चना कर मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर कॉर्पोरेशन की योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान एडिशनल एमडी बृजेश सक्सेना सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

राज्य सरकार पर गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने लगाए गंभीर आरोप

# मप्र में गेहूं खरीदी व्यवस्था पूरी तरह चरमराई, किसान भारी परेशानी झेल रहेः पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश की गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खरीदी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और किसान भारी परेशानी झेल रहे हैं।



पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार पहले खरीदी की तारीख बढ़ाती रही और अब स्लॉट बुकिंग की समय-सीमा बढ़ाकर किसानों को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का पूरा खरीदी तंत्र विफल हो चुका है। कांग्रेस के अनुसार, मौजूदा धीमी गति से खरीदी जारी रही तो सरकार को अपने घोषित 100 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य को पूरा करने में लगभग 140 दिन लगेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अनुमानित 245 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन के बावजूद सरकार ने 50 प्रतिशत से भी कम खरीदी का लक्ष्य रखा है, जो किसानों के साथ अन्याय है।

### समर्थन मूल्य पर खरीदी में फर्जीवाड़े का आरोप

पटवारी ने कहा कि भिंड, मुरैना और राजगढ़ जिलों में ऐसे लोगों के नाम पर पंजीयन हुआ जिनके पास जमीन तक नहीं है, जबकि असली किसानों की जमीन का उपयोग कर फर्जी किसान बनाए गए। उन्होंने कहा कि सरकार 2625 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर खरीदी कर रही है, जबकि बाजार में गेहूं का भाव 1800 से 2200 रुपए प्रति क्विंटल तक है। इस अंतर का फायदा उठाकर करोड़ों रुपए की हेराफेरी की गई है।

### मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचनी पड़ रही

पटवारी ने आरोप लगाया कि खरीदी में देरी के कारण किसानों को मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचनी पड़ रही है। भंडारण की व्यवस्था न होने से किसान अपना अनाज लंबे समय तक नहीं रख पा रहे हैं और मंडियों में खुली लूट का सामना कर रहे हैं। मूंग खरीदी को लेकर भी उन्होंने सरकार को घेरा और कहा कि अब तक कोई स्पष्ट नीति घोषित नहीं की गई है।

सरकार संविधान और लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ काम कर रही

## यूसीसी से लेकर महिला आरक्षण तक सरकार पर बरसे सिंघार, कहा- लोकतंत्र की हो रही 'हत्या'

भोपाल में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रदेश सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर कहा कि सरकार संविधान और लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ काम कर रही है। सिंघार ने सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार अब तक यह स्पष्ट नहीं कर पाई है कि दलित और आदिवासी वर्ग यूसीसी के दायरे में आएंगे या नहीं।



उन्होंने 7 सदस्यीय कमेटी पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि क्या यह कमेटी तय करेगी कि कौन इसमें शामिल होगा और कौन नहीं। उनका कहना था कि सरकार को कमेटी बनाने के बजाय प्रदेश की जनता से आम राय लेनी चाहिए।

**महिला आरक्षणः भाजपा डर के कारण मतदान से बची**

महिला आरक्षण के मुद्दे पर सिंघार ने आरोप लगाया कि विधानसभा में पर्याप्त संख्या (160 विधायक) होने के बावजूद भाजपा वोटिंग से बची। यह न केवल लोकतंत्र की हत्या है, बल्कि महिला आरक्षण बिल की भी हत्या है। विधायक निर्मला सप्रे के मामले पर उन्होंने कहा कि यह विषय हाईकोर्ट में विचाराधीन है और न्यायालय ही अंतिम निर्णय देगा।

### गृह विभाग को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

किसानों के मुद्दे पर उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पूरी फसल की खरीदी सुनिश्चित की जाए, अन्यथा कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। इसके अलावा, असलम चमड़ा और सौरभ शर्मा के मामलों का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है।

## पेज एक का शेष...

### मई में पीएफ ...

सरकार पेंशन को लेकर इस प्रस्ताव को मान लेती है तो पेंशन में 7.5 गुना इजाफा होगा। संसदीय समिति ने भी पेंशन बढ़ाने की सिफारिश की है। पीएम अकाउंट होल्डर्स के खाते में 8.25% ब्याज जल्द डिपॉजिट हो सकता है, जिसका कर्मचारी इंतजार कर रहे हैं। वित्त मंत्रालय की मंजूरी का इंतजार मंजूरी मिलते ही खातों में पैसा ट्रांसफर कर दिया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि मई में पीएफ का ब्याज अकाउंट में आ सकता है।

### बंगाल में खिलेगा ...

178-208 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। वहीं, पोल डायरी (142-171), पी-मारक्यू (150-175), चाणक्य स्ट्रैटजीज (150-160), और मैट्रिज (146-161) ने भी भाजपा को बहुमत के आंकड़े के पार रखा है।

**केरलम, कुल सीटें: 140, बहुमत: 71**

| एजेंसी | एलडीएफ | यूडीएफ+ | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| वोट वाइब | 58-68 | 70-80 | 0-0 | 0-4 |
| एक्सिस माय इंडिया | 49-62 | 78-90 | 0-3 | 0-0 |
| मैट्रिज | 60-65 | 70-75 | 3-5 | 2-4 |
| पीपुल्स पल्स | 75-85 | 55-65 | 0-3 | 0-0 |
| जेवीसी | 52-61 | 72-84 | 3-7 | 0-0 |

**तमिलनाडु, कुल सीटें: 234, बहुमत: 118**

| एजेंसी | डीएमके+ | एआईएडीएमके+ | टीवीके | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पीपल प्लस | 125-145 | 65-80 | 18-24 | 2-6 |
| मैट्रिज | 122-132 | 87-100 | 10-12 | 0-6 |
| चाणक्य स्ट्रैटजी | 145-160 | 50-65 | 0-0 | 18-26 |
| प्रजा पोल | 148-168 | 61-81 | 0-0 | 1-9 |

**पुडुचेरी, कुल सीटें: 30, बहुमत: 16**

| एजेंसी | एनडीए+ | कांग्रेस+ | टीवीके | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पीपल्स पल्स | 16-19 | 10-12 | 0-0 | 1-2 |
| एक्सिस माय इंडिया | 16-20 | 6-8 | 0-0 | 3-7 |

### केरलम : राज्य में ...

के सर्वे में यूडीएफ को 75-85 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि एलडीएफ 60-65 सीटों पर सिमट सकता है। पीपल्स पल्स के आंकड़े थोड़ी अलग तस्वीर पेश करते हैं, जहां एलडीएफ को 75-85 सीटें और यूडीएफ को 55-65 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। हालांकि, बाकी ज्यादातर एजेंसियां यूडीएफ को बढ़त में दिखा रही हैं।

**तमिलनाडु: डीएमके सत्ता के नजदीक-** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल में पीपुल्स पल्स और मैट्रिज के अनुसार द्रमुक गठबंधन को स्पष्ट बहुमत का अनुमान है। लेकिन, डीएमके के वापसी के साफ संकेत नजर आ रहे हैं।

**पुडुचेरी: फिर भाजपा ही-** पुडुचेरी में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की एनडीए को बहुमत मिलता दिख रहा है।

### फलोदी सट्टा बाजार....

के संकेत हैं।

**पुडुचेरी में कांटे की टक्कर**

एनडीए: 14—18, इंडिया: 14—17

**केरल में यूडीएफ**

यूडीएफ: 76—78, एलडीएफ: 62—64, एनडीए: 18-20

### दूसरे चरण में ...

कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर मुक्के, लाठियों से हमले किए। भारी संख्या में सुरक्षाबलों की मौजूदगी के बावजूद हालात बेकाबू दिखे। इलाके में अभी भी तनाव का माहौल बना हुआ है और सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च शुरू कर दिया है। सीएम ममता ने सीआरपीएफ पर टीएमसी समर्थकों और वोटरों से मारपीट का आरोप लगाया। ममता ने कहा कि सीआरपीएफ ने हमारे कई लोगों को गिरफ्तार किया है। वोटरों और सेंट्रल ऑब्जर्वर लोगों को मार रहे हैं। टीएमसी का दावा है कि सीआरपीएफ के हमले से हावड़ा के उदयनारायणपुर में एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

### मतदान के बाद ...

ड्यूटी संभालेंगी। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि अगले आदेश तक ये बल बंगाल में तैनात रहेंगे ताकि चुनावी नतीजों से पहले और बाद में किसी भी तरह की हिंसा या गड़बड़ी को रोका जा सके।

### घड़ी को बताया...

की समृद्ध विरासत और काल-गणना की प्रामाणिक पद्धति से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। सबसे पहले बाबा विश्वनाथ को विक्रमादित्य वैदिक घड़ी अर्पित की गई थी। मुख्यमंत्री ने वैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा (3 अप्रैल 2026) को यह घड़ी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट की थी, जिसे 4 अप्रैल को मंदिर प्रांगण में स्थापित किया गया था।

### विक्रमादित्य वैदिक घड़ी...

मुहूर्त (13वां मुहूर्त) में किया गया। यह घड़ी एक सूर्योदय से अगले सूर्योदय के मध्य समय की गणना करती है। दो सूर्योदयों के बीच एक पूर्ण दिवस को 30 मुहूर्तों में विभाजित किया जाता है। सूर्योदय से सूर्यास्त-15 मुहूर्त, सूर्यास्त से अगले सूर्योदय-15 मुहूर्त, इस प्रकार एक पूर्ण वैदिक दिवस 30 मुहूर्त का होता है। मुहूर्त, कला एवं काष्ठा में प्रत्येक मुहूर्त सामान्यतः लगभग 48 मिनट के बराबर होता है, किंतु इसकी अवधि घड़ी की भौगोलिक स्थिति, सूर्योदय-सूर्यास्त समय तथा सूर्य के कोण के अनुसार परिवर्तित होती है।

मुहूर्त की गणना किस तरह से की गई है

### मुख्यमंत्री ने किया ...

का प्रतीक है कि सरकार हर परिस्थिति में जरूरतमंदों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मंत्रालय से समग्र पेंशन योजना के तहत प्रदेश के 33 लाख 45 हजार 231 हितग्राहियों के बैंक खातों में मार्च पेड अप्रैल की 200 करोड़ 71 लाख रुपए की पेंशन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत दी जा रही यह पेंशन राशि उनके जीवनयापन में सहारा बनने के साथ-साथ उन्हें आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा भी देती है। प्रदेश के सभी कमिश्नर्स-कलेक्टर्स एवं पेंशन हितग्राहियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम में सहभागिता की।

**अंतिम पंक्ति में खड़े समाज के हर व्यक्ति तक सहायता पहुंचे:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हितग्राहियों को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि अंतिम पंक्ति में खड़े समाज के हर व्यक्ति तक सहायता समय पर, सम्मान के साथ और पारदर्शी तरीके से पहुंचे, जिससे कोई भी नागरिक अपने आपको असहाय महसूस न करे। राज्य सरकार ने वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं के लिए 2 हजार 857 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि राज्य शासन की पेंशन योजनाओं में मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना में 62 हजार 594 हितग्राहियों को, मानसिक रूप से अविकसित, बहु दिव्यांग को आर्थिक सहायता योजना में 77 हजार 120 हितग्राहियों को और समग्र सामाजिक सुरक्षा (वृद्धजन, कल्याणी, परित्यक्ता, अविवाहिता एवं दिव्यांगजन) पेंशन योजना में 32 लाख 5 हजार 517 हितग्राहियों को, इस प्रकार कुल 33 लाख 45 हजार 231 हितग्राहियों को 600 रुपए प्रतिमाह की दर से बुधवार को कुल 200.71 करोड़ रूपए की पेंशन राशि से लाभांवित किया गया है।

### भक्तों के लिए...

समिति की सहायक प्रशासक सिम्मी यादव ने बताया कि मंदिर का अन्नक्षेत्र पूरी तरह दान पर आधारित है। यहां प्रतिदिन दो शिफ्ट में लगभग 10,000 श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं। पहले अन्य क्षेत्रों में दान की प्रक्रिया ऑफलाइन होने के कारण कई श्रद्धालु इस सेवा से जुड़ नहीं पाते थे, लेकिन अब इसे ऑनलाइन कर दिया गया है। अब भक्त मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट **http://www.shrimahakaleshwar.mp.,gov.in** के माध्यम से आसानी से दान कर सकेंगे। यह नई व्यवस्था सोमवार से लागू होगी। भगवान महाकालेश्वर को प्रतिदिन सुबह 10 बजे भोग अर्पित किया जाता है, जिसमें गेहूं की रोटी, दाल-चावल और दो प्रकार की सब्जियां शामिल होती हैं। कई बार श्रद्धालु अपनी ओर से मिठाई भी अर्पित करते हैं, जिसे भोग में शामिल किया जाता है। भोग अर्पण के बाद ही अन्नक्षेत्र में भोजन प्रसादी का वितरण शुरू होता है।

### कान्हा में 3 ...

है। उप संचालक प्रकाश कुमार वर्मा के अनुसार, रेस्क्यू के बाद जब बाघिन और शावक को इलाज दिया गया, तो करीब 24 घंटे बाद उन्होंने खाना शुरू किया, जिससे बीमारी की पुष्टि होती है। खासतौर पर तब, जब पहले से बाघिन की कमजोरी के संकेत मिल चुके थे। इतनी व्यापक व्यवस्था के बावजूद 9 दिन में तीन शावकों और बाघिन की मौत होना निगरानी तंत्र पर सवाल खड़े करता है।

### शादी से लौट ...

से देर रात घर लौट रही थीं। इस दौरान बाइक पर सवार 8-9 लड़कों ने उनका रास्ता रोका। किसी तरह दो नाबालिगों ने बचकर भाग निकलीं। दो बजे रात को पीड़िता घर पहुंची, लेकिन डर की वजह से घर में कुछ नहीं बताया। वहीं 25 अप्रैल को एक नाबालिग ने अपनी आपबीती परिजनों को सुनाई। इसके बाद परिजन थाना रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे। 26 अप्रैल को पुलिस ने एक नाबालिग की मां की शिकायत पर पुलिस ने प्रियांशु खलखो, आशीष, राहुल व अन्य के खिलाफ धारा 70 (2) बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 4(2), 5 (जी) व 6 के तहत अपराध दर्ज किया और दोनों पीड़िताओं की एमएलसी हुई। सरगुजा एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने दो नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले में दो एफआईआर दर्ज कर ली गई है। 29 अप्रैल को दोनों नाबालिग लड़कियों को अंबिकापुर लाया गया है।

### 90 दिन की...

की याचिका पर सुनवाई करते हुए सप्रे की विधायकी शून्य करने की मांग पर संबंधित पक्षों से जवाब मांगा। सिंघार के वकील विभोर खंडेलवाल ने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय 90 दिन की समय सीमा का पालन सुनिश्चित किया जाए।

### स्पीकर कर रहे ....

2023 में बीना सीट से निर्मला सप्रे ने कांग्रेस की टिकट पर विधानसभा चुनाव जीता था। 5 मई 2024 को लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने कथित रूप से भाजपा में शामिल हुई थीं। हालांकि, अब वे कह रह रही हैं कि वे कांग्रेस में ही हैं। 5 जुलाई 2024 को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सप्रे की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने के लिए स्पीकर के समक्ष याचिका लगाई। वहां विलंब होने के कारण सिंघार इस मामले को हाईकोर्ट ले गए।

### धार में पिकअप पलटने ...

अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपए मंजूर किए हैं। प्रभारी कलेक्टर और एसपी मयंक अवस्थी देर रात मौके पर पहुंचे और उन्होंने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद वे अस्पताल पहुंचे जहां घायलों के इलाज के बारे में डॉक्टरों से जानकारी ली। हादसा चिकलिया स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास हुआ, जब मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया जा रहा है कि घटना रात करीब 8:30 बजे की है। पिकअप वाहन में क्षमता से अधिक 35 मजदूर सवार थे। अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ने से वह पलट गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी के साथ चीख-पुकार मच गई। हादसे में अब तक 12 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। मृतकों में बच्चे भी शामिल बताए जा रहे हैं। वहीं कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। प्राथमिक जांच में हादसे की वजह वाहन में अत्यधिक सवारियां और संतुलन बिगड़ना बताया जा रहा है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मृतकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

**घायलों का इलाज किया जा रहा है :** घटनास्थल पर मुआयना लिया गया है मरीजों का इलाज किया जा रहा है सभी को उचित इलाज की व्यवस्था जिले में की जा रही है कुछ लोगों को बाहर रेफर भी किया गया है। हादसा काफी गंभीर है फिलहाल मृतकों की संख्या 12 तक पहुंच गई है। जो लोग घायल हैं उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**-अभिषेक चौधरी, प्रभारी कलेक्टर, धार**

**लोडिंग वाहनों पर निगरानी रखी जाएगी:** इस घटनाक्रम में जो भी घायल हैं, उन्हें आर्थिक सहायता प्रशासन देगा। पुलिस जांच कर रही है। खास तौर पर इस घटना को ध्यान में रखते हुए रात और दिन में लोडिंग वाहनों में सफर करने वाले लोगों पर निगरानी रखी जाएगी। इस हादसे की जांच भी कराई जा रही है। फिलहाल, प्रशासन की ओर से मदद की गई है। मुख्यमंत्री ने भी हादसे की जानकारी ली है।

**- मयंक अवस्थी, एसपी, धार**

### मेरी संवेदनाएं ...

परिजनों के साथ हैं। मृतकों के परिवारजनों को 4-4 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। इंदौर संभागायुक्त और आईजी को उपचार व्यवस्था के लिए धार जाने के निर्देश दिए हैं। सभी घायलों का उपचार निःशुल्क किया जाएगा। ईश्वर दिवंगतों को शांति व शोकाकुल परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना है।


## ई-नीलामी सूचना

**ऋण वसूली अधिकरण**

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (**BSNL** बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास,
साउथ सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.) 482001

**Case No. RC 190/2025 / ओ.ए. नं. 319/2023**

**ई-नीलामी क्रमांक 93/2026**

**INDIAN BANK वि. M/S MADHU TRADERS एवं अन्य** में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No. RC 190/2025/O.A. No.319/2023** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs.69,77,226.00 (Rupees Sixty Nine Lakh Seventy Seven Thousand Two Hundred Twenty Six only)** तथा उस पर 12.00 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से **18-03-2023** से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑन लाईन ई-नीलामी प्रक्रिया तहत वेबसाईट **https:// www.bankeauctions.com** के माध्यम से की जायेगी।

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 10-06-2026 दोपहर 12.00 बजे से 1.00**

**संपत्ति की अनुसूची**

**All part and parcel of Shop No.-1 on Ground Floor, Plot No. 103, Akash Apartment, Vijay Nagar, Lalghati, Tehsil Huzur, District- Bhopal, area 280 sq.ft property in the name of Shri Shailendra Jain S/o Late Sheetal Chandra Jain**

**प्रारक्षित मूल्य : रुपए Rs. 25,10,000.00 (Rupees Twenty Five Lakh Ten Thousand only)**

**विक्रय की शर्तें**

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिये। अधिक विवरण हेतु **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. : 7080804466, E-mail ID: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
2. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें।
3. बिड केवल ऑन-लाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में पहचान पत्र की प्रति साथ में संलग्न कर जमा करनी होगी। (विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें)।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10% राशि जो **रुपए 2,51,000.00 (Rupees Two Lakh Fifty One Thousand only)** है, RTGS/NEFT/Money Transfer द्वारा **वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकारी जबलपुर के नाम से धारित Account No. 7890303849** in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur, with **INDIAN BANK, CIVIL LINES BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code:IDIB000C627)** में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑन लाईन माध्यम से दिनांक **08-06-2026** अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्न कों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा षीघ्र अति षीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑन लाईन नीलामी बोली, प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड की वृद्धि राशि न्यूनतम **रुपए 25,000/-** (Rs. Twenty Five Thousand only), रुपये होगी। ऑन लाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता जायेगा।
8. असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् वे जब तक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापिस नहीं ले सकते, अन्यथा राशि जब्त कर ली जावेगी।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/Money Transfer के द्वारा कंडिका 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रु. 10 (प्रति संपत्ति अलग-अलग) सहित नीलामी के 15 दिन के अंदर या यदि 15 वा. दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15वे दिन के पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्र. 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. **संपत्ति "जहाँ है, जैसी है तथा बिना किसी शिकायत" के आधार** पर विक्रय की जावेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **25-05-2026** को **प्रातः 12 बजे से 16** बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जावेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने/स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Mr. Brijesh Singh Kushwah, Senior Manager, Mob. No. 9713710815** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. : 7080804466, E-mail ID: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Mr. Brijesh Singh Kushwah, Senior Manager, Mob. No. 9713710815** से प्राप्त किया जा सकता है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टिविटी स्वयं सुनिश्चित करनी होगी। डी.आर.टी./बैंक/सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विच्छेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**स्थान : जबलपुर,**
**दिनांक : 15.04.2026**

**(नीलेश कुमार अवधिया)**
**वसूली अधिकारी -2**









हरिभूमि **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644








## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 6211



**बाएँ से दाए-**

1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**

1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -6210 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6221

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6220 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## खबर संक्षेप

### फोनपे पर 5 करोड़ रजिस्टर्ड मर्चेंट्स का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख फिनटेक प्लेटफॉर्म फोनपे ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा की है। 28 अप्रैल 2026 तक प्लेटफॉर्म पर रजिस्टर्ड मर्चेंट्स की संख्या 50 मिलियन के पार पहुँच गई है। यह मील का पत्थर भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में फोनपे की अहम भूमिका को दिखता है। फोनपे देश के 98 फीसदी पिन कोड्स तक अपनी पहुंच बना चुका है, यह अब पेमेंट से आगे बढ़कर मर्चेंट सॉल्यूशंस का एक विस्तृत पोर्टफोलियो प्रदान कर रहा है।

### फ्लिपकार्ट, एक्सिस बैंक ने पेश की बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण

**मुंबई।** फ्लिपकार्ट ने एक्सिस बैंक और भारत के अग्रणी विविध फिनटेक प्लेटफॉर्म पेयू के साथ मिलकर कार्ड भुगतान के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण शुरू करने की घोषणा की है। इस पहल के लिए तीन भरोसेमंद संगठन एक साथ आए हैं, जो उपभोक्ता-प्रथम दृष्टिकोण की अपनी साझा विरासत को आगे बढ़ाते हुए भारत के उपभोक्ताओं के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। जिससे वन-टाइम पासवर्ड की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

### मेदांता ने इंदौर में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया

**भोपाल।** ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड मेदांता ने एक व्यापार हस्तांतरण समझौते के तहत मध्य प्रदेश के इंदौर में स्थित 80 बिस्तरों वाले कैंसर अस्पताल के अधिग्रहण की योजना की घोषणा की। मेदांता की वर्तमान इंदौर सुविधा से महज 500 मीटर की दूरी पर रणनीतिक रूप से स्थित, नवनिर्मित कैंसर केयर अस्पताल एक व्यापक ऑन्कोलॉजी कार्यक्रम शुरू करने में सक्षम होगा, जिससे इंदौर में मेदांता की विशेष सेवाओं में वृद्धि होगी।

### नई बीस्पोक एआई विंडफ्री इंवर्टर स्प्लिट एसी रेंज लांच

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने नई बीस्पोक एआई विंडफ्री इंवर्टर स्प्लिट एसी रेंज लांच की है। इस नई सीरीज में 23 मॉडल शामिल हैं, जिनकी शुरुआती कीमत 32,940 रूपए रखी गई है। कंपनी ने इसे बढ़ते तापमान और ऊर्जा दक्षता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पेश किया है। सैमसंग के स्मार्टथिंग्स इंटीग्रेशन के साथ यह एसी स्मार्ट और कनेक्टेड होम कूलिंग का अनुभव देता है। यूजर्स मोबाइल ऐप से दूर से ही तापमान कंट्रोल कर सकते हैं, बिजली की खपत देख सकते हैं और एसी के फंक्शन को ऑटोमेट कर सकते हैं।

### ग्रीनसेल का इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में मानक स्थापित

**मुंबई।** ग्रीनसेल मोबिलिटी (जीसीएम) सुरक्षा, उन्नत तकनीक और परिचालन उत्कृष्टता पर मजबूत ध्यान देते हुए देश में सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बना रही है। यह कंपनी एवरसोर्स कैपिटल के समर्थन से काम कर रही है और शहरी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में नए मानक स्थापित कर रही है। जीसीएम की सबसे बड़ी प्राथमिकता सुरक्षा है। कंपनी ने अपनी पूरी व्यवस्था को मजबूत तकनीक और अच्छे प्रबंधन ढांचे पर आधारित किया है। हर इलेक्ट्रिक बस में मल्टी-कैमरा सर्विलांस सिस्टम, रियल-टाइम वाहन की स्थिति की निगरानी, जीपीएस ट्रैकिंग और यात्री सूचना प्रणाली लगी हुई है।

### अमेजन का फ्यूचर इंजी.प्रोग्राम 2,200 स्कॉलर्स तक पहुंचा

**भोपाल।** अमेजन ने अपने अमेजन फ्यूचर इंजीनियर (एएफई) प्रोग्राम के अंतर्गत साल 2026 के लिए 500 नई स्कॉलरशिप्स की घोषणा की, जिनका उपयोग कम आय वाले परिवारों की इंजीनियरिंग छात्राओं को वित्तीय मदद, मेंटरशिप और टेक्नोलॉजी में करियर के अवसर उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा। एएफई अमेजन का ग्लोबल कंप्यूटर साईंस एजुकेशन प्रोग्राम है, जो टेक्नोलॉजी की शिक्षा व करियर के अवसर प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है। इन नई स्कॉलरशिप्स के साथ इस प्रोग्राम का लाभ कुल 2,000 स्कॉलर्स को मिलने लगा है।

# अनंत अंबानी ने कोलंबिया से 80 दरियाई घोड़ों की जान बचाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामनगर

दक्षिणी अमेरिका के देश कोलंबिया की मैग्डालियाना नदी घाटी में रहने वाले 80 दरियाई घोड़ों को मारने का आदेश दिया गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और दुनिया के सबसे बड़े वन्यजीव बचाव एवं संरक्षण केंद्रों में से एक वनतारा के संस्थापक अनंत मुकेश अंबानी ने औपचारिक रूप से कोलंबिया सरकार से इन हिप्पो या दरियाई घोड़ों की जान बख़्शने का आग्रह किया है।

उन्होंने एक मानवीय विकल्प का प्रस्ताव दिया है ' एक सुरक्षित और वैज्ञानिक तरीके से इन जानवरों को जामनगर, गुजरात स्थित 'वनतारा' में लाया जाए, जहाँ उन्हें स्थायी घर मिल सकेगा। कोलंबिया की पर्यावरण मंत्री, आइरीन वेलेज टोरेस को लिखे पत्र में अनंत अंबानी ने ये अपील की है। इसमें कोलंबियाई अधिकारियों की देखरेख और मंजूरी के साथ पूरी सहायता देने की बात कही गई है। यह प्रस्ताव पशु कल्याण के प्रति अनंत अंबानी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके लिए उन्हें हाल ही में 'ग्लोबल ह्यूमेन अवार्ड' से सम्मानित किया गया था। वह यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति और पहले एशियाई हैं। अनंत अंबानी ने कहाकि ये 80 दरियाई घोड़े संवेदनशील प्राणी हैं जो बदलती परिस्थितियों का शिकार हैं। यदि हमारे पास उन्हें सुरक्षित और मानवीय तरीके से बचाने की क्षमता है, तो यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उसके लिए हर संभव प्रयास करें।




**'वनतारा' में आजीवन घर देने का रखा प्रस्ताव**




### प्रकृति रक्षा के साथ जानवरों को भी बचाना है

अनंत अंबानी ने कहाकि करुणा और जानवरों की जान की सुरक्षा एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। सही वैज्ञानिक सोच और योजनाबद्ध तरीके के साथ काम करें तो समुदायों और प्रकृति की रक्षा करते हुए जानवरों को भी बचाना संभव है। वनतारा के पास इस कार्य को पूरा करने के लिए विशेषज्ञता और बुनियादी ढांचा मौजूद है। यह प्रस्ताव वनतारा के मूल विचार को दर्शाता है कि 'हर जीव अमूल्य है'। यह वन्यजीवों से जुड़ी जटिल वैश्विक चुनौतियों के लिए बड़े पैमाने पर विज्ञान-आधारित समाधान देने में भारत की उभरती भूमिका को भी रेखांकित करता है। इस योजना पर कोई भी अमल कोलंबिया और भारत की सरकारों से आवश्यक मंजूरी और संबंधित अंतरराष्ट्रीय अधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद ही किया जाएगा।

### भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रांतीय कार्यालय का उद्घाटन

# व्यभिचारी नहीं होगा भारतीय शिक्षा बोर्ड का पढ़ा कोई बच्चा: स्वामी रामदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार/लखनऊ

भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रांतीय कार्यालय का दिव्य उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार की शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, स्वामी रामदेव, विशिष्ट अतिथि डॉ.एनपी सिंह सहित संतों के सानिध्य में दीप प्रज्वलित करके किया गया।

प्रांतीय कार्यालय क्रिश्चयन कॉलेज लखनऊ के प्रांगण में खुला है। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि जिस तरह से योग क्रांति की शुरुआत हुई थी। ठीक उसी तरह उत्तरप्रदेश की लखनऊ की इस धरा से शिक्षा की क्रांति की शुरुआत होने जा रही है। जिसके मूल में भारतीय शिक्षा बोर्ड है। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड से पढ़ने वाला कोई बच्चा आतंकवादी और व्यभिचारी नहीं बनेगा।




**एक लाख विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से जोड़ा जाएगा**

स्वामी रामदेव ने कहा कि योग क्रांति के बाद अब शिक्षा को लेकर बड़ी क्रांति होने जा रही है। जो भारतीय शिक्षा बोर्ड के तहत होगी। स्वामी रामदेव ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि भारतीय शिक्षा बोर्ड से पढ़ने वाले बच्चे आंतकवादी नहीं बनेगी। क्रूर नहीं होंगे। हिंसक नहीं होंगे। मानवीय संस्कृति की हत्या करने वाले नहीं होंगे। आज पूरी दुनिया की स्थिति शिक्षा को लेकर बेहद खराब हो चुकी है।

#### भारतीय शिक्षा बोर्ड किसी धर्म, पंत या मजहब का नहीं है: एनपी सिंह

विशिष्ट अतिथि भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एनपी सिंह ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के उद्देश्यों औरशिक्षा बोर्ड के गठन को लेकर भी अहम जानकारी दी। कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड किसी धर्म, पंत या मजहब का नहीं है। यह सभी 150 करोड़ भारतीयों का बोर्ड है।

#### भारतीय शिक्षा बोर्ड देश ही नहीं दुनिया तक अपना डंका बजाएगा

शिक्षा संवाद के दौरान शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा कि अंग्रेजी स्कूलों में जो शिक्षा दी जा रही है, वह दिशाहीन हो चुकी हैं। पाश्चात्य संस्कृति की ओर वह प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि इस स्कूल के बच्चे अपने माता-पिता को सुबह उठकर प्रणाम करना भूल चुके हैं। क्या ऐसी शिक्षा की कल्पना हमने की थी। उन्होंने कहा कि स्वामी रामदेव ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के तहत जो बीड़ा उठाया है, वह निश्चित तौर पर बच्चों के चरित्र निर्माण करेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि उत्तरप्रदेश सरकार से भारतीय शिक्षा बोर्ड के लिए जो भी सहयोग होगा, वह सरकार के स्तर पर की जाएगी।

### गूगल ने भारत में एआई हब की रखी नींव

# हम भारत की डिजिटल महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में करेंगे मदद : गोपाल विट्टल

एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

गूगल ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में अपने ऐतिहासिक एआई हब की आधारशिला रखी। यह भारत में कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। नेक्सट्रा बाय एयरटेल, अडाणी कॉनेक्स के साथ मिलकर इस गीगावाट-स्केल इकोसिस्टम के निर्माण का नेतृत्व करेगा। यह भारत की आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति गूगल की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए नेक्सट्रा के अत्याधुनिक डेटा सेंटर्स, पूरे भारत में विस्तृत अल्ट्रा-लो-लेटेंसी फाइबर, हरित ऊर्जा और नेक्स्ट-जेन केबल लैंडिंग स्टेशन का रणनीतिक उपयोग करेगा।

कार्यक्रम में भारती एयरटेल के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन गोपाल विट्टल ने कहा कि इस ऐतिहासिक एआई हब के निर्माण के लिए गूगल और अडानी के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से, हम भारत की डिजिटल महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। विशाखापत्तनम दुनिया के एआई मानचित्र पर एक नए हब के रूप में उभरने के साथ, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत नवाचार और सतत वृद्धि की गति तय करे और यह सिर्फ भारत के लोगों के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए होगा। हमारे बेहतरीन डेटा सेंटर्स की पूरी श्रृंखला, हरित ऊर्जा का उपयोग, अखिल भारतीय अल्ट्रा-लो-लेटेंसी फाइबर और नेक्स्ट-जेन केबल लैंडिंग स्टेशन मिलकर वाइजैग में बड़े पैमाने पर विश्व स्तरीय एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को सक्षम बनाएंगे। आयोजित इस समारोह में अश्विनी वैष्णव केंद्रीय रेल मंत्री , नारा चंद्रबाबू नायडू (आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री), नारा लोकेश (आंध्र प्रदेश के आईटी मंत्री), बिकाश कोले (गूगल क्लाउड वीपी), करण और जीत अडाणी (अडाणी ग्रुप के निदेशक), राकेश मित्तल (भारती एंटरप्राइजेज के वाइस चेयरमैन) मौजूद रहे।




#### भारत को तकनीक के क्षेत्र में पीएम बनाने चाहते हैं एक वैश्विक लीडर: अश्विनी

*अश्विनी वैष्णव,आईटी मंत्री ने कहाकि विशाखापत्तनम में इंडिया एआई हब का शिलान्यास समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसमें वे भारत को तकनीक के क्षेत्र में एक वैश्विक लीडर बनाना चाहते हैं। इस दृष्टिकोण को साकार करने में समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए आंध प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू का धन्यवाद। इंडिया एआई हब और विशाखापत्तनम में लैंड होने वाले तीन सब-सी केबल देश की विकास यात्रा के लिए बेहद महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर साबित होंगे।*

### भारतीय मानक ब्यूरो का 'मानक मंथन'

# विशेषज्ञों ने जल संसाधन क्षेत्र में मानक की उपयोगिता को भी रेखांकित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), भोपाल द्वारा मानक मंथन कार्यक्रम का आयोजन डेटा सेंटर, जल संसाधन विभाग, भोपाल में किया गया। कार्यक्रम का विषय जलाशयों से वाष्पीकरण के मापन की विधियां-मार्गदर्शिका रहा।

इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से लगभग 30 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाई तथा मानक के संबंध में अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम डॉ. रवि गाल्काटे, वैज्ञानिक-जी एवं प्रमुख, राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, मोहम्मद तौसीफ, वैज्ञानिक-ई/निदेशक, बीआईएस भोपाल, आरके गुप्ता, निदेशक, जल संसाधन विभाग तथा डॉ.बृजेन्द्र बघेल,उप निदेशक, डेटा सेंटर, जल संसाधन विभाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मोहम्मद तौसीफ ने बीआईएस का संक्षिप्त अवलोकन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने बीआईएस की प्रमुख गतिविधियों एवं कार्यों का विस्तृत विवरण दिया। इसके उपरांत अजय मीना, द्वारा मसौदा भारतीय मानक पर विस्तृत तकनीकी प्रस्तुति दी गई। उन्होंने जलाशयों से वाष्पीकरण के मापन की विभिन्न विधियों, मानक के प्रमुख प्रावधानों तथा इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के दौरान एक संवादात्मक चर्चा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न पूछे तथा महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बीआईएस अधिकारियों द्वारा उनके प्रश्नों का समाधान किया गया, जिससे प्रतिभागियों को मानक की बेहतर समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम में डॉ. रवि गाल्काटे ने बीआईएस की इस पहल की सराहना की।




### 32 साल, 72 फीसदी स्ट्राइक रेट एक राज्य,एक स्पष्ट जनादेश

# गुजरात प्रयोग नहीं कर रहा, बल्कि एक विरासत को कर रहा है और मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गांधीनगर

भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर गुजरात में अपनी अभूतपूर्व चुनावी बढ़त को दोहराते हुए 2026 के स्थानीय निकाय चुनावों में शानदार जीत हासिल की है। पिछले 32 वर्षों से भाजपा सत्ता में बनी हुई है और हर चुनाव के साथ जनता का विश्वास जीतती आ रही है। यह स्थायी भरोसा 72 फीसदी से अधिक के स्ट्राइक रेट में झलकता है, जो विपक्ष को पीछे छोड़ देता है। 6,000 से अधिक सीटें जीतकर भाजपा ने न सिर्फ संख्या में बल्कि पूरे राज्य में हर स्तर पर अपना दबदबा कायम किया है, जो गुजरात की लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक विरासत को और मजबूत करता है।

इस ऐतिहासिक जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात भाजपा को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर कहा कि गुजरात और भाजपा के बीच का संबंध अब और गहरा और अटूट हो गया है। मैं गुजरात की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने राज्यभर में नगर निगम, नगरपालिकाओं, तालुका पंचायतों और जिला पंचायतों के चुनावों में भाजपा को भारी समर्थन और जनादेश दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार के जनकल्याण और विकासोन्मुख कार्यों को पहचानते हुए गुजरात की जनता ने एक बार फिर सुशासन की राजनीति में अपना विश्वास जताया है। ये परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि जनता ने वर्षों से भाजपा की निरंतर मेहनत को दिल से आशीर्वाद दिया है। मोदी ने एक्स पर कहाकि मैं गुजरात की जनता को आश्वस्त करता हूँ कि आने वाले समय में हम और अधिक प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य करेंगे और राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

#### मतदाताओं ने एक बार फिर साबित किया जनसमर्थन

*पारंपरिक राजनीतिक धारणाओं को चुनौती देते हुए, गुजरात के मतदाताओं ने एक बार फिर साबित किया है कि सत्तारूढ़ दल के पक्ष में जनसमर्थन वास्तविक है। यह केवल शासन की स्वीकृति नहीं, बल्कि निरंतरता और स्थिरता का प्रबल समर्थन है। गुजरात के लोगों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने कहा, "गुजरात में स्थानीय स्वशासन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर सभी विजयी उम्मीदवारों, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं और शीर्ष नेतृत्व को हार्दिक बधाई। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में, पिछले तीन दशकों में गुजरात ने विकास की नई ऊँचाइयाँ देखी हैं। गरीबों, युवाओं, अन्नदाताओं और महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा और जनसेवा के मंत्र के साथ लगातार समर्पित रहे हैं। भारत का कोई अन्य राज्य इतनी लंबे समय तक चुनावी प्रभुत्व का साक्षी नहीं रहा है। गुजरात की अद्भुत राजनीतिक विरासत लगातार राष्ट्रीय मानक स्थापित कर रही है, जहाँ हर चुनाव दशकों के विश्वास और प्रदर्शन की पुष्टि करता है।*

#### गुजराती समझदार हैं, वे सच्चाई जानते हैं

*गुजराती मतदाता शोर या भटकाव से प्रभावित नहीं होते। सोशल मीडिया की झूठी या बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई बातें यहाँ वोट में नहीं बदलतीं। लोग याद रखते हैं कि कौन उनके साथ खड़ा रहा है और वे उन्हीं नेताओं को चुनते हैं जिन पर उन्हें भरोसा होता है। यही स्पष्ट सोच हर बार चुनाव परिणामों में दिखाई देती है। राज्य भाजपा अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा ने गुजरात में जीत पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , आपके मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात विकास का 'रोल मॉडल' बन गया है। उन्होंने स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की इस भव्य जीत के लिए जनता का भी आभार जताया।*

## बिजनेस न्यूज

### भाभा यूनिवर्सिटी की बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने मनाया मलेरिया जागरुकता दिवस

**भोपाल।** भाभा यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग विभाग के बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से मलेरिया जागरूकता दिवस मनाया गया। विश्व मलेरिया दिवस थीम ?मलेरिया का उन्मूलन करने के लिए प्रतिबद्ध , अब हम कर सकते हैं अब हमें करना ही होगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिसरोद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार, आरके मेडिकल कॉलेज, कोलार कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियां नुक्कड़ नाटक मच्छर पर वार, मलेरिया हार, बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा 15 मिनट का नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम प्रो.वीरेंद्र सिसौदिया और ज्योति बारस्कर , फैकल्टी ऑफ नर्सिंग, भाभा यूनिवर्सिटी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पीएचसी मिसरोद के चिकित्सा अधिकारी, सीएचसी कोलार के अधीक्षक एवं आरके मेडिकल कॉलेज प्रबंधन का सहयोग के लिए धन्यवाद। मलेरिया का उन्मूलन तभी संभव है जब हर व्यक्ति, हर परिवार, हर समुदाय प्रतिबद्ध हो।



### एलएनसीटी के छात्रों ने समझा संवैधानिक विधि, दंड प्रक्रिया संहिता के व्यावहारिक रूप को

**भोपाल ।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के कानून यानी विधि की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं ने संवैधानिक विधि, दंड प्रक्रिया संहिता एवं सिविल प्रक्रिया संहिता जैसे विषयों को व्यावहारिक रूप से समझा। मौका था सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया नई दिल्ली का अवलोकन का। इस दरमियान विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन का भी भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को भारत की न्यायिक प्रणाली एवं संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से अवगत हुए। छात्रों ने सर्वोच्च न्यायालय में विभिन्न न्यायालयों की कार्यवाही का अवलोकन किया। छात्रों ने डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर एवं मेमोरियल में उनकी जीवन यात्रा एवं संविधान निर्माण तक के पहलुओं को बारीकी से जाना। इस दौरान आकाश पाटिल (डायरेक्टर, डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, समाजिक एवं न्याय मंत्रालय गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ) से मुलाकात की, जिन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन एवं उनके संविधान निर्माण में योगदान पर छात्रों का मार्गदर्शन किया। यह विजिट प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में की गयी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सौम्या दुबे, करन तिवारी एवं दुर्गेंद्र सिंह राजपूत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### वाहन प्लेसमेंट लीग लांच, 1 करोड़ से ज्यादा के इनाम शामिल

**भोपाल।** वाहन डॉट एआई ने आधिकारिक रूप से वाहन प्लेसमेंट लीग (वीपीएल) 2026 लांच कर दी है, जिसमें मध्य प्रदेश के वाहन लीडर्स को अब तक की सबसे बड़ी प्लेसमेंट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। कुल इनाम 1 करोड़ रुपए से ज्यादा होने के साथ इस साल की लीग में बड़े-बड़े रिवॉर्ड शामिल हैं जैसे महिंद्रा एक्सयूवी700, टाटा नेक्सॉन, टाटा पंच, हार्ले-डेविडसन एक्स440, बीएमडब्ल्यू जी310 आरआर और विदेश यात्रा के पैकेज। वाहन.एआई के फाउंडर और सीईओ, माधव कृष्णा ने कहाकि यह वाहन लीडर्स के लिए कमाई बढ़ाने और अपने बिजनेस को तेजी से आगे बढ़ाने का एक शानदार मौका है। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म पर टॉप परफॉर्म करने वाले वाहन लीडर्स पहले से ही हर महीने 7-15 लाख रुपए तक की कमाई कर रहे हैं, जो इस लीग में मिलने वाले बड़े मौके को दिखाता है। 23 मार्च से 31 मई 2026 तक इंडियन प्रीमियर लीगसीजन के साथ चलने वाली वीपीएल 2026 एक 10 हफ्तों की हाई-इंटेंसिटी प्रतियोगिता है, जिसे खास तौर पर वाहन लीडर्स के लिए तैयार किया गया है।




### वीआईटी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन प्रारंभ

**भोपाल।** वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय परिसर में वीआईटी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (वीआईटीईईई) 2026 का आयोजन प्रारंभ हो गया है। यह परीक्षा 28, 29, 30 अप्रैल तथा 2 और 3 मई, 2026 को आयोजित की जाएगी। वीआईटीईईई भारत भर में वीआईटी परिसरों द्वारा पेश किए जाने वाले स्नातक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है, जिसमें हर साल 2.5 लाख से अधिक छात्र परीक्षा में शामिल होते हैं। वीआईटी की एक प्रतिष्ठित संस्था के रूप में, वीआईटी भोपाल अपने 'फ्यूचर रेडी' पाठ्यक्रमों और स्मार्ट लर्निंग इकोसिस्टम के माध्यम से वैश्विक क्षमताओं को बढ़ावा दे रहा है। तेजी से विकसित हो रहे आर्थिक, सांस्कृतिक, तकनीकी और पर्यावरणीय परिवर्तनों के प्रति सक्रिय दृष्टिकोण अपनाते हुए, वीआईटी भोपाल छात्रों को आधुनिक विश्व में अपेक्षित दक्षताओं के साथ तैयार करने में अग्रणी बना हुआ है। विश्वविद्यालय का यह सशक्त शैक्षणिक वातावरण इसकी उत्कृष्ट प्लेसमेंट उपलब्धियों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। प्लेसमेंट प्रणाली के अंतर्गत प्रतिवर्ष 750 से अधिक प्रतिष्ठित संस्थान कैंपस भर्ती प्रक्रिया में भाग लेते हैं। वर्ष 2026 में वीआईटी भोपाल में 70 लाख का उच्चतम वार्षिक पैकेज प्राप्त हुआ, जो पूर्व वर्षों के 59 लाख के उच्चतम पैकेज से अधिक है। यह उपलब्धि कैंपस की निरंतर प्रगति और विकास को दर्शाती है।



### मप्र के युवाओं के लिए आय के अवसर बढ़ा रहा है रैपिडो: पवन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कई शहरों में रोजगार के अवसर सीमित बने हुए हैं ऐसे में रैपिडो हजारों युवाओं के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनकर उभर रहा है। जनवरी और फरवरी 2026 में 40 लाख से अधिक राइड्स पूरी होने के साथ, यह प्लेटफॉर्म न केवल दैनिक यात्रा को बेहतर बना रहा है बल्कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर जैसे शहरों में लचीले कमाई के अवसर भी प्रदान कर रहा है। यह बात रैपिडो सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कही। उन्होंने कहाकि रैपिडो राज्य में हर महीने अपने प्लेटफॉर्म पर लगभग 1.3 लाख कैप्टनों को जोडक़र आय के अवसरों तक पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कई लोगों के लिए, खासकर छोटे शहरों में रहने वालों के लिए, यह या तो मुख्य आजीविका का साधन बन रहा है या फिर एक भरोसेमंद अतिरिक्त आय का स्रोत है। औसतन बाइक कैप्टन लगभग 28,000 प्रति माह, ऑटो कैप्टन करीब 30,000 और कैब कैप्टन लगभग 35,000 प्रति माह कमा लेते हैं। इन कमाई के आंकड़ों को प्रोत्साहन (इंसेंटिव), पीक-आवर प्राइसिंग और सेवा श्रेणियों के बीच स्विच करके अधिकतम उपयोग करने जैसे कई आय स्रोतों का समर्थन मिलता है। भोपाल और इंदौर राइड की मांग और कैप्टन भागीदारी के मामले में लगातार अग्रणी बने हुए हैं और विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहे हैं साथ ही, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे शहर भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।



चिंतन

# रिकॉर्ड मतदान, अब नेताओं पर परफॉर्मेंस का दबाव

पश्चिम बंगाल समेत देश के पांच राज्यों में हुए हालिया चुनावों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक जीवंत चेतना है। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा मतदान प्रतिशत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जनता अब राजनीति को दूर से देखने वाली भीड़ नहीं, बल्कि फैसले लेने वाली ताकत बन चुकी है। बता दें कि बंगाल के दूसरे चरण में 90 फीसदी मतदान हुआ है। वहीं, पहले चरण में 93 फीसदी से अधिक मतदान हुआ था। जब किसी चुनाव में 90 प्रतिशत के आसपास मतदान दर्ज होता है, तो यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं रहता, बल्कि यह जनादेश की गंभीरता और जनता की मंशा का स्पष्ट संदेश बन जाता है। अब इससे नेताओं पर भी परफॉर्मेंस का दबाव बनेगा कि वे किसी एक समुदाय या विशेष क्षेत्र के लिए नहीं, अपितु सभी के लिए योजना और नीतियां तैयार करें। चूंकि प्रदेश की लगभग पूरी आबादी ने मतदान में भाग लिया है। पश्चिम बंगाल में दोनों चरणों में 90 फीसदी से अधिक मतदान अपने आप में ऐतिहासिक है। यह न केवल राज्य का, बल्कि पूरे देश का एक नया रिकॉर्ड बन गया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड अब तक त्रिपुरा में 91.82% (2013) में दर्ज हुआ था। यह परिघटना बताती है कि मतदाता अब उदासीन नहीं है। वह अपने अधिकार को लेकर सजग है और सत्ता को यह बताने के लिए तैयार है कि उसकी अपेक्षाएं क्या हैं, लेकिन उच्च मतदान प्रतिशत को केवल लोकतंत्र का उत्सव मान लेना एक अधूरा विश्लेषण होगा। बंगाल की राजनीतिक पृष्ठभूमि हमेशा से संघर्ष, ध्रुवीकरण और आरोप-प्रत्यारोप से भरी रही है। इस बार भी हालात अलग नहीं दिखे। एक ओर ममता बनर्जी ने केंद्रीय बलों पर गंभीर आरोप लगाए। यहां तक कहा कि वे एक विशेष पार्टी के हित में काम कर रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर भाजपा ने ईवीएम में छेड़छाड़ जैसे आरोपों के जरिए चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। यह स्थिति बताती है कि चुनाव केवल मतदाताओं का उत्सव नहीं, बल्कि राजनीतिक अविश्वास की परीक्षा भी है। ऐसे माहौल में चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। आयोग के लिए यह चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजामों के दावे तभी सार्थक माने जाएंगे, जब मतदान न केवल शांतिपूर्ण, बल्कि पूरी तरह निष्पक्ष भी साबित हो। हालांकि, इस पूरे परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण संदेश जो उभरकर सामने आता है, वह है जनता का बदला हुआ रुख। अब मतदाता केवल जाति, धर्म या क्षेत्रीय समीकरणों के आधार पर वोट देने तक सीमित नहीं रह गया है। रिकॉर्ड मतदान इस बात का संकेत है कि जनता अब अपने प्रतिनिधियों से जवाबदेही चाहती है। अब चार मई को आने वाले नतीजे यह तय करेंगे कि पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम और पुडुचेरी में सत्ता किसके हाथ जाएगी। असली फैसला तो जनता पहले ही कर चुकी है। वह यह कि अब उसे सिर्फ वादे नहीं, प्रदर्शन चाहिए। अब सरकारें घोषणाओं से नहीं, काम से आंकी जाएंगी। कुल मिलाकर रिकॉर्ड मतदान भारतीय लोकतंत्र की ताकत का प्रमाण है, लेकिन यह नेताओं के लिए एक चेतावनी भी है। यह स्पष्ट संकेत है कि जनता जाग चुकी है और अब वह हर पांच साल में सिर्फ वोट डालकर नहीं, बल्कि अपने फैसले के परिणाम भी देखना चाहती है। इसलिए आने वाली सरकारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि उस भरोसे को बनाए रखना होगा, जो जनता ने रिकॉर्ड मतदान के जरिए उन पर जताया है।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

# रघुवंशी हत्याकांड और न्याय की चुनौतियां

राजा रघुवंशी का प्रकरण आधुनिक समय की उन सबसे हृदयविदारक घटनाओं में से एक है जिसने भारतीय समाज की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। यह मात्र एक आपराधिक घटना नहीं है, बल्कि यह मानवीय संवेदनाओं, अटूट विश्वास और विश्वासघात की पराकाष्ठा का एक ऐसा दस्तावेज है, जो हमारी न्याय प्रणाली की सूक्ष्मताओं को भी कटघरे में खड़ा करता है। वर्ष यह दु:खद कथा जनमानस के बीच गहन विमर्श का केंद्र बनी हुई है, विशेषकर उस समय जब इस संपूर्ण प्रकरण की मुख्य अभियुक्त को न्यायालय से सशर्त मुक्ति प्राप्त हुई है। इस घटना ने यह सिद्ध कर दिया है कि कभी-कभी वास्तविकता किसी भी काल्पनिक कथा से अधिक भयावह और विचलित करने वाली हो सकती है।

राजा रघुवंशी का प्रकरण आधुनिक समय की उन सबसे हृदयविदारक घटनाओं में से एक है जिसने भारतीय समाज की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। यह मात्र एक आपराधिक घटना नहीं है, बल्कि यह मानवीय संवेदनाओं, अटूट विश्वास और विश्वासघात की पराकाष्ठा का एक ऐसा दस्तावेज है, जो हमारी न्याय प्रणाली की सूक्ष्मताओं को भी कटघरे में खड़ा करता है। वर्ष 2025 में आरंभ हुई यह दुःखद कथा 2026 में भी जनमानस के बीच गहन विमर्श का केंद्र बनी हुई है, विशेषकर उस समय जब इस संपूर्ण प्रकरण की मुख्य अभियुक्त को न्यायालय से सशर्त मुक्ति प्राप्त हुई है। इस घटना ने यह सिद्ध कर दिया है कि कभी-कभी वास्तविकता किसी भी काल्पनिक कथा से अधिक भयावह और विचलित करने वाली हो सकती है।

इस संपूर्ण घटनाक्रम की जड़ें इंदौर के एक सामान्य परिवार से जुड़ी हैं। इंदौर के निवासी राजा रघुवंशी का विवाह 11 मई 2025 को सोनम के साथ अत्यंत हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ था। परिवार के सदस्यों और मित्रों के अनुसार यह एक अत्यंत सुखी और सामान्य विवाह प्रतीत होता था, जिसमें किसी भी प्रकार के तनाव या विवाद की कोई सुगबुगाहट नहीं थी। विवाह के पश्चात के रीति-रिवाजों को पूर्ण करने के बाद, अपनी नई जीवन यात्रा को स्मरणीय बनाने के उद्देश्य से यह दंपति मेघालय की प्राकृतिक छटाओं का आनंद लेने के लिए प्रस्थान कर गया। उस समय किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि खुशियों की यह खोज एक भयानक त्रासदी में परिवर्तित होने वाली है। मेघालय की वादियों में भ्रमण के दौरान 23 मई 2025 वह अंतिम तिथि थी, जब राजा और सोनम को अंतिम बार एक साथ देखा गया था। इसके पश्चात अचानक उनका अपने परिवार से संपर्क विच्छेद हो गया। अंततः स्थानीय प्रशासन और पुलिस को इस संदर्भ में सूचित किया गया। कई दिनों की निरंतर खोज और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों का सामना करने के पश्चात 2 जून 2025 को राजा का निष्प्राण शरीर एक अत्यंत गहरी खाई से बरामद किया गया। इस समाचार ने न केवल रघुवंशी परिवार को अपूर्णीय क्षति पहुंचाई बल्कि संपूर्ण देश में सनसनी फैला दी। प्रारंभिक स्तर पर यह मामला एक रहस्यमय दुर्घटना प्रतीत हो रहा था क्योंकि राजा की पत्नी सोनम उस स्थान से लापता थी। पुलिस ने अपनी जांच की दिशा बदली और विभिन्न राज्यों में तलाशी अभियान चलाया। अंततः 8 जून 2025 को पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली, जब सोनम को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले से बंदी बना लिया गया। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, वैसे-वैसे इस घटना के पीछे छिपे काले सत्यों की परतें खुलने लगीं। जांच अधिकारियों ने उद्घेदन किया कि राजा की मृत्यु कोई संयोग या दुर्घटना नहीं थी, अपितु यह एक अत्यंत सुव्यवस्थित और क्रूर षड्यंत्र का परिणाम थी। पुलिस के अनुसार, सोनम ने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा और 3 अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर इस जघन्य अपराध की रूपरेखा तैयार की थी। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि हत्या की इस वारदात को मेघालय के सोहरा क्षेत्र के अत्यंत दुर्गम और एकांत स्थान पर अंजाम दिया गया था। वहां अपराधी पूर्व से ही घात लगाकर बैठे थे। आरोप है कि सोनम सुनियोजित तरीके से राजा को उस एकांत स्थान पर ले गई, जहां पूर्व निर्धारित योजना के



अनुसार हमलावरों ने उस पर प्रहार किया और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से उसके शरीर को खाई में फेंक दिया। यह विवरण किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को विचलित करने के लिए पर्याप्त था, क्योंकि यह उस पवित्र बंधन के विरुद्ध था, जिसमें दो व्यक्ति एक-दूसरे की सुरक्षा का वचन लेते हैं। आरक्षी विभाग ने इस मामले में न्यायालय के समक्ष लगभग 790 पृष्ठों का एक विशाल आरोप पत्र प्रस्तुत किया। अभियुक्तों की ओर से कई बार जमानत के लिए आवेदन किया गया, परंतु अपराध की प्रकृति और साक्ष्यों की प्रबलता को देखते हुए आरंभिक 3 प्रयासों में सोनम को कोई राहत नहीं मिली। वह लगभग 10 महीनों तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल की सलाखों के पीछे रही। वर्ष 2026 के अप्रैल माह में इस प्रकरण ने एक अप्रत्याशित मोड़ लिया। शिलांग की एक अदालत ने सोनम की जमानत याचिका पर विचार करते हुए उसे मुक्त करने का आदेश दिया। न्यायालय ने अपने निर्णय में जांच प्रक्रिया में व्याप्त कुछ गंभीर विसंगतियों और तकनीकी त्रुटियों को आधार बनाया। न्यायालय का यह प्रेक्षण था कि गिरफ्तारी के समय अभियुक्त को उसके अधिकारों और आरोपों की जानकारी उस प्रकार नहीं दी गई, जैसा कि विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया में अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, दस्तावेजों के रख-रखाव में भी कुछ प्रक्रियात्मक कमियां पाई गईं। न्यायालय ने इस बात पर भी बल दिया कि बिना किसी अंतिम निर्णय के किसी व्यक्ति को अनिश्चितकाल तक कारावास में रखना मानवाधिकारों के दृष्टिकोण से उचित नहीं है, विशेषकर तब, जब मुकदमे की कार्यवाही की गति धीमी हो। यद्यपि न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि जमानत प्रदान करने का अर्थ अभियुक्त को निर्दोष घोषित करना नहीं है, फिर भी इस निर्णय ने एक नई बहस को जन्म दे दिया। राजा रघुवंशी के वृद्ध माता-पिता और परिजनों के लिए यह आदेश किसी वज्रपात से कम नहीं था। उनका तर्क है कि जिस महिला पर उनके पुत्र की हत्या का इतना गंभीर आरोप है और जिसके विरुद्ध पुलिस ने 790 पृष्ठों के साक्ष्य जुटाए हैं, उसे केवल तकनीकी त्रुटियों के आधार पर राहत मिलना न्याय की अवधारणा के विपरीत है। यह प्रकरण समाज के सम्मुख कई गंभीर प्रश्न प्रस्तुत करता है। यह व्यक्तिगत संबंधों में बढ़ती असुरक्षा और स्वार्थपरता को उजागर करता है। यह घटना दर्शाती है कि किस प्रकार आधुनिक जीवनशैली और अनैतिक आकांक्षाएं व्यक्ति को इतने बड़े अपराध की ओर धकेल सकती हैं। साथ ही, यह मामला हमारी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर भी उंगली उठाता है। यदि पुलिस ने जांच और गिरफ्तारी के समय स्थापित नियमों का पूर्णतः पालन किया होता, तो शायद आज अभियुक्त को तकनीकी आधार पर जमानत न मिलती। यह प्रकरण यह भी सिखाता है कि न्याय केवल भावना से नहीं बल्कि ठोस तथ्यों और सही कानूनी प्रक्रिया से प्राप्त होता है। सामाजिक स्तर पर यह घटना एक चेतावनी की भांति है जो यह बताती है कि विवाह जैसे निर्णय अत्यंत सोच-विचार कर लिए जाने चाहिए और समाज में बढ़ते अपराधों के प्रति सतर्कता अनिवार्य है।

यद्यपि मुख्य अभियुक्त कारागार से बाहर है, किंतु कानूनी संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है। न्यायालय में गवाही और साक्ष्यों का परीक्षण निरंतर जारी रहेगा। समाज की दृष्टि अब उच्च न्यायालय और ट्रायल कोर्ट के अंतिम निर्णय पर टिकी है। राजा रघुवंशी के परिवार को अभी भी विश्वास है कि अंततः सत्य की विजय होगी और उनके पुत्र के हत्यारों को उनके कृत्य का दंड अवश्य मिलेगा। यह कहानी एक दुखद सत्य के साथ समाप्त नहीं होती, बल्कि यह न्याय की उस लंबी और कठिन डगर का प्रतीक बन गई है, जिस पर आज भी भारत का एक साधारण परिवार न्याय की आस में चल रहा है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

बलिदान दिवस
आचार्य दीपचन्द भारद्वाज



# अफ़गानों का काल बने सरदार हरि सिंह नलवा

भारतवर्ष की धरा का इतिहास पराक्रमी वीर योद्धाओं के त्याग, वीरता और बलिदान की गाथाओं से परिपूर्ण है। हमारे यहां ऐसे रणबांकुरे हुए हैं जिनका नाम सुनने मात्र से ही शत्रु कांप जाते थे। सरदार हरि सिंह नलवा भारतीय इतिहास के उन अद्वितीय योद्धाओं में गिने जाते हैं, जिनकी वीरता और पराक्रम के किस्से आज भी हमारे हृदय में प्रेरणा का संचार करते हैं। सन् 1791 को पंजाब के गुजरांवाला में जन्मे हरि सिंह नलवा बाल्यकाल से ही साहसी, निर्भीक और प्रतिभाशाली थे। इनके पिता गुरदयाल सिंह उप्पल का निधन तब हो गया था, जब वह मात्र 7 वर्ष के थे।

विकट परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने साहस, युद्ध कौशल के बल पर अपनी पहचान अर्जित की। बचपन से ही युद्ध कला में प्रवीण थे। बसंत पंचमी के अवसर पर एक बार 1805 में महाराजा रणजीत सिंह ने एक प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। हरि सिंह नलवा भी उस प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाने पहुंचे। हरि सिंह ने उस प्रतियोगिता में भाला, तीरंदाजी, घुड़सवारी में अद्भुत प्रदर्शन किया जिससे प्रभावित होकर महाराज रणजीत सिंह ने उन्हें अपनी सेना में शामिल कर लिया। धीरे-धीरे महाराणा रणजीत सिंह के वे विश्वास पात्र बन गए तथा एक कुशल योद्धा और उत्कृष्ट रणनीतिकार के रूप में स्थापित हुए। एक बार महाराजा रणजीत सिंह जंगल में अपने सैनिकों के साथ शिकार करने गए और उनके साथ हरि सिंह नलवा भी थे। तभी अचानक एक बाघ ने महाराजा पर हमला कर दिया। सभी सैनिक डर गए, तभी हरि सिंह आगे निकल कर आए और शेर से भिड़ गए तथा उसके जबड़े को अपने दोनों हाथों से चीर दिया। हरि सिंह से प्रभावित होकर रणजीत सिंह ने कहा कि तुम तो राजा नल जैसे वीर बहादुर हो। इसी घटना के बाद उन्हें 'नलवा' की उपाधि मिली, जिसका अर्थ है बाघ जैसा वीर । वे ऐसे धुरंधर योद्धा थे जिसकी तुलना अंग्रेज नेपोलियन से करते थे।



हरि सिंह केवल नाम के ही सिंह नहीं थे, बल्कि उनके पराक्रम और शौर्य ने पूरे अफगानिस्तान को हिला कर रख दिया था। यह उस कालखंड की बात है जब अफगानिस्तान के लड़ाकों से भारत डरा करता था। सबसे पहले महाराजा रणजीत सिंह ने इनको 800 घुड़सवारों की सेना का सेनानायक बनाया। हरि सिंह ने बीस से अधिक युद्धों में महाराजा रणजीत सिंह की सेना का कुशल नेतृत्व किया। 1807 से 1837 तक हरि सिंह ने अफगानों के खिलाफ कई महत्वपूर्ण युद्ध लड़े और विजय प्राप्त करके सिख साम्राज्य को सुदृढ़ता प्रदान की। नलवा ने अफगानिस्तान पर चढ़ाई करके उनकी राजधानी काबुल तक छीन ली थी। अपनी कूटनीति और पराक्रम के बल पर खैबर दर्रे तक अफ़गानों को पीछे धकेल दिया था। यही खैबर दर्रा सदियों से विदेशी अफगान आक्रमणकारियों का प्रमुख मार्ग रहा था। इस प्रकार हरि सिंह ने भारत की सीमाओं को सुरक्षित करने का सराहनीय कार्य किया। महाराजा रणजीत सिंह ने हरी सिंह नलवा को कश्मीर और पेशावर का गवर्नर नियुक्त किया, जो उनकी प्रशासनिक क्षमता का प्रमाण है। सिख साम्राज्य के विस्तार और उसको सुरक्षित बनाने में हरि सिंह नलवा का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वे ऐसे अजेय योद्धा थे, जिनके पराक्रम का आतंक शत्रुओं के मानस पटल पर भी छाया हुआ था। हरि सिंह ने ही जमरूद के महत्वपूर्ण किले का निर्माण करवाया था। उनके बारे में यह भी कहा जाता है कि - 'अफगान माताएं अपने बच्चों के रोने पर उन्हें चुप कराने के लिए कहा करती थी कि चुप हो जा, वरना नलवा आ जाएगा'। यह केवल लोककथा नहीं, बल्कि उनके अद्भुत युद्ध कौशल, साहस और निडरता का जीवंत प्रमाण है। उनकी वीरता और युद्ध कौशल की चर्चाएं चारों तरफ फैली हुई थी। युद्ध के मैदान में इस वीर योद्धा नलवा को देखते ही शत्रु मैदान छोड़ जाया करते थे। 1837 में जमरूद के युद्ध के दौरान उनकी वीरता अपने चरम पर थी। तभी अफगान सेना ने जमरूद के किले पर अचानक आक्रमण कर दिया। सीमित संसाधनों और कम सैनिकों के साथ भी हरि सिंह ने अफगान सेना का डटकर सामना किया।

शारीरिक रूप से अस्वस्थ होते हुए भी हरि सिंह ने निर्भीकता से इस युद्ध को लड़ा। अंततः यह वीर योद्धा जमरूद के इस युद्ध में 30 अप्रैल 1837 को वीरगति को प्राप्त हुआ। सरदार हरि सिंह नलवा की तुलना भारत के श्रेष्ठ सेना नायकों में की जाती है। भारत के प्रति हरि सिंह नलवा की प्रतिबद्धता, त्याग, बलिदान और कर्तव्य निष्ठा इतिहास में सदैव अमर रहेगी।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित
दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं।

## धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित
प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गांव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गांव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गांव में अंदर गया तो उसने देखा वहां एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहां नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गयी और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## सटाका




## आज की पाती

### तरसना न पड़ जाए जल की एक-एक बूंद के लिए

हाल ही में केंद्रीय जल आयोग ने हमें एक बहुत बड़ी चिंता में डालने वाला आंकड़ा देश के विभिन्न राज्यों के जलाशयों में घटते पानी को लेकर पेश किया है। इस आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश के लगभग 166 मुख्य जलाशयों में मात्र 41 प्रतिशत के आसपास पानी बचा है। पश्चिमी भारत, हिमाचल और उत्तराखंड में स्थिति बेहद खराब बताई गई है, यहां तो जलाशयों का जल स्तर 90 प्रतिशत के नीचे बताया गया है। केंद्रीय जल आयोग के इन चिंताजनक आंकड़ों पर आज से नहीं, बल्कि अभी से गंभीरता नहीं दिखाई गई तो देश के बहुत से राज्यों में जल संकट इस कद्र गहरा सकता है कि वहां पानी की एक-एक बूंद को तरसना पड़ सकता है। जल को अगर इसी तरह प्रदूषित व बर्बाद किया जाता रहा, तो संकट पैदा होगा। *- बबिता, करनाल*

## करंट अफेयर

### श्रीलंका के चेम्मानी में फिर शुरू होगी सामूहिक कब्रों की खुदाई

श्रीलंका की एक अदालत ने जाफना के बाहरी इलाके चेम्मानी में स्थित एक सामूहिक कब्र की खुदाई का काम फिर से शुरू करने का आदेश दिया है, जो पहली बार 1990 के दशक में लिट्टे संघर्ष के दौरान चर्चा में आयी थी और इसकी खुदाई का काम सात महीने पहले रोक दिया गया था। न्याय मंत्रालय द्वारा धनराशि फिर से आवंटित करने में देरी के कारण उत्तरी प्रांत के चेम्मानी में खुदाई का काम पिछले साल सितंबर में रुक गया था। जाफना मजिस्ट्रेट कोर्ट को मंगलवार को बताया गया कि 21 लाख श्रीलंकाई रुपये (एलकेआर) का आवंटन उपलब्ध करा दिया गया है ताकि काम फिर से शुरू किया जा सके। अदालत ने यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, इटली और रोमानिया के राजनयिक प्रतिनिधियों को खुदाई स्थल पर निरीक्षण के लिए उपस्थित रहने की अनुमति दी। खुदाई कार्य के 45 दिनों के बाद जब दूसरे चरण का काम रोक दिया गया तब तक 240 कंकाल अवशेष निकाले जा चुके थे। खुदाई में कंकालों के अलावा, 14 हड्डियों का ढेर और शिशुओं के लिए दूध की बोतलें, एक गुड़िया, खिलौने और बच्चों के थैले तथा जूते जैसी वस्तुएं भी मिलीं।



## ऑफ बीट

### रोबोट दौड़ने और टेबल टेनिस खेलने में सक्षम

एक 'ह्यूमनॉइड' रोबोट ने हाल ही में हाफ मैराथन दौड़कर और मानव विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़कर दुनिया भर में सुर्खियां बटोरीं। लगभग उसी समय, एआई-संचालित एक रोबोट ने टेबल टेनिस में एक शीर्ष खिलाड़ी को भी हरा दिया। रोबोट को खेल सिखाने की प्रक्रिया मानव खिलाड़ियों से पूरी तरह अलग होती है। रोबोट को 'सिमुलेशन', 'डेटा' और नियंत्रण 'एल्गोरिदम' के जरिए प्रशिक्षित किया जाता है। इंजीनियर वर्चुअल वातावरण तैयार करते हैं, जहां रोबोट लाखों बार अभ्यास कर सकते हैं। वे वस्तुओं को ट्रैक करना, गति का अनुमान लगाना और शरीर का समन्वय करना सीखते हैं। तेज गति वाले खेल जैसे टेबल टेनिस में यह चुनौती और कठिन हो जाती है, जहां रोबोट को गेंद की दिशा का अनुमान लगाकर कुछ ही क्षणों में सटीक प्रतिक्रिया देनी होती है। इसके लिए कंप्यूटर विजन, मशीन लर्निंग और रीयल-टाइम कंट्रोल का घनिष्ठ समन्वय जरूरी है। हाल के वर्षों में सिम-टू-रियल तकनीक ने इस क्षेत्र में प्रगति को काफी तेज किया है जिसमें 'सिमुलेशन' में सीखी गई क्षमताओं को वास्तविकता में लागू किया जाता है। रोबोट बास्केटबॉल और फुटबॉल जैसे खेलों में भी अब केवल गेंद को पहचानने तक सीमित नहीं हैं।



## ट्रेंड

### सब कुछ महंगा होगा

चुनाव की राहत खत्म, महंगाई की मार अब शुरू होने वाली है! सावधान हो जाइए - पेट्रोल, डीजल, सब कुछ महंगा हो जाएगा। जब तेल सस्ता था, मोदी सरकार ने मुनाफा कमाया। अब जब यह महंगा हो गया है, तो इसका बोझ आप पर पड़ेगा।
**-राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस



### विशेषाधिकार की प्रवृत्ति

जब महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित करने का समय आया, तो महिला-विरोधी विपक्ष ने गरिमा और न्याय की बजाय विलंब और व्यवधान को चुना। यह संकोच नहीं है। यह विशेषाधिकार को बनाए रखने की प्रवृत्ति है।
**-रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली



### दोहरी विकास प्रणाली

हमारी दोहरी विकास प्रणाली वाली सरकार महिलाओं की उन्नति के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम न केवल आर्थिक स्वतंत्रता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं, बल्कि शिक्षा और रोजगार अवसरों में आने वाली बाधाओं को भी दूर कर रहे हैं।
**-मोहन चरण माझी,** सीएम, ओडिशा



### 10 गुना अधिक सीटें

गुजरात में हमारे सैकड़ों कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, उन्हें जेल भेजा गया, लेकिन फिर भी उन्होंने दृढ़ता से चुनाव लड़ा। आम आदमी पार्टी ने पिछली बार की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक सीटें जीती हैं।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# होम्योपैथी अस्पताल में शुरू हुई सोरायटिक आर्थराइटिस यूनिट

## अब होम्योपैथी में भी मिलेगा चकत्ते के साथ दर्द-सूजन का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलियासोत पहाड़ी पर बने शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में सोरायटिक आर्थराइटिस के इलाज के लिए नई यूनिट शुरू की गई है।

यह पहल केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद के सहयोग से साल 2021 से संचालित रिसर्च एंड ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाते हुए की गई है। इस यूनिट में मरीजों को अध्ययन आधारित इलाज, परामर्श और दीर्घकालिक प्रबंधन की



सुविधा मिलेगी। महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. एसके मिश्रा के अनुसार यह बीमारी त्वचा और जोड़ों दोनों को प्रभावित करती है, जिससे मरीजों को गंभीर तकलीफ होती है। नई इकाई प्रदेश के मरीजों के लिए राहतभरी पहल मानी जा रही है। महाविद्यालय में स्थापित इस विशेष इकाई के माध्यम से मरीजों को शोध आधारित उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। यह इकाई न केवल इलाज करेगी, बल्कि रोग की पहचान, प्रबंधन और जागरुकता बढ़ाने का भी काम करेगी।

प्रदेश के अधिक से अधिक मरीजों को इस सुविधा का लाभ मिल सके, इसके लिए यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यहां मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श भी दिया जाएगा, जिससे वे बीमारी को बेहतर तरीके से समझ सकें।

### सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मिलेगा इलाज

इस विशेष इकाई में उपचार के लिए मरीज कार्यालय समय सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए 8853203416 नंबर जारी किया गया है। संस्थान द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, यह यूनिट शोध, पहचान एवं होम्योपैथी के प्रभावी उपचार एवं प्रबंधन पर कार्य करेगी और मरीजों को जागरूक भी बनाएगी।

### जटिल बीमारी है सोरायटिक आर्थराइटिस

सोरायटिक आर्थराइटिस एक ऐसी बीमारी है, जो त्वचा रोग सोरायसिस से जुड़ी होती है और शरीर के जोड़ों को प्रभावित करती है। इस रोग में त्वचा पर चकत्ते, लालिमा, जलन और पपड़ी जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। यह बीमारी आमतौर पर 30 से 50 वर्ष की उम्र में अधिक देखी जाती है, हालांकि यह किसी भी आयु वर्ग में हो सकती है। पुरुष और महिलाएं दोनों ही इससे प्रभावित हो सकते हैं। समय पर इलाज न मिलने पर यह बीमारी गंभीर रूप ले सकती है और जोड़ों को स्थायी नुकसान पहुंचा सकती है।

**डॉ. जूही गुप्ता, इंचार्ज,** होम्योपैथी वेलनेस सेंटर

नोटिस के बाद भी संचालक ने पेश नहीं किया जवाब

# फिनिक्स का गोदाम होगा सील, पेंडिंग बुकिंग दूसरी एजेंसियों पर हुई शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खाद्य विभाग में सहायक आपूर्ति अधिकारी रहे बीपी शर्मा की फिनिक्स एचपीसीएल गैस एजेंसी को सस्पेंड करने के बाद खाद्य विभाग एजेंसी में रखे स्टॉक को देखकर गोदाम को सील करेगा। इधर, एजेंसी पर पेंडिंग चल रही बुकिंग को बीएस, सारा और एक अन्य एजेंसी में शिफ्ट कर दिया गया है। उपभोक्ताओं को इन एजेंसियों से होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर भेजा जाएगा। इधर, बुधवार को नोटिस का जवाब पेश किया जाना था, लेकिन संचालक ने जवाब पेश नहीं किया है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को जवाब पेश किया जा सकता है।

पंद्रह दिन पहले खाद्य विभाग की जांच में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के डिलीवर्ड मैसेज के बाद भी सिलेंडर नहीं देने पर हंगामा खड़ा हो गया था। जांच में यहां दो ट्रक सिलेंडरों के रिकार्ड में गड़बड़ी सामने आई थी। सिलेंडरों की कालाबाजारी को लेकर एचपी कंपनी ने एजेंसी को सस्पेंड कर दिया है। अपर कलेक्टर सुमित पांडे का कहना है कि गड़बड़ी को लेकर फिनिक्स एजेंसी को सस्पेंड किया गया है। उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी में सिलेंडर घर पहुंचाया जाएगा।

### नोटिस की मियाद पूरी, पेश नहीं किया जवाब

खाद्य विभाग ने फिनिक्स एजेंसी संचालक बीपी शर्मा, मैनेजर और एचपी कंपनी के सेल्स ऑफीसर शैलेंद्र सोढा को नोटिस जारी किए थे, जिसके तहत बुधवार को इनके नोटिस का जवाब पेश किया जाना था, लेकिन संचालक ने जवाब पेश नहीं किया। बताया जा रहा है कि गुरुवार को जवाब पेश किया जा सकता है। वहीं फिनिक्स एजेंसी में सिलेंडरों की कालाबाजारी को लेकर खाद्य विभाग ने एजेंसी को पत्र लिखकर सिलेंडर का रिकॉर्ड मांगा था, लेकिन एजेंसी ने नहीं दिया है।

रोहित सोसाइटी सहित एक दर्जन समितियों की अपर कलेक्टर करेंगे जांच

# सिंगल विंडो पर निपटेंगे हाउसिंग सोसाइटियों के केस, 900 सदस्यों को प्लॉट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की हाउसिंग सोसाइटियों के 900 से अधिक सदस्यों को प्लॉट आवंटन करने के मामले में सहकारिता विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिसकी वजह से इन लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। कई बार इन लोगों को प्लॉट देने की लिस्ट तैयार की गई है, जिसके तहत 941 लोगों को प्लॉट को लेकर इंतजार है। तीन साल पहले सहकारिता माफिया के खिलाफ अभियान चलाया गया था, लेकिन ऐन वक्त पर इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अब कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने दोबारा से हाउसिंग सोसाइटियों से जुड़ी शिकायतों को निपटाने की जिम्मेदारी आईएएस और अपर कलेक्टर सुमित पांडे को सौंपी है।

**11 हाउसिंग सोसाइटी के 900 सदस्यों को प्लॉट का इंतजार**



### अपर कलेक्टर को जांच करने की हिदायत

जनसुनवाई में आ रही शिकायतों को देखते हुए कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को सभी शिकायतों को एकत्रित कर जांच करने की हिदायत दी गई है, जिसके आधार पर सिंगल विंडो के तहत हाउसिंग सोसाइटियों से जुड़े सदस्यों को प्लॉट दिलवाए जाएंगे। रोहित हाउसिंग सोसाइटी की सदस्य प्रीति सक्सेना, कन्हैयालाल बिजलानी, भूपेंद्र सिंह सहित अन्य ने शिकायत में बताया कि 15 सालों से प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं कराई गई है।

### सीएम हेल्पलाइन में 285 शिकायत पेंडिंग

जिले में सहकारिता विभाग की 285 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें पेंडिंग चल रही हैं। यह शिकायत हाउसिंग सोसाइटियों में सदस्यों को बाहर करने, प्लॉट नहीं देने, रजिस्ट्री नहीं कराने, बाहरी लोगों को प्लॉट देने, राशि लेने के बाद भी प्लॉट आवंटन में देरी सहित अन्य तरह की शिकायतें पेंडिंग हैं।

### इन सोसाइटियों के सदस्यों को प्लॉट का इंतजार

रोहित, महाराजा अग्रसेन, दि भोपाल पुलिस गृह निर्माण, वरुण गृह निर्माण, अशोक गृह निर्माण, दानिश गृह निर्माण, कान्हा कुंज गृह निर्माण, आदर्श, उद्योग शिल्पी, जन सहयोग, विशाल और बुंदेलखंड गृह निर्माण समिति के सदस्यों को प्लॉट नहीं मिले हैं।

### एक जगह होगी सुनवाई

हाउसिंग सोसाइटियों से जुड़ी शिकायतें जनसुनवाई व अन्य माध्यम से मिल रही हैं। एक ही शिकायत अलग-अलग विभागों में दर्ज की जा रही है, जिसको देखते हुए एक ही जगह सुनवाई की व्यवस्था की जाएगी।

**प्रियंक मिश्रा,** कलेक्टर

## मंत्री लखन पटेल ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

**भोपाल।** मप्र शासन के मंत्री लखन पटेल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, मिर्जा अबशान बेग, (MIRZA ABSHAN BAIG) पुत्र मिर्जा शारिक बेग (MIRZA SHARIQUE BAIG) फ्लैट नंबर ए-4, बादशाह अपार्टमेंट, एचडीएफसी बैंक के पास, कोहेफि जा, भोपाल, मध्य प्रदेश - 462001। मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम मिर्जा अबशान मिर्जा शारिक बेग दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम मिर्जा अबशान बेग (MIRZA ABSHAN BAIG) पुत्र मिर्जा शारिक बेग (MIRZA SHARIQUE BAIG ) है, जो मेरे आधार कार्ड (9638 8195 7163) में भी दर्ज है। अब मैं इसे अपने पासपोर्ट में भी दर्ज करवाना चाहता हूँ।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, निशा मांडलिक (Nisha Mandlik) पत्नी स्व. श्री तुषार मांडलिक निवासी–10/7 ई–3, एक्सटेशन, शालीमार एन्क्लेव, भोपाल म.प्र.–462016। सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मेरा नाम निशा मांडलिक (Nisha Mandlik) है, जो कि मेरे आधार कार्ड न.9808 5688 8393 एवं पेन कार्ड में दर्ज व अंकित है एवं मेरा पासपोर्ट नं. B0945234 में मेरा नाम Nisha Narayan Bhalerao अंकित है। विवाह के पूर्व मुझे निशा नारायण भालेराव (Nisha Narayan Bhalerao) के नाम से जाना जाता था। अतः निशा नारायण भालेराव (Nisha Narayan Bhalerao) पुत्री श्री नारायण भालेराव निशा मांडलिक (Nisha Mandlik) एवं निशा नारायण भालेराव (Nisha Narayan Bhalerao) दोनो नाम एक ही व्यक्ति के मेरे स्वयं के नाम है। अतः भविष्य में मुझे श्रीमती निशा मांडलिक (Nisha Mandlik) पत्नी स्व. श्री तुषार मांडलिक के नाम से जाना, पहचाना एवं लिखा जावे।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, सीहोर**
**जिला सीहोर (म.प्र.)**
E-mail : awmseh@gmail.com
क्रमांक/मण्डी/स्टोर/2026-27/187 सीहोर, दिनांक : 28.04.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा समस्त वाहन किराये पर उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं/फर्मों/ट्रेवल्र्स एजेंसियों/व्यक्तियों को सूचना दी जाती है कि कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति सीहोर में 01 नग बोलेरो वाहन (न्यू मॉडल) मासिक किराये पर (डीजल रहित एवं डीजल सहित) निर्धारित शर्तों के अंतर्गत लिये जाना हैं।

अतः उक्तानुसार वाहन उपलब्ध कराने वाली संस्था/फर्म/ट्रेवल्स एजेंसी/व्यक्ति निर्धारित शर्तों के अन्तर्गत दिनांक 21.05.2026 दिन गुरुवार समय शाम 04.00 बजे तक निविदा बंद लिफाफे में पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति सीहोर में प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से निविदा स्वीकार नहीं होगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि 500 रु. कार्यालयीन लेखा-शाखा में जमा कर स्टोर शाखा से दिनांक 18.05.2026 दिन सोमवार समय शाम 04 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त निविदाओं के बंद लिफाफे में दिनांक 22.05.2026 को समय शाम 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोले जावेंगे।

**नोट :** विस्तृत शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन दिवसों में किया जा सकता है एवं निविदा प्रपत्र क्रय करने का समय कार्यालयीन दिवसों में शाम 04 बजे तक रहेगा।

म.प्र. माध्यम/125557/2026 **सचिव**

## राजा भोज एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक आज

**भोपाल।** राजा भोज एयरपोर्ट, की सुविधाओं, एयर-कनेक्टिविटी और यात्री अनुभव को और बेहतर बनाने विमानतल सलाहकार समिति की बैठक कल 30 अप्रैल को प्रस्तावित है। बैठक सांसद एवं समिति अध्यक्ष आलोक शर्मा की अध्यक्षता में होगी। समिति सदस्य एवं 'कमाल का भोपाल' अभियान के फाउंडर मनोज सिंह 'मीक' नागरिकों से प्राप्त अनेकों सुझावों सहित एक संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। इसमें विमानतल की सुविधाओं, नई उड़ानों, यात्री सुविधा, एयरपोर्ट पहुंच मार्ग, स्वच्छता, स्थानीय पहचान, डिजिटल सूचना व्यवस्था और भोपाल की ब्रांडिंग से जुड़े प्रमुख बिंदु शामिल किए गए हैं।

इस बार भी हज यात्रियों को नहीं मिली मक्का-मदीना में रुबात

# सबा अली पर केस दर्ज कराने वक्फ बोर्ड पहुंचे मसूद, रुबात नहीं मिलने पर सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछली बार मदीना में रुबात मिलने के बाद इस बार मक्का और मदीना दोनों जगहों पर भोपाल, रायसेन और सीहोर के हज यात्रियों को रुबात नहीं दी जा रही है। ऐसे में तीनों जिलों के करीब दो हजार से अधिक हज यात्रियों को करीब 75 हजार का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है।

बुधवार को मध्य विधायक आरिफ मसूद समर्थकों के साथ वक्फ बोर्ड पहुंचे, जहां उन्होंने बोर्ड अध्यक्ष सनव्वर पटेल को पत्र सौंपते हुए शाही औकाफ की मुतवल्ली और एक्टर सैफ अली खान की बहन सबा अली खान और कारोबारी सिकंदर हफीज के खिलाफ धोखाधड़ी करने पर



एफआईआर दर्ज कराने की मांग रखी। हज यात्रा के लिए इस साल करीब 8 हजार लोग प्रदेश से जा रहे हैं। अठारह अप्रैल से भारत से पहली फ्लाइट सऊदी अरब गई थी। मक्का में करीब 210 हाजियों को प्रति व्यक्ति करीब 75 हजार रुपए अतिरिक्त खर्च करना पड़ेगा, जबकि मदीना में पहले से ही हज यात्रियों पर करीब 25 हजार रुपए का अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

### विधायक का आरोप

विधायक ने कहा कि रुबात के मामले में सिकंदर हफीज से कई बार बात की गई, पर रुबातों का मसला हल नहीं हो सका। वक्फ की मंशा के तहत हज यात्रियों को मक्का और मदीना में ठहरने के लिए रुबात बनाई गई थी, लेकिन जिम्मेदारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

## आईसीएसई, आईएसई कक्षा 10वीं, 12वीं का रिजल्ट कल

**भोपाल।** आईसीएसई, आईएसई 10वीं-12वीं रिजल्ट 30 अप्रैल को जारी होगा। इसमें प्रदेशभर में करीब 4 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं। आईसीएसई, आईएसई रिजल्ट 2026 आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। रिजल्ट जारी होने के बाद स्टूडेंट्स अपने रोल नंबर का इस्तेमाल करके अपना परिणाम चेक कर सकते हैं। आईसीएसई कक्षा 10वीं और आईएसई कक्षा 12वीं का रिजल्ट गुरुवार को सुबह 11 बजे जारी किया जा सकता है। स्टूडेंट्स ऑफ़िशियल वेबसाइट पर अपना परिणाम चेक कर पाएंगे।

गौतमनगर से गुजर रहे थे मंत्री सारंग, निर्माण कार्य देखकर रुके

# रोड किनारे बन रही दीवार के घटिया निर्माण पर मंत्री नाराज, निगम के इंजीनियर की लगाई क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गौतम नगर में रोड किनारे बन रही दीवार के घटिया निर्माण को लेकर मंत्री विश्वास सारंग नगर निगम के प्रभारी उप यंत्री नितिन खरे पर नाराज हो गए। उन्होंने कहा क्या ऐसे काम होता है! मौके पर उन्होंने इंजीनियर की क्लास लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य में बिल्कुल लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और तुरंत सुधार करें। बुधवार दोपहर मंत्री विश्वास सारंग अचानक वहां से गुजरे तो सड़क किनारे बन रही बाउंड्रीवॉल का काम देखकर रुक गए। उस दौरान श्रमिक काम कर रहे थे। उन्होंने निर्माण की स्थिति का जायजा लिया और पाया कि दीवार का बेस ही कमजोर तैयार किया जा रहा है।



निर्माण कार्य का अवलोकन करते मंत्री सारंग।

### गुणवत्ता जांचने करेंगे औचक निरीक्षण

मंत्री सारंग ने कहा कि अब वे नरेला विधानसभा क्षेत्र में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों का भी औचक निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि घटिया निर्माण करने वाले किसी भी व्यक्ति या एजेंसी को बख्शा नहीं जाएगा और गुणवत्ता से समझौता करने वालों पर कड़ी कार्रवाई तय है।

विकास,महिलाओं की सुरक्षा बने मुद्दा

# पश्चिम बंगाल में बदलाव की ओर जनताः सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पश्चिम बंगाल की राजनीति को लेकर कहा है कि पश्चिम बंगाल एक समृद्ध राज्य रहा है, लेकिन लंबे समय तक वामपंथी और तृणमूल कांग्रेस के शासन में राज्य पिछड़ता चला गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 34 वर्षों के वामपंथी शासन और उसके बाद 15 वर्षों के तृणमूल कांग्रेस शासन के दौरान विकास की गति प्रभावित हुई है। उनका दावा है कि अब राज्य की जनता बदलाव चाहती है और विकास के साथ-साथ महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही है। डॉ. यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता इस बार 'विकास और बहन-बेटियों के सम्मान की रक्षा' के मुद्दे पर निर्णय लेगी और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जनमत बनने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के अन्य राज्यों की तरह पश्चिम बंगाल में भी विकास आधारित राजनीति को समर्थन मिल रहा है और जनता स्थायी परिवर्तन के लिए तैयार है।

सौ से ज्यादा पंचायतों में पेयजल के हालात बिगड़े

# अमृत सरोवर खोदकर सरपंच ने बेची तालाब की मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अमृत सरोवर तालाब बनाने के नाम पर अमरावत कला पंचायत के सरपंच सुरेंद्र लोधी ने केरवा नदी में अमृत सरोवर के गहरीकरण के नाम पर अवैध उत्खनन कर दिया है। सरपंच ने जेसीबी की मदद से हजारों डंपर मिट्टी बेचकर मुनाफा कमाया है। इधर भोपाल की आधी से ज्यादा पंचायतों में पेयजल के हालात बिगड़े हुए हैं। ग्रामीण पानी के लिए परेशान हो रहे है। एक दर्जन पंचायतों में हैंडपंप और निजी बोर की मदद से लोगों को पानी लेना पड़




जिला पंचायत में साधारण सभा की बैठक चर्चा करते अधिकारी।

रहा है। यह बात बुधवार को जिला पंचायत में साधारण सभा की बैठक में रखी गई।

बैठक में सीईओ इला तिवारी ने नारी सशक्तिकरण बिल का प्रस्ताव रखा सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से बिल का प्रस्ताव पास किया। उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में पीने की पानी की समस्या शुरू हो गई है। नलकूप बंद पड़े हैं,ऐसे में पीएचई विभाग पेयजल आपूर्ति कराने में नाकाम साबित हो रहा है। वहीं सदस्य चंद्रेश सुरेश राजपूत ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड की ग्राम पंचायत अमरावत कला के सरपंच सुरेंद्र लोधी ने केरवा नदी में अमृत सरोवर का गहरीकरण करने के नाम पर हजारों डंपर मिट्टी बेच दी है। खनिज विभाग को शिकायत की थी तो टीम ने मशीन जब्त की है, लेकिन अवैध खुदाई को लेकर कार्रवाई नहीं की गई है। सीईओ ने खनिज विभाग को जांच करने के निर्देश दिए हैं।

### छात्र का सम्मान, शिकायत पेटी लगाई

ग्राम पंचायत कलारा के छात्र सुरजीत सिंह को दसवीं कक्षा में प्रदेश में दसवीं रैंक मिलने पर अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा जिला पंचायत कार्यालय में पहली बार शिकायत पेटी लगाई गई है, जिसमें किसी भी तरह की शिकायत लिखकर डाली जा सकेगी।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.- 200 मण्डल द्वारा श्री अजय योगी आत्मज श्री रमेश चन्द्र योगी के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 14/05/2015 को पंजीकृत किया गया है। श्री अजय योगी आत्मज श्री रमेश चन्द्र योगी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री आरिफ आत्मज श्री रशीद को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 16/02/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री आरिफ आत्मज श्री रशीद के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, हर्षवर्धन नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस./जे- 59 मण्डल द्वारा श्रीमती रेणु अवस्थी पत्नी श्री अशोक अवस्थी के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 12/05/2009 को पंजीकृत है। श्रीमती रेणु अवस्थी पत्नी श्री अशोक अवस्थी द्वारा उक्त सम्पत्ति द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री दिनेश कुमार मिश्रा आत्मज श्री बी. डी. मिश्रा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 07/01/2019 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री दिनेश कुमार मिश्रा आत्मज श्री बी. डी. मिश्रा के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भूखण्ड क्रमांक-1320/ए मण्डल द्वारा श्रीमती जुबेदा खातुन पत्नी श्री मोहम्मद शमीम खान के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 12/01/2022 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती जुबेदा खातुन का स्वर्गवास दिनांक 14/08/2025 को हो गया है। आवेदक आवंटी के पति मोहम्मद शमीम खान आत्मज श्री मोहम्मद हलीम खान द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, विश्वकर्मा नगर, बैरसिया रोड, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक जूनियर एल.आई.जी. 7/18 (प्रथम तल) मण्डल द्वारा श्री विष्णु खत्री आत्मज श्री धन्नालाल खत्री के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का आवंटन आदेश दिनांक 16/10/1996 को किया गया है। श्री विष्णु खत्री आत्मज श्री धन्नालाल खत्री द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती ममता जाट पत्नी श्री खुमान सिंह के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। हस्तांतरणकर्ता / हस्तांतरणग्रहिता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, परिचय पत्र वं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्रीमती ममता जाट पत्नी श्री खुमान सिंह के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, विश्वकर्मा नगर, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक एच.आई.जी.- 3 (कार्नर) मण्डल द्वारा श्री जावेद अंसारी आत्मज श्री मेहबूब अंसारी के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख मण्डल द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 23/12/2017 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 15/04/2029 तक वैध है। श्री जावेद अंसारी आत्मज श्री मेहबूब अंसारी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री नैयर अब्बास जैदी आत्मज श्री अली सामिन जैदी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 09/04/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री नैयर अब्बास जैदी आत्मज श्री अली सामिन जैदी के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड/भूखण्ड क्रमांक 539/बी मण्डल द्वारा श्रीमती रूबीना बी उर्फ सबिहा पत्नी श्री अब्दुल रईस के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 01/09/2023 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 24/11/2023 को पंजीकृत किया गया है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/03/2043 तक वैध है। श्रीमती रूबीना बी उर्फ सबिहा पत्नी श्री अब्दुल रईस द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती रेश्मा खातून सिद्दीकी पत्नी श्री आफाक हुसैन सिद्दीकी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 16/04/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती रेश्मा खातून सिद्दीकी पत्नी श्री आफाक हुसैन सिद्दीकी के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

पश्चिम बंगाल में अंतिम चरण के चुनाव में धांधली और बूथ में अव्यवस्था की खबरें

# ईवीएम पर भाजपा के निशान के सामने लगा मिला टेप, आयोग तक पहुंचा मामला, अगर गड़बड़ी की शिकायत सही पाई गई तो दोबारा होगा मतदान

## टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के एजेंट के साथ हंगामा किया

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पानीहाटी के भी एक पोलिंग बूथ पर कथित तौर पर भाजपा के चुनाव चिह्न वाले बटन पर स्याही का दाग लगा हुआ था, जिससे वह ठीक से दिखाई नहीं दे रहा था। इस पर आपत्ति की गई। इसके बाद सैनिटाइजर का इस्तेमाल करके उसे ईवीएम से मिटा दिया गया। इसके बाद टीएमसी के कार्यकर्ता वहा इकट्ठा हो गए और कथित तौर पर भाजपा उम्मीदवार रत्ना देबनाथ के मुख्य चुनाव एजेंट जय साहा के साथ हंगामा किया। चुनाव के दूसरे चरण के लिए लगभग सभी पोलिंग बूथों पर सुबह से ही बड़ी संख्या में वोटर्स मतदान करने पहुंच रहे हैं। डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र के तहत आने वाले फाल्टा में भाजपा ने ईवीएम पर भाजपा के विकल्प के सामने टेप लगे होने की शिकायत की है। बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने कहा है कि जिन पोलिंग बूथ पर किसी भी ईवीएम बटन पर टेप लगा पाया जाएगा, वहां दोबारा मतदान होगा। विवाद ज्यादा बढ़ने के बाद कई पोलिंग बूथों पर वोटिंग रोक दी गई है।

भाजपा के चिन्ह पर स्याही के दाग सैनिटाइजर से मिटाया गया


मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल

### सीईओ ने यही बात दोहराई

सीईओ ने कहा कि अगर किसी बटन पर टेप लगाए जाने की रिपोर्ट आती है, तो उसकी जांच की जानी चाहिए और उसे नोट किया जाना चाहिए। अगर यह सच पाया जाता है, तो उन बूथों पर दोबारा मतदान कराया जाएगा।

**छेड़छाड़ हुई तो दोबारा होगा चुनाव: पर्यवेक्षक**

विशेष चुनाव पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता ने बड़ी बात कही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान प्रक्रिया में किसी भी तरह की गड़बड़ी या ईवीएम से छेड़छाड़ की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिन बूथों पर धांधली की पुष्टि होगी, वहां चुनाव आयोग नियमानुसार दोबारा मतदान कराएगा। इस निर्णायक दौर में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

### दोबारा हो मतदान: मालवीय

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख और बंगाल के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने आरोप लगाया कि



तृणमूल कांग्रेस दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों पर चुनावी धांधली कर रही है। उन्होंने टीएमसी पर गड़बड़ी के आरोप लगाए और पुनर्मतदान की मांग की। आरोप है कि कई बूथों पर ईवीएम मशीन में कुछ बटन पर टेप लगाकर उन्हें ढंक दिया गया। मालवीय ने दावा किया कि ममता फाल्टा सीट से टीएमसी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार जहांगीर खान का समर्थन कर रही थीं। कई मतदान केंद्रों पर भाजपा के पक्ष में वोट देने का विकल्प टेप लगाकर बंद कर दिया गया है, जिससे मतदाता अपनी पसंद से वोट नहीं कर पाए।

### टीएमसी ने किया खारिज

टीएमसी ने भाजपा के सिंबल के आगे टेप लगे होने के दावे को खारिज कर दिया है। उसने कहा है कि भाजपा बेवजह हंगामा कर रही है, क्योंकि उसे चुनाव में हार मिल रही।

**माननीयों ने किया मतदान**


अभिषेक बेनर्जी


लॉकेट चटर्जी


महुआ मोइत्रा


सांसद रचना


नेताजी के प्रपौत्र


पूर्वी बर्धमान में दिखा ऐसा जज्बा


मिथुन चक्रवर्ती


एक्टर प्रसन्नजीत चटर्जी और पुत्र

कोलकाता। यहां पर महिलाओं ने बारिश में भी छाता लेकर बारिश में अपनी बारी का इंतजार किया



**भवानीपुर में सुवेंदु के साथ टीएमसी की झड़प**

### भाजपा का आरोप- बूथ में बाहरी लोग, नारेबाजी भी की



मतदान में उस वक्त और भड़क उठा जब भाजपा नेता और राज्य के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी निरीक्षण के लिए एक मतदान केंद्र पर पहुंचे। उनके पहुंचने के साथ ही वहां पहले से ही मौजूद टीएमसी समर्थकों ने उन्हें घेर लिया, फिर जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी।

**सुवेंदु के सामने लगे चोर-चोर के नारे**

ममता के खिलाफ चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु को घेरकर टीएमसी समर्थकों ने चोर-चोर के नारे भी लगाए।

**ममता के हाथ से बंगाल जा रहा**

सुवेंदु ने कहा कि भाजपा सरकार बना रही है। ममता के हाथ से बंगाल जा रहा है।

**ऐसा जुल्म नहीं देखा, उठाए सवाल**

### टीएमसी जीत रही, बहुमत से सरकार बनाएगी: ममता



सीएम ममता बेनर्जी ने कहा कि टीएमसी जीत रही है। बड़े बहुमत से जीतेगी। सीआरपीएफ इस तरह से जुल्म नहीं कर सकती। किसी भी बूथ पर राज्य पुलिस मौजूद नहीं है। उन्होंने हर जगह कब्जा कर लिया है।

**मोदी का बड़ा दावा**

### 5 राज्यों के चुनावों में भाजपा लगाएगी जीत की हैट्रिक



पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के हरदोई में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए बड़ा राजनीतिक दावा किया। उन्होंने भरोसा जताया कि भाजपा 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में जीत की 'हैट्रिक' लगाएगी।

**खबर संक्षेप**

### अस्पताल की दीवार गिरने से 7 की मौत



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी **बेंगलुरु** में बुधवार शाम भारी बारिश और तेज हवाओं ने तबाही मचाई है। शिवाजीनगर इलाके में स्थित बोवरिंग और लेडी कर्जन अस्पताल की बड़ी चारदीवारी अचानक ढह गई। इसहादसे में कम से कम 7 लोगों की जान चली गई है। मलबे के नीचे दबने से कई अन्य लोग घायल हुए हैं।

### उन्नाव में डंपर की टक्कर से 6 की मौत



**उन्नाव।** बिहार-बक्सर मार्ग पर बुधवार भोर के उजाले के साथ ही एक भीषण हादसे ने पूरे जिले को दहला दिया। मां चंडिका के दरबार में 3 साल के मासूम शुभ का मुंडन संस्कार कराकर लौट रहे परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। बेकाबू डंपर ने बोलेरो को ऐसी टक्कर मारी मंगल गीत पल भर में चीख-पुकार में बदल गई।

### दिल्ली में नया मेयर भाजपा के वाही जीते



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम को बुधवार को नया मेयर मिल गया है। 29 अप्रैल को हुए चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी प्रवेश वाही ने जीत दर्ज की है। मतदान के दौरान सदन की बैठक से आप के पार्षद सदन से अनुपस्थित रहे। भाजपा के प्रत्याशी प वाही की जीत लगभग तय थी, क्योंकि भाजपा के पास जरूरी वोटों से ज्यादा संख्या थी।

### चिंतपूर्णी में खाई में गिरी कार, 4 लोग जिंदा जले!



**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में एक कार खाई में गिरने से 4 लोगों की मौत की आशंका है। चिंतपूर्णी के भरवाईं में यह हादसा पेश आय़ा है और कार में 4 लोग सवार थे और सभी के जिंदा जलने की आशंका है। फिलहाल, पुलिस ने मौके पर राहत और बचाव अभियान शुरू किया है। बताया गया कि श्रद्धालुओं की कार थी।

## गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन कर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# सपा-कांग्रेस विकास विरोधी और नारी विरोधी भी, दोनों ने महिला आरक्षण का किया विरोध


गंगा एक्सप्रेस वे का नजारा

**594** किमी लंबा एक्सप्रेस वे

**36,230** करोड़ की लागत से बना

**12** जिलों को जोड़ेगा यह गंगा वे

### यह उत्तर प्रदेश की लाइफ लाइन, मां गंगा का आशीर्वाद



रिमोट दबाकर एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में हैं उत्तरप्रदेश की राज्यपाल और मुख्यमंत्री

एजेंसी ⏭ हरदोई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदोई में 594 किमी लंबे एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। लगभग 36,230 करोड़ की लागत से बने गंगा एक्सप्रेसवे से मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा का समय अभी के 10-12 घंटे से घटकर लगभग 6 घंटे होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं मानता हूं कि उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस वे का ये वरदान ये भी मां गंगा का ही आशीर्वाद है। अब आप कुछ ही घंटों में संगम भी पहुंच सकते हैं, और काशी में बाबा के दर्शन करके भी वापस आ सकते हैं।

आधुनिक प्रगति के दौर में उनके समीप से गुजरता ये एक्सप्रेस वे यूपी के विकास की नई लाइफलाइन बनेगा। बीते दिनों एक बार फिर देश ने कांग्रेस और सपा का नारी विरोधी चेहरा देखा है। केंद्र की एनडीए सरकार नारी शक्ति वंदन संशोधन लेकर आई थी, अगर यहपास हो जाता तो 2029 के चुनाव से ही महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण मिलता। लेकिन सपा ने इस संशोधन के खिलाफ वोट किया। सपा कभी भी परिवारवाद और जातिवाद से ऊपर नहीं उठ सकती। ये लोग हमेशा विकास विरोधी राजनीति करेंगे।

**ये आधुनिक हस्तरेखाएं बता रहीं**

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन पहले मुझे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के लोकार्पण का अवसर मिला था। तब मैंने कहा था कि ये नए बनते एक्सप्रेसवे विकसित होते भारत की हस्तरेखाएं हैं, और ये आधुनिक हस्तरेखाएं, आज भारत के उज्ज्वल भविष्य का जयघोष कर रही हैं।

### कुछ लोग देश को नीचा दिखा रहे

पीएम मोदी ने कहा कि आप लोग देख रहे हैं कि आज पूरी दुनिया कैसे युद्ध, अशांति और अस्थिरता में फंसी हुई है। दुनिया के बड़े-बड़े देशों की हालत खराब है। लेकिन भारत विकास के रास्ते पर उसी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। भारत के दुश्मनों को यह पसंद नहीं आ रहा है। कुछ लोग सत्ता की भूख में भारत को नीचा दिखाने की कोशिश में लगे हुए हैं। हम विकास के नए-नए कीर्तिमान भी गढ़ रहे हैं। हम आत्मनिर्भर भारत के अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। हम आधुनिक से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं।

### मां गंगा के नाम पर होगी इसकी पहचान

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि यूपी सरकार ने इस एक्सप्रेस-वे का नाम मां गंगा के नाम पर रखा है। इसमें विकास का हमारा विजन भी झलकता है और हमारी विरासत के भी दर्शन होते हैं। मैं यूपी के करोड़ों लोगों को गंगा एक्सप्रेस-वे की बधाई देता हूं।

### ये एनसीआर की असीम संभावनाओं को भी करीब लाएगा

पीएम मोदी ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे यूपी के एक छोर को दूसरे छोर से तो जोड़ता ही है। ये एनसीआर की असीम संभावनाओं को भी करीब लाएगा।

### अब यूपी एक ट्रिलियन इकोनॉमी बनने की ओर

पीएम मोदी ने कहा कि पहले यूपी को पिछड़ा और बीमारू प्रदेश कहा जाता था, वही यूपी आज एक ट्रिलियन इकोनॉमी बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। यूपी के पास असीम क्षमता है, देश की इतनी बड़ी युवा आबादी का पोटेंशियल यूपी के पास है। ताकत का उपयोग हम यूपी को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए कर रहे हैं।

### रोड शो में भाजपा में दिखा उत्साह, बजे ढोल-नगाड़े

लहुराबीर चौराहे पर प्रधानमंत्री का एनसीसी कैडेट्स व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। लोगों में काफी उत्साह दिखा। पीएम का स्वागत कर एनसीसी कैडेट्स व महिलाएं काफी खुश नजर आईं।

**पीएम बोले-अब वो दौर चला गया**

पीएम मोदी ने कहा कि अब वो दौर चला गया, जब एक सड़क के लिए दशकों तक इंतजार करना पड़ता था। अब शिलान्यास भी होता है और जल्द उद्घाटन भी।

## दिल्ली हाई कोर्ट में ऑनलाइन सुनवाई

# कथित तौर पर अश्लील वीडियो प्ले होने लगे, 'हैकिंग' के दावे

दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई के दौरान एक असामान्य घटना सामने आई। सुनवाई के बीच में ही कथित तौर पर बार-बार अश्लील वीडियो प्ले होने लगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई के दौरान एक असामान्य घटना सामने आई। अदालत में कथित तौर पर बार-बार अश्लील वीडियो प्ले होने लगे। ये वीडियो वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम के जरिए ब्रॉडकास्ट हुए। यह कंटेंट यूजर्स श्रीधर सरनोबत और शीतजीत सिंह के अकाउंट से चले। घटना के तुरंत बाद अदालत ने एहतियातन वीसी सिस्टम को बंद कर दिया ताकि किसी भी तरह की रुकावट या दुरुपयोग को आगे रोका जा सके। कुछ मिनटों बाद जब सिस्टम को दोबारा ऑन किया गया तो फिर से पोर्न वीडियो चलने लगे। बैकग्राउंड में एक ऑटोमेटेड वॉइस मैसेज सुना गया, यह अमेरिका से किया गया हैक है। मीटिंग को अभी बंद कर दीजिए। दोबारा कभी इसे ऑन मत करना।



### वीसी सिस्टम पर साइबर हमले की आशंका बढ़ी

वीसी को बंद कर दिया गया है और दोबारा नहीं खोला गया है। इस मैसेज के बाद कोर्ट के वीसी सिस्टम पर साइबर हमले की आशंका और मजबूत हो गई है। शुरुआती संकेतों के आधार पर दिल्ली हाईकोर्ट के वीसी इंटरफेस पर संभावित साइबर अटैक की जांच की जा रही है। हाईकोर्ट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिंक पर हुए संभावित साइबर हमले की जांच दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट को सौंप दी गई है।

केजरीवाल के बहिष्कार के बीच जस्टिस ने कहा

### एक मौका और देती हूं, सोमवार तक अपना जवाब पेश करें



अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक की ओर से जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अदालत का बहिष्कार किए जाने के बीच बुधवार को कथित शराब घोटाले केस की सुनवाई हुई। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि ट्रायल कोर्ट का रिकॉर्ड और कुछ प्रतिवादियों की ओर से जवाब नहीं मिलने की वजह से सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। अदालत ने जवाब दाखिल करने का एक और मौका देते हुए कहा कि अगली सुनवाई सोमवार को 2.30 बजे होगी।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट बेंच का बड़ा फैसला**

# 'बधाई' किन्नरों का हक नहीं वे इलाका तय नहीं कर सकते

एजेंसी ⏭ लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने किन्नरों की रिट याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में गोंडा जिले में बधाई के लिए सुरक्षा और उनका इलाका तय करने की मांग की थी। कोई भी कानूनी मंजूरी के बिना पैसा इकट्ठा करने किसी कानूनी या मौलिक अधिकार का दावा नहीं कर सकता। जस्टिस आलोक माथुर और जस्टिस अमिताभ कुमार राय की बेंच में रेखा देवी ने किन्नरों में झगड़े रोकने, बधाई लेने को खास इलाका घोषित करने की मांग की थी।



### यह कानूनन जायज नहीं

याचिकाकर्ता का कहना था कि किन्नरों के पास शुभ अवसरों पर बधाई लेने का परंपरागत अधिकार रहा है। किन्नरों के बीच इलाकों को लेकर टकराव से झड़पें हुई हैं। कोर्ट ने कहा,कानूनी आधार के अभाव में ऐसे अधिकारों को कानूनन जायज नहीं ठहराया जा सकता।

**सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश मामले में सुनवाई**

# सुधार के नाम पर धर्म की मूल भावना से छेड़छाड़ ठीक नहीं

## सुप्रीम कोर्ट बोला- गैर-आस्थावान किस आधार पर प्रवेश का अधिकार मांगेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश और धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मामलों की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अहम सवाल उठाया। कोर्ट ने पूछा कि उत्तर भारत में रहने वाला कोई गैर-आस्थावान व्यक्ति आखिर किस आधार पर सबरीमाला मंदिर में प्रवेश का अधिकार मांग सकता है? कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म की मूल संरचना को कमजोर नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि भारत की सभ्यता और धार्मिक इतिहास को नजरअंदाज करना संभव नहीं है। संविधान के अनुच्छेद भी इसी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से विकसित हुए हैं। वर्तमान को समझने के लिए अतीत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।



**इंदिरा जयसिंह ने रखा पक्ष**

वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने दलील दी कि मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर पूर्व फैसला अब भी प्रभावी है और उस पर कोई रोक नहीं लगी है। इसके बावजूद महिलाओं को मंदिर में प्रवेश नहीं मिल पा रहा, जिसका कारण राज्य सरकार का पर्याप्त सहयोग न होना बताया गया।

**आस्था बनाम अधिकार पर फोकस**

पीठ ने कहा कि मंदिर प्रवेश के अधिकार से जुड़े मामलों में यह देखना जरूरी है कि दावा करने वाला व्यक्ति भक्त है या नहीं। अदालत ने संकेत दिया कि धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में आस्था का पहलू भी अहम भूमिका निभाता है।

### अदालत ने जटिल बताया

कोर्ट ने इस पर स्पष्ट किया कि महिला को उसके सामाजिक वर्ग के कारण नहीं, बल्कि आयु समूह के आधार पर रोका गया था। कोर्ट ने यह भी कहा कि विविधता ही भारत की ताकत है और संविधान के अनुच्छेद 26 के तहत धार्मिक संप्रदायों को अपने मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार भी दिया गया है। कोर्ट ने यह भी माना कि किसी धार्मिक प्रथा को आवश्यक या गैर-आवश्यक घोषित करना न्यायालय के लिए बेहद जटिल कार्य है।

## होर्मुज पर तकरार: दोनों देशों के बीच बातचीत के रास्ते बंद फिर से धमकियों का दौर शुरू

# ट्रंप की ईरान को अंतिम चेतावनी: तीन दिन में डील करो वरना फट जाएंगी पाइपलाइनें

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को 3 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि तेल पाइपलाइनों में बढ़ते दबाव के कारण ईरान बड़ी तबाही की ओर है। वहीं, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने होर्मुज नाकाबंदी हटाने की शर्त रखी है

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव एक नए और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है, जहां दोनों देशों के बीच बातचीत के रास्ते बंद होने के बाद धमकियों का दौर शुरू हो गया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिका को सबसे पहले होर्मुज से अपनी नाकाबंदी हटानी होगी, जिसके बाद ही किसी भी प्रकार की बातचीत संभव है और इस रुख पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा है कि ईरान के पास डील करने के लिए अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है और अगर वह अपनी बर्बादी रोकना चाहता है, तो उसे अगले 3 दिनों के भीतर समझौता करना होगा।



### ईरान का पलटवार और ट्रंप कार्ड का दावा

ट्रंप की इस आक्रामक धमकी का ईरान ने भी उसी अंदाज में जवाब दिया है। ईरानी संसद के स्पीकर कलीबाफ ने सोशल मीडिया के माध्यम से संकेत दिया कि ईरान के पास अभी कई रणनीतिक कार्ड बचे हैं।

### अमेरिका की प्रतिक्रिया और आगामी रणनीति

अमेरिका फिलहाल ईरान के इन प्रस्तावों को स्वीकार करने के मूड में नहीं दिख रहा है। अमेरिकी प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि जब तक परमाणु प्रोग्राम रोकने की ठोस गारंटी नहीं मिलती, तब तक कोई डील नहीं होगी। ट्रंप इस मुद्दे पर अपनी नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ चर्चा करेंगे।

### ईरान के प्रस्ताव से नाराज हुए ट्रंप बढ़ा सियासी संकट

*अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की होने वाली शांति वार्ता परमाणु मुद्दे पर अटक गई है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को खोलने के लिए पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका को जो नया प्रस्ताव भेजा है, उस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाखुशी जताई है और कहा है कि ईरान पतन के कगार पर है। इस नए प्रस्ताव से सियासी संकट और बढ़ गया है। नए प्रस्ताव में अमेरिकी नाकेबंदी हटाने, युद्ध खत्म करने और परमाणु मुद्दे पर अलग से वार्ता की बात कही गई है।*

# भारतीय जहाजों पर फिर से हुआ हमला भारत ने ईरान के विदेश मंत्री से की बात

### वर्तमान स्थिति से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं को लेकर दोनों ने किया विचार-विमर्श

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिका के साथ जारी भीषण युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में भारत के ध्वज वाले मालवाहक जहाजों को ईरान की नौसेना द्वारा निशाना बनाए जाने की घटना के सामने आने के तुरंत बाद बुधवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई है। जिसमें दोनों विदेश मंत्रियों ने वर्तमान में बनी हुई स्थिति से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की है। जयशंकर और अराघची ने निकट भविष्य में भी एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने को लेकर अपनी सहमति जताई है। यह जानकारी विदेश मंत्री ने 'एक्स' दी है। यह मामला केवल भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाजों से जुड़ा हुआ नहीं है। बल्कि इसमें भारत की ओर आ रहे विदेशी ध्वज वाले जहाजों को भी ईरानी समुद्री बलों ने निशाना बनाया है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि हालिया समय में होर्मुज पार कर भारत की ओर बढ़ रहे जहाजों को निशाना बनाने की घटना के दौरान ईरान की नौसेना का असली निशाना तो फ्रांस के मालवाहक या अन्य जहाजों की ओर था। क्योंकि फ्रांस ने होर्मुज के नाकेबंदी का प्रयास किया था। जिसे ईरान ने बेहद कड़े अंदाज में स्वीकार करने से साफ इंकार कर दिया था। इस तर्क की पुष्टि इस बात से भी होती है कि ईरानी समुद्री सेना ने ड्रोन से हमला केवल फ्रांसिसी जहाज पर ही किया। भारत के जहाज तो इस प्रक्रिया के दौरान महज बीच में आ गए थे और उनपर अचानक गोलीबारी हो गई।

## खबर संक्षेप

### फिलिस्तीन के पूर्व राजदूत हिरासत में

**बेरूत।** लेबनान प्रशासन ने फिलिस्तीन के पूर्व राजदूत को उसके देश में पहुंचने के कुछ ही देर बाद



भ्रष्टाचार के आरोप में हिरासत में ले लिया। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार राजदूत अशरफ डब्बूर को मंगलवार देर रात बेरूत के रफिक हरीरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया गया। इन अधिकरियों में दो न्यायिक क्षेत्र एवं सुरक्षा क्षेत्र के अधिकारी हैं तथा उन्होंने पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी। पिछले साल डब्बूर को लेबनान में फिलिस्तीन के राजदूत के पद से हटा दिया था।

### पूर्व राष्ट्रपति को अभियोग का सामना करना पड़ेगा

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और उनके सचिव समन एकनायके पर 1.66



करोड़ श्रीलंकाई रुपए के सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के मामले में अभियोग चलाया जाएगा। एक स्थानीय अदालत को बुधवार को यह जानकारी दी। पूर्व राष्ट्रपति और एकनायके पर आरोप है कि वर्ष 2023 में विक्रमसिंघे की पत्नी के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए ब्रिटेन स्थित एक विश्वविद्यालय की यात्रा पर सरकारी धन खर्च किया गया था।

### पाक चौकी पर हमला नाकाम, 1 आतंकवादी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों ने बुधवार तड़के पुलिस



चौकी पर किए गए हमले को नाकाम करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया। मीडिया ने यह जानकारी दी। भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने बन्नू जिले में मजांगा पुलिस चौकी पर हमला किया। मुताबिक दोनों पक्षों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि कई अन्य घायल हो गए। खबर के मुताबिक घायल हमलावरों को उनके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर अपने साथ ले गए।

## नई दिल्ली में 11वें राजदूतों और उच्चायुक्तों का सम्मेलन

# दुनिया में उथल-पुथल के बीच भारत की कूटनीति देश के हितों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार: जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*राजदूतों और उच्चायुक्तों के सम्मेलन में बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अस्थिरता के दौर में भारतीय डिप्लोमेसी देश के हित को आगे बढ़ाने और देश के लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। सम्मेलन में भारत के उच्चायुक्त, राजदूत और विदेश मंत्रालय के सीनियर अधिकारी शामिल हुए।*

विश्व में अभी उथल-पुथल का दौर है और आज की अस्थिर और बदलती दुनिया में भारतीय कूटनीति देश के हितों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। बुधवार नई दिल्ली में आयोजित मिशन प्रमुखों का सम्मेलन में बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह बात कही।

विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में दुनिया के साथ भारत का जुड़ाव काफी बढ़ा है। भारत ने अपने मिशन प्रमुखों का तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया है।

**खास बातें**

- मिशन प्रमुखों का तीन दिवसीय सम्मेलन
- अन्य देशों में तैनात भारत के सभी प्रमुख राजदूतों ने हिस्सा लिया
- आज जियोपॉलिटिक्स पर विचार-मंथन होगा




सम्मेलन को संबोधित करते जयशंकर

### भारतीय राजनयिकों के सम्मेलन को एस. जयशंकर ने किया संबोधित

भारतीय राजनयिकों का यह सम्मेलन ऐसे वक्त हो रहा है जब पश्चिम एशिया संकट की वजह से भारत के सामने भी कई चुनौतियां हैं। इस सम्मेलन की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लिखा कि नई दिल्ली में 11वें राजदूतों और उच्चायुक्तों के सम्मेलन में भारत के हाई कमिश्नर, राजदूत और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को संबोधित किया। हमारी बातचीत में पिछले दशक में दुनिया के साथ भारत के जुड़ाव में हुई काफी बढ़ोतरी को पहचाना गया।

### सम्मेलन में आज पीएम मोदी शामिल होंगे

एस. जयशंकर ने कहा कि एक अस्थिर और उथल-पुथल भरी दुनिया में भारतीय डिप्लोमेसी देश के हित को आगे बढ़ाने और देश के लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार पीएम मोदी आज यानी 30 अप्रैल को भारतीय राजनयिकों के साथ मौजूदा जियोपॉलिटिक्स पर विचार-मंथन में शामिल होंगे। सम्मेलन के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां अपनी बात रख सकते हैं

### गैब्रिएला सोमरफेल्ड से एस जयशंकर की मुलाकात

इससे पहले डॉ. एस. जयशंकर ने इक्वाडोर की अपनी समकक्ष गैब्रिएला सोमरफेल्ड से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, कृषि और कैपेसिटी बिल्डिंग जैसे खास क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। इसके अलावा, विदेश मंत्री सोमरफेल्ड ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी।

### देश के लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए तैयार

एस जयशंकर ने कहा कि एक अस्थिर और उथल-पुथल भरी दुनिया में भारतीय डिप्लोमेसी देश के हित को आगे बढ़ाने और देश के लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। 30 अप्रैल को भारतीय राजनयिकों के साथ मौजूदा जियोपॉलिटिक्स पर विचार-मंथन होगा।

## एयरलाइंस ने सरकार को किया अलर्ट

# महंगी हो सकती है विमान यात्रा बढ़ी हुई ईंधन की कीमत कारण



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

देश की प्रमुख विमानन कंपनियों के संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने सरकार को अलर्ट करते हुए कहा है कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी विमानन ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी से एयरलाइन उद्योग गंभीर संकट में पहुंच गया है। एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी बड़ी एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करने वाले एफआईए ने कहा है कि यदि जल्द राहत नहीं दी गई तो उड़ानें रद्द करनी पड़ सकती हैं और कई परिचालन बंद होने की नौबत आ सकती है। एफआईए ने 26 अप्रैल को सरकार को पत्र लिखकर 1 मई को होने वाली अगली एटीएफ मूल्य समीक्षा से पहले तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

**अप्रैल में रिकॉर्ड बढ़ोतरी**

1 अप्रैल को सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने घरेलू एयरलाइंस के लिए एटीएफ कीमतों में 114.55 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी की थी। कीमत 96,638 प्रति किलोलीटर से बढ़कर 2,07,341 प्रति किलो लीटर (दिल्ली) हो गई। वहीं विदेशी एयरलाइंस के लिए भी कीमतों में 107 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 816.91 डॉलर प्रति किलो लीटर से बढ़कर 1,690.81 डॉलर प्रति किलो लीटर पहुंच गई। बाद में सरकार के हस्तक्षेप के बाद घरेलू वृद्धि को घटाकर 8.6 प्रतिशत किया गया, जिससे अनुसूचित एयरलाइंस जैसे इंडिगो, स्पाइसजेट और एयर इंडिया के लिए दर 1,04,927 प्रति किलो लीटर तक लाई गई। हालांकि अंतरराष्ट्रीय परिचालन पर पूरी बढ़ोतरी का असर जारी रहा।

### एफआई ने रखीं तीन मांगें

एफआईए ने सरकार के सामने तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। पहली, 'क्रैक बैंड मैकेनिज्म' को फिर से लागू किया जाए। यह एक पारदर्शी मूल्य निर्धारण व्यवस्था थी, जिसमें 12-22 डॉलर प्रति बैरल का बैंड तय किया गया था। दूसरी, घरेलू परिचालन पर एटीएफ पर लगने वाले 11% एक्साइज ड्यूटी को अस्थायी रूप से स्थगित किया जाए। तीसरा, एटीएफ पर वेट कम करें।

## डिजिटल ठगी पर बड़े एक्शन की तैयारी

# वाट्सएप करेगा स्कैम से जुड़े डिवाइस ब्लॉक केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में पेश किया नया प्लान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस-सीबीआई कॉल, बैंक फ्रॉड और साइबर ठगी के तेजी से बढ़ते मामलों पर केंद्र सरकार अब बड़ा और सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वाट्सएप ने उन डिवाइस आईडी को ब्लॉक करने की संभावना पर सहमति जताई है, जो डिजिटल ठगी और साइबर अपराधों में इस्तेमाल हो रहे हैं। अब केवल फर्जी अकाउंट ही नहीं, बल्कि पूरे मोबाइल डिवाइस को ब्लॉक करने की दिशा में काम हो रहा है। सरकार का मानना है कि साइबर अपराधी बार-बार नए सिमकार्ड और नए अकाउंट बनाकर ठगी को जारी रखते हैं, लेकिन एक ही मोबाइल डिवाइस का इस्तेमाल करते रहते हैं।




ऐसे में केवल अकाउंट बंद करना पर्याप्त नहीं है। यदि डिवाइस स्तर पर रोक लगाई जाती है, तो अपराधियों के लिए दोबारा सक्रिय होना बेहद मुश्किल हो जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट में पेश हुई विस्तृत रिपोर्ट

यह जानकारी केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक स्टेटस रिपोर्ट में दी। यह रिपोर्ट गृह मंत्रालय ने दाखिल की थी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। रिपोर्ट में सरकार ने साइबर फ्रॉड रोकने के लिए चार बड़े मोर्चों पर कार्रवाई की रूपरेखा रखी है। बैंकिंग सुरक्षा मजबूत करना, सिम कार्ड की ट्रेसबिलिटी बढ़ाना, पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए कानूनी ढांचा तैयार करने जैसे कदम उठाने का फार्मूला सर्वोच्च न्यायालय में पेश किया है।

### क्यों जरूरी है डिवाइस ब्लॉकिंग?

सरकार ने कोर्ट को बताया कि साइबर ठग अक्सर एक ही मोबाइल हैंडसेट से कई सिम कार्ड, कई बैंक अकाउंट और अलग-अलग वाट्सअप अकाउंट चलाते हैं। वे बार-बार नंबर बदलते हैं, इसी वजह से अब नंबर की बजाय डिवाइस को टारगेट करने की रणनीति बनाई गई है। इससे फर्जी अकाउंट दोबारा बनाना कठिन हो जाएगा और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पर भी नियंत्रण बढ़ेगा। वाट्सएप ने यह भी माना है कि वह डिलीट किए गए अकाउंट्स का डेटा कम से कम 180 दिनों तक सुरक्षित रखने पर विचार करेगा।

## आर्मेनिया के चीफ ऑफ लेफ्टिनेंट अस्त्रयान का स्वागत



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ सीडीएस अनिल चौहान आर्मेनिया के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एडवर्ड अस्रयान का उनकी भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान नई दिल्ली में स्वागत करते हुए।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परीक्षण में शामिल समूची टीम का बढ़ाया हौसला, दी बधाई

# डीआरडीओ ने किया कम दूरी की एंटी शिप मिसाइलों का परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मोर्चे पर बनी हुई चुनौतियों के बीच रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा राज्य के बंगाल की खाड़ी से लगे तट पर कम दूरी की एंटी शिप मिसाइल (एनएएसएम-एसआर) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। जिसमें पहली बार नौसेना के सीकिंग हेलीकॉप्टर से एक साथ दो मिसाइलें दागी गई हैं। यह एक उन्नत और स्वदेशी जहाज रोधी हवाई मिसाइल सिस्टम है।

**बंगाल की खाड़ी में सीकिंग हेलीकॉप्टर से दागी गई दो स्वदेशी मिसाइलें मारक क्षमता लगभग 55 किलोमीटर**



### सभी मानकों पर खरा उतरा परीक्षण

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण अपने तय किए गए सभी मानकों पर पूरी तरह से खरा उतरा है। जिसकी पुष्टि राज्य की एकीकृत चांदीपुर परीक्षण रेंज में लगाए गए विभिन्न प्रकार के निगरानी सिस्टम की मदद से एकत्रित किए गए डाटा से की गई है। इसमें रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल और टेलीमेट्री सिस्टम मुख्य रूप से शामिल हैं। मिसाइल की एक खास बात यह भी है कि यह अपनी कार्रवाई के दौरान दुश्मन के रडार से बचने के लिए सी-स्किमिंग तकनीक का उपयोग करती है। जिससे यह समुद्र की सतह के बेहद करीब उड़ान भरते हुए अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगा सकती है। परीक्षण के दौरान डीआरडीओ, नौसेना, वायुसेना और अन्य सभी विकास-उत्पादन साझेदार मौजूद रहे।

### रक्षा मंत्री ने सराहे डीआरडीओ व नौसना के प्रयास

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परीक्षण को लेकर डीआरडीओ, नौसेना, वायुसेना और अन्य सभी भागीदारों को बधाई दी है। साथ ही कहा कि इस मिसाइल को देश के अंदर विकसित किए जाने से भविष्य में सशस्त्र सेनाओं की युद्धक क्षमता में कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा। डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ.समीर.वी.कामत ने भी परीक्षण में शामिल रही वैज्ञानिकों और सशस्त्र सेनाओं की पूरी टीम को बधाई के साथ अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

### इन प्रयोगशालाओं ने बनाई मिसाइल

एनएएसएम-एसआर मिसाइल को हैदराबाद स्थित रक्षा केंद्र इमारत ने डीआरडीओ की कुछ अन्य प्रयोगशालाओं जैसे हैदराबाद स्थित डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेट्री, हाई एनर्जी मटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी पुणे, टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी चंडीगढ़ और आईटीआर चांदीपुर की मदद से बनाया है। वर्तमान में मिसाइलों का उत्पादन डीसीपीपी, भारतीय उद्योगों और स्टार्टअप की मदद से कर रहा है। सीकर, एकीकृत एवियॉनिक्स मॉड्यूल, उन्नत नेवीगेशन एंड गाइडेंस, रेडियो ऑल्टमीटर, उन्नत नियंत्रण-निर्देशित एल्गोरिदम, टू वे डाटा लिंक के साथ हाई बैंडविथ, जेट वेन कंट्रोल सिस्टम को संगठन की तमाम प्रयोगशालाओं, उद्योगों द्वारा स्वदेशी रूप से बनाकर इसमें लगाया गया है।

## वार्ता में शामिल होंगे क्षेत्रीय और वैश्विक मामले

# आज नई दिल्ली में होगी भारत और इटली के बीच द्विपक्षीय बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट की वजह से तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। दोनों देशों के रक्षा सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों के अलावा अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य के मद्देनजर क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हाल ही में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए किर्गिस्तान की यात्रा कर स्वदेश लौटे हैं। उनकी चीन, रूस सहित समूह के अन्य सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें हुई हैं। इटली के रक्षा मंत्री की यह पहली भारत यात्रा होगी। दोनों देशों के मौजूदा सहयोग को और अधिक विस्तार देने खासतौर पर औद्योगिक साझेदारी के क्षेत्र में सहयोग के नए क्षेत्रों को तलाशने की उनकी इच्छा प्रदर्शित होती है। बता दें कि रक्षा मंत्री ने वर्ष 2023 में इटली की राजधानी रोम की यात्रा की थी।





## डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# तब तेज धूप में नहीं होगा डिहाइड्रेशन



**मेरी उम्र 27 साल है। मेरी फील्ड जॉब है। इन दिनों तेज धूप में मुझे डिहाइड्रेशन न हो इसके लिए मुझे कौन सी बातों का ध्यान रखना चाहिए?**

**-साकेत, रायपुर**

डिहाइड्रेशन से बचने के लिए आपको लगातार पानी पीते रहना चाहिए। मतलब आप घर से जब निकलें तो छाछ या नीबू पानी या लस्सी पीकर निकलें। पानी की बोतल अपने साथ रखें। करीब हर 1 घंटे बाद आपको पानी पीते रहना चाहिए। कोशिश करें कि सर को ढंक कर निकलें। अगर जरूरी ना हो तो दिन में 1 बजे से लेकर 4 बजे के बीच तेज धूप में निकलने से बचें। अगर लगातार धूप में रहना पड़ता है तो बीच में एक बार शिकंजी पी लें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मुझे नींद में दांत किटकिटाने की आदत है। कृपया बताएं ऐसा क्यों होता है? इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन भी बताएं।**

**-आशुतोष, बलौदा बाजार**

हालांकि यह समस्या आमतौर पर बच्चों को होती है और जब उन्हें पेट में वॉर्म होते हैं, तब ऐसा करते हैं और तब उन्हें डी वॉर्मिंग की दवा देनी पड़ती है। इस तरह की समस्या ज्यादातर पेट से जुड़ी होती है। बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें, वे जांच कराएंगे, तभी इलाज हो पाएगा।

**मेरी उम्र 43 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरे पेट मे हल्का-हल्का दर्द हमेशा बना रहता है। खाना ठीक से नहीं पचता और वॉमिट जैसा फील होता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-जतिन, रोहतक**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लगता है कि आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं है। जिस वजह से हल्का-हल्का दर्द रहता है और भूख भी कम लगती है। सबसे पहले आप अपना खान-पान ठीक करें, बाहर का खाना और जंक फूड बिल्कुल बंद कर दें। दोपहर के खाने में दही और सलाद जरूर शामिल करें। शाम को दलिया या खिचड़ी जैसा हल्का खाना खाएं। सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह बदलाव करने से अगर आराम ना मिले तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। कुछ महीनों से मेरा वजन लगातार कम हो रहा है और कमजोरी भी महसूस होती है। जबकि मेरी डाइट पहले की तरह ही है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-नलिन, बिलासपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपकी डाइट और रूटीन पहले जैसा है और फिर भी वजन कम हो रहा है तो ऐसे मामले में बगैर फिजिकली देखे और जांच कराए कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इसलिए आप जनरल फिजिशियन से संपर्क करें। वह जरूरी जांच करा कर ट्रीटमेंट कर सकेंगे।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। जब भी मैं कुछ दूर पैदल चलता हूं, मेरे पैरों में सूजन आ जाती है। रेस्ट करने पर यह सूजन अपने-आप ही ठीक हो जाती है। ऐसा क्यों होता है? इस प्रॉब्लम से बचने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अभिसार, दुर्ग**

पैरों में सूजन की वजह कई बार शुगर का बढ़ना होता है। सबसे पहले आप अपनी शुगर की जांच कराएं। अगर वह नॉर्मल है, तो आपकी मसल्स कमजोर हो सकती हैं, जिस वजह से चलने पर सूजन आ जाती है। इसके लिए आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क करना पड़ेगा। वे जांच कर इसका ट्रीटमेंट करेंगे। फिलहाल लंबा चलना बंद कर दें।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मुझे रात को ठीक से नींद नहीं आती। पिछले कुछ समय से मैं नींद की गोलियां ले रहा हूं। कृपया बताएं कि अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुलदीप, भोपाल**

नींद की गोलियां लेना इस समस्या का समाधान नहीं है। बेहतर होगा कि आप इस बात पर गौर करें कि आपके जीवन में ऐसा क्या घटित हुआ है, जिस वजह से आपको नींद नहीं आ रही है। अगर आप ऐसा खुद नहीं कर सकते तो जरूर आपको एक बार मनोचिकित्सक से संपर्क कर लेना चाहिए। वे इसका इलाज बताएंगे क्योंकि नींद की दवा नियमित लेने से समस्या बढ़ेगी। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

## डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. सुदीप जैन
डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया
नई दिल्ली

स्पेशलः वर्ल्ड एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस डे, 3 मई

एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस यानी रीढ़ की हड्डी में होने वाला अर्थराइटिस, एक पेनफुल सीरियस डिजीज है। यह समस्या किसी को भी हो सकती है। लेकिन यंगस्टर्स को अवेयर रहने की ज्यादा जरूरत होती है। अगर इसके लक्षणों का ध्यान रखा जाए और शुरुआती दौर में ही सही ट्रीटमेंट करवाया जाए तो पेशेंट पूरी तरह ठीक हो सकता है। इस बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस यंगस्टर्स को भी रहना होगा अवेयर

हालांकि वैसे तो किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति, एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस (संक्षेप में एएस) से ग्रस्त हो सकते हैं लेकिन आमतौर पर यह बीमारी किशोर-किशोरियों (टीनएजर्स) से लेकर 30 वर्ष की आयु वालों को तुलनात्मक रूप से कहीं ज्यादा अपनी गिरफ्त में ले सकती है। यानी युवा वर्ग के लिए एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या उनकी सेहत के लिए बड़ी समस्या बन सकती है, लेकिन तसल्ली की बात यह है कि समय रहते इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है। महिलाओं की तुलना में पुरुषों में एएस की समस्या अधिक आम है।

### क्या होती है यह समस्या

एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, रीढ़ की हड्डी का गठिया यानी अर्थराइटिस है। यह एक ऑटोइम्यून बीमारी है, जिसमें शरीर का रोग प्रतिरोधक तंत्र (इम्यून सिस्टम) अपनी रक्षक की भूमिका छोड़कर भक्षक बन जाता है, जिसके परिणामस्वरूप शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली शरीर के जोड़ों की स्वस्थ कोशिकाओं पर हमला करती है। इसके अलावा एएस की समस्या में आनुवंशिक कारक (एच एल ए-बी 27 जीन) भी भूमिका निभाते हैं।

एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस मुख्य रूप से रीढ़ की हड्डी के जोड़ों को प्रभावित करती है। इस समस्या में रीढ़ की कशेरुकाएं (वर्टिब्रा) आपस में जुड़ सकती हैं, जिससे कमर में गंभीर अकड़न और दर्द होता है। वस्तुतः एएस, रीढ़ के निचले हिस्से सैक्रोइलिएक ज्वाइंट, कूल्हों, कंधों, गर्दन और पसलियों के बीच के जोड़ों को प्रभावित करता है।

### दिख सकते हैं ये लक्षण



- कूल्हों और पीठ के निचले हिस्से में लगातार दर्द और अकड़न, जो नींद से जागने पर सुबह बढ़ सकती है।
- लंबे समय तक बैठने/आराम करने के बाद भी पीठ और कूल्हों में दर्द और अकड़न की समस्या बढ़ सकती है।
- कालांतर में गर्दन और ऊपरी पीठ में भी अकड़न आ सकती है।
- गर्दन में दर्द हो सकता है।
- आराम करने पर दर्द बढ़ना। इसका आशय यह है कि सक्रिय रहने या चलने-फिरने से दर्द में कमी आती है।
- रीढ़ की हड्डी में सूजन भी हो सकती है।
- आंखों में सूजन यानी यूविआइटिस होना।
- पसलियों के जोड़ों के प्रभावित होने से सांस लेने में दिक्कत हो सकती है।
- कालांतर में एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या की गंभीर स्थिति में रीढ़ (स्पाइन) आगे की ओर मुड़ जाती है, जिसे काइफोसिस या 'हंचबैक' कहा जाता है।
- इसकी गंभीर स्थिति में बैंबू स्पाइन की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिसमें रीढ़ बांस की तरह सख्त और लचीलापन रहित हो जाती है।



### हो सकती है काइफोसिस की समस्या

एएस और काइफोसिस के बीच गहरा संबंध है। एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, गठिया का एक प्रकार है। वहीं काइफोसिस, एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस के कारण कालांतर में उत्पन्न हो सकने वाली एक शारीरिक विकृति (रीढ़ का आगे झुकना) है। जैसे-जैसे एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या आगे बढ़ती है, तब रीढ़ की हड्डी में अकड़न-जकड़न के कारण रीढ़ आगे की ओर मुड़ जाती है, जिसे काइफोसिस कहा जाता है। काइफोसिस की यह स्थिति व्यक्ति को आगे की ओर झुकी मुद्रा में खड़ा होने पर मजबूर कर सकती है। गंभीर स्थिति में इसके कारण सीने का फैलाव कम हो सकता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। इस समस्या की गंभीर और जटिल स्थिति में कार्डियो-रेस्पिरेटरी फेल्योर की गंभीर मेडिकल कंडीशन उत्पन्न हो सकती है। इस गंभीर स्थिति में बेहोशी, सांस न आना जैसे लक्षण सामने आ सकते हैं।

### काइफोसिस का सर्जिकल इलाज



काइफोसिस की शुरुआती स्थिति में मिनिमली इनवेसिव परक्यूटेनियस काइफोसिस करेक्शन सर्जरी की जाती है, जो ओपन सर्जरी के तुलना में मरीज के लिए कहीं ज्यादा सुरक्षित और कम से कम जोखिम वाली है। वहीं काइफोसिस की गंभीर स्थिति का इलाज काइफोसिस करेक्शन सर्जरी के जरिए किया जाता है, जिसमें पूरी स्पाइन की जटिलताओं को ठीक किया जाता है।

### आजमा सकते हैं ये उपाय



**एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस** से राहत पाने में इन सुझावों पर अमल करना लाभप्रद है।

- सुबह की अकड़न कम करने के लिए गर्म पानी से नहाएं या हीट पैक का उपयोग करें।
- रांग पोस्चर्स से बचें। रांग पोस्चर उस स्थिति को कहते हैं, जिसमें बैठने और चलने-फिरने या किसी कार्य को अंजाम देते वक्त पर रीढ़ की हड्डी एक तरफ झुकी हुई हो या फिर तिरछी स्थिति में हो, यानी अपने नेचुरल कर्व में न हो। जो लोग एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस से पीड़ित हैं, उन्हें रांग पोस्चर्स से बचना चाहिए और अपनी रीढ़ की हड्डी को जहां तक संभव हो उठते, बैठते और चलते समय सीधा रखने का प्रयास करना चाहिए। जो लोग एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस से पीड़ित नहीं हैं, उन्हें भी रांग पोस्चर्स से बचना चाहिए।

### एएस से बैंबू स्पाइन की समस्या

एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस की गंभीर स्थिति बैंबू स्पाइन की समस्या उत्पन्न करती है। ऐसी स्थिति में बिना हल्का झटका या जर्क लगने पर किसी चोट या आघात के बगैर रीढ़ की हड्डी क्षतिग्रस्त (फ्रैक्चर्ड) हो जाती है। स्पाइन फ्रैक्चर के कारण मरीज लकवा से ग्रस्त हो सकता है।

### बैंबू स्पाइन का सर्जिकल इलाज

एएस से उत्पन्न बैंबू स्पाइन की समस्या में फ्रैक्चर का इलाज बगैर किसी चीज फाड़ के परक्यूटेनियस कैन्युलेटेड स्क्रू डालकर ऐसे फ्रैक्चर को फिक्स कर दिया जाता है। इस सर्जरी को मिनिमली इनवेसिव परक्यूटेनियस कैन्युलेटेड स्क्रू फिक्सेशन सर्जरी कहा जाता है,जो रीढ़ की हड्डी के फ्रैक्चर के इलाज के लिए एक आधुनिक और कम नुकसान वाली सर्जिकल तकनीक है। इसमें पारंपरिक ओपन सर्जरी की तुलना में बहुत छोटे चीरे लगाए जाते हैं।

### ट्रीटमेंट के तरीके

एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस के दुष्प्रभावों को नियंत्रित करने के लिए उपचार की दो विधियां हैं- गैर सर्जिकल और सर्जिकल। मरीज की बीमारी की स्थिति, उसकी उम्र और लक्षणों के आधार पर विशेषज्ञ डॉक्टर उपचार की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। नॉन स्टेराइडल एंटी इन्फ्लेमेटरी ड्रग्स दर्द और सूजन कम करने के लिए डॉक्टर के परामर्श से ही दी जाती हैं। जबकि डिजीज-मॉडिफाइंग ड्रग्स, डॉक्टर के परामर्श से ऑटोइम्यून बीमारियों के अंतर्निहित कारणों को ठीक करने या उनके बढ़ते दुष्प्रभाव को धीमा करने के लिए दी जाती हैं।

**एक्सरसाइज और फिजियोथेरेपीः** इनसे रीढ़ की हड्डी के विकार को रोकने या उसे कम करने में मदद मिलती है। तैराकी, योग, और स्ट्रेचिंग बहुत फायदेमंद हैं। लेकिन डॉक्टर से परामर्श लेकर ही व्यायाम और फिजियोथेरेपी करवानी चाहिए।

**सर्जरी ट्रीटमेंटः** एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस के कारण काइफोसिस और बैंबू स्पाइन की समस्या में जब मरीज को दवाओं और अन्य उपायों से राहत नहीं मिलती, तब विशेषज्ञ डॉक्टर मरीज को सर्जरी करने का परामर्श दे सकते हैं। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

## मेंटल हेल्थ

शिखर चंद जैन

आज के दौर में अपनी हेल्थ और फिटनेस के प्रति कॉन्शस लोग कई हेल्थ एप्स का यूज करते हैं। लेकिन कई बार इन एप्स पर ओवर डिपेंडेंसी मेंटली स्ट्रेस पैदा करने लगती है। यही हेल्थ एप बर्नआउट कहलाता है। इसके कारण और बचने के उपायों के बारे में जानिए।

# कहीं आपको भी हेल्थ एप बर्नआउट की समस्या तो नहीं!



आज के दौर में हाथ में बंधी 'स्मार्टवॉच' सिर्फ डिजिटल समय नहीं बताती, वह उपयोगकर्ता की धड़कन, नींद, कदम और यहां तक कि उसके तनाव के स्तर पर भी नजर रखती है। इसी तरह कई वियरेबल गैजेट्स या मोबाइल एप ऐसे हैं, जो आपकी बीपी, एक्टिविटी आदि की जानकारी देते हैं। पहली नजर में यह सेहत के प्रति एलर्ट रहने का बेहतरीन तरीका लगता है, लेकिन इसका दूसरा पहलू जरा चौंकाने वाला है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय शोध और मनोवैज्ञानिक रिपोर्ट्स बताती हैं कि अब लोग 'एप बर्नआउट' के शिकार होने लगे हैं। दरअसल एक सीमा तक तो इन पर निर्भरता ठीक है मगर जब इनका ओवरयूज होने लगता है तो ये आपकी मदद करने के बजाय आपको मानसिक रूप से थकाने और तनाव देने लगते हैं। यह एक ऐसी स्थिति है, जहां आप हेल्थ से ज्यादा डेटा और नंबर्स पर डिपेंड होने लगते हैं।

**क्यों होता है बर्न आउटः** हर कदम, हर कैलोरी और नींद के हर मिनट को ट्रैक करना दिमाग को थका देता है। ऐसा लगता है जैसे आप खुद को नहीं, बल्कि किसी 'प्रोजेक्ट' को मैनेज कर रहे हैं।

**कैसे पहुंचाते हैं नुकसानः** विभिन्न हेल्थ रिपोर्ट्स के अनुसार, कैलोरी काउंट करने और हर निवाले का हिसाब रखने वाले एप्स लोगों में खाने के प्रति एक असामान्य डर पैदा कर देते हैं। इसे ऑर्थोरेक्सिया कहा जाता है, यानी हेल्दी-बैलेंस्ड खाने का ऐसा जुनून, जो मानसिक तनाव का कारण बन जाए।



**स्लीप एंग्जायटीः** जर्नल ऑफ क्लिनिकल स्लीप मेडिसिन की एक रिपोर्ट के अनुसार, जो लोग अपनी नींद को एप पर ट्रैक करते हैं, वे अक्सर 'ऑर्थोसोमनिया' के शिकार हो जाते हैं। यह वह स्थिति है, जहां व्यक्ति अपनी नींद की गुणवत्ता को लेकर इतना चिंतित रहता है कि उसी चिंता के कारण उसे नींद नहीं आती। अगर एप सुबह पुअर स्लिप दिखाता है, तो व्यक्ति पूरा दिन थका हुआ महसूस करता है, भले ही वह असल में फ्रेश महसूस कर रहा हो।

**सामाजिक तुलना का दबावः** फिटनेस एप्स अक्सर लीडरबोर्ड दिखाते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया के एक शोध के मुताबिक, जब महिलाएं अपने स्टेप्स या वर्कआउट की तुलना दूसरों से करती हैं, तो उनमें हीन भावना पैदा होती है। यह डिजिटल कॉम्पिटिशन, सेहत सुधारने के बजाय तनाव को जन्म देता है।

**शरीर के संकेतों की अनदेखीः** हमारा शरीर थकने पर आराम मांगता है, लेकिन फिटनेस बैंड कहता है, 'सिर्फ 500 कदम और!' मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि एप्स पर अत्यधिक निर्भरता के कारण हम अपनी आंतरिक समझ खो रहे हैं। हम प्यास लगने पर पानी नहीं पीते, बल्कि एप के नोटिफिकेशन पर पानी पीते हैं।

**नोटिफिकेशन फटीगः** दिन भर में आने वाले दर्जनों अलर्ट- 'पानी पिएं, खड़े हो जाएं, गहरी सांस लें' दिमाग को शांत करने के बजाय उसे अलर्ट मोड पर रखते हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन की रिपोर्ट बताती है कि बार-बार आने वाले ये डिजिटल एलर्ट एकाग्रता को भंग करते हैं और कॉर्टिसॉल के स्तर को बढ़ाते हैं।



**प्राइवेसी और डेटा सुरक्षा की चिंताः** ब्रिटिश मेडिकल जर्नल की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कई हेल्थ एप्स यूजर का डेटा तीसरे पक्ष को बेचते हैं। अपनी पीरियड साइकिल, मूड और लोकेशन जैसी निजी जानकारियां साझा करने का डर भी अनजाने में एक मानसिक तनाव पैदा करता है।

**फिटनेस और वेलनेस के बीच का अंतर मिटनाः** फिटनेस का मतलब है शारीरिक क्षमता, जबकि वेलनेस का मतलब है समग्र कल्याण। हेल्थ एप्स अकसर केवल शारीरिक आंकड़ों पर ध्यान देते हैं। एप्स इमोशनल हेल्थ मॉनिटर नहीं कर सकते।

**हेल्थ एप बर्नआउट के लक्षणः** दिन भर में दर्जनों बार स्टेप्स या कैलोरी चेक करना। यदि किसी दिन लक्ष्य पूरा न हो (जैसे 10,000 कदम न चल पाना), तो खुद को असफल महसूस करना। नींद के डेटा को देखकर यह सोचना कि मेरी नींद अच्छी नहीं थी। भले ही आप उठने पर फ्रेश महसूस कर रहे हों। वर्कआउट या वॉक इसलिए करना क्योंकि एप कह रहा है, न कि इसलिए कि आपको खुशी मिल रही है।

**इससे बचने के उपायः** अनावश्यक चिंता और दवाब से बचने के लिए 'इंट्यूइटिव लिविंग' अपनाएं। एप्स पर निर्भर रहने के बजाय अपने शरीर के संकेतों को सुनना शुरू करें। अगर आप थके हुए हैं, तो एप के कीप गोइंग नोटिफिकेशन के बावजूद आराम करें। शरीर की सुनें, सॉफ्टवेयर की नहीं। हर 1 घंटे में उठने या पानी पीने के रिमाइंडर दिमाग में एक चेकलिस्ट की तरह तनाव पैदा करते हैं। केवल सबसे जरूरी नोटिफिकेशन ऑन रखें, बाकी सब बंद कर दें। पानी पीने या टहलने को आदत में शामिल करें। वीक में कम से कम एक या दो दिन (जैसे शनिवार या रविवार) अपनी स्मार्टवॉच उतार दें और किसी भी एप में डेटा फीड न करें। बिना किसी डिजिटल हस्तक्षेप के अपनी वॉक या खाने का आनंद लें। हर चीज के लिए अलग एप (पानी, नींद, खाना, कदम, मेडिटेशन) रखने के बजाय केवल 1 या 2 सबसे महत्वपूर्ण हेल्थ एप चुनें। तभी आप स्वस्थ रहेंगे। *





## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 8 | 7 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 12 |
| राजस्थान | 9 | 6 | 3 | 12 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



वैभव सूर्यवंशी
400 रन
राजस्थान

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
14 विकेट
बेंगलुरु

# रियान पराग की 'वेपिंग' पर बवाल, बीसीसीआई ने करार दिया गैर-जिम्मेदाराना कृत्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में खेले गए आईपीएल मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में 'वेपिंग' (ई-सिगरेट का इस्तेमाल करना) करते हुए टीवी कैमरों में कैद होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। भारत सरकार ने 2019 में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें इसका उत्पादन, बिक्री और वितरण शामिल था। इस संबंध में कानून के अनुसार पहली बार अपराध करने पर दोषी को एक साल तक की कैद हो सकती है या/और उस पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया सकता है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे पराग पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट का सेवन करते हुए देखे गए। कैमरे में कैद हुई इस घटना पर सोशल मीडिया पर तुरंत ही प्रतिक्रिया होने लगी। इस प्रतियोगिता के संचालन से जुड़े आईपीएल और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों ने इसे सोशल मीडिया और टीवी कैमरों की निगरानी के युग में बेहद लापरवाही वाला कृत्य करार दिया।

### बीसीसीआई कर सकती है कार्रवाई

आईपीएल के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया, ' कई खिलाड़ी ई-सिगरेट का सेवन करते हैं, लेकिन वे ड्रेसिंग रूम में ऐसा नहीं करते। इतने सारे कैमरों के बीच ऐसा करना बेहद जोखिम और लापरवाही भरा है। पराग को खुलेआम ई-सिगरेट पीते हुए पकड़े जाने के बाद बीसीसीआई को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।' राजस्थान रॉयल्स टीम का कोई भी अधिकारी इस मामले पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं था।



**दूसरी बार विवाद में घिरा आरआर** — आईपीएल के मौजूदा सत्र में यह पहला अवसर नहीं है जबकि राजस्थान किसी विवाद में पड़ा। इससे पहले इसी महीने की शुरुआत में टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन का इस्तेमाल करने कारण नियमों का उल्लंघन करने के लिए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था।

### कैमरे में वेपिंग करते पकड़े गए ये क्रिकेटर्स

साल 2020 में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल मैच के दौरान एरॉन फिंच का वेप करते हुए का क्लिप वायरल हो गया था। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान को धुंआ छोड़ते और फिर से कश लेते हुए देखा गया था। हाल में इस साल की शुरुआत में एसए20 के एक मैच के दौरान कैमरों ने एबी डिविलियर्स को वीआईपी स्टैंड में वेप करते हुए कैद कर लिया। इस फुटेज ने काफी हलचल मचा दी। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैक्कुलम ने बताया कि 2015 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच के दौरान उन्होंने टॉयलेट में सिगरेट पी थी, जबकि इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने कहा कि 2019 वर्ल्ड कप के फाइनल के दौरान उन्होंने लॉर्ड्स के वॉशरूम में सिगरेट पी थी।

### उठाया गया था खिलाड़ियों की निजता का मुद्दा

आईपीएल के एक अन्य सूत्र ने बताया कि मौजूदा टूर्नामेंट से पहले मुंबई में कप्तानों की बैठक में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की निजता का मुद्दा उठाया गया था। कुछ कप्तानों ने सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम की ओर कैमरे घुमाए जाने पर आपत्ति जताई थी। सूत्र ने कहा, 'यह ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट के इस्तेमाल से सीधे तौर पर संबंधित नहीं था। यह मोटे तौर पर खिलाड़ियों की निजता से जुड़ा था। कई बार खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में पूरे कपड़े नहीं पहने होते हैं या वे कैमरों से बचना चाहते हैं।' सूत्र के अनुसार खिलाड़ियों को बताया गया कि ड्रेसिंग रूम से फुटेज दिखाने वाले कैमरों के बारे में फैसला लेना बीसीसीआई का नहीं बल्कि प्रसारक का काम है।

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी20 रद्द



**चटगांव।** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को होने वाला दूसरा टी20 क्रिकेट मैच लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा। काफी इंतजार करने के बावजूद बारिश के रुकने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही थी, जिसके बाद मैच रद्द करने का फैसला किया गया। पहले मैच में 6 विकेट की जीत के बाद बांग्लादेश तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है। श्रृंखला का अंतिम मैच मीरपुर में शनिवार से खेला जाएगा। बांग्लादेश ने इससे पहले तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीती थी।

### श्रीलंका क्रिकेट में उठापटक अध्यक्ष सिल्वा का इस्तीफा



**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट में 29 अप्रैल को उस समय भारी उठापटक का माहौल देखने को मिला, जिसका अंदेशा पिछले काफी दिनों से लगाया जा रहा था। श्रीलंका क्रिकेट यानी एसएलसी के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस बात की जानकारी श्रीलंका क्रिकेट की तरफ से आधिकारिक तौर पर जारी कर दी गई है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पिछले दिनों बोर्ड में बदलाव को लेकर जोर दिया था, जिसके बाद ये कदम उनके इसी बयान को लेकर माना जा रहा है। एसएलसी की तरफ से श्रीलंका क्रिकेट में हुए इस उठापटक को लेकर जो आधिकारिक बयान जारी किया गया है उसमें ये भी साफ कर दिया गया है कि सभी की इस्तीफे तुरंत प्रभाव से मान लिए गए हैं और एक अंतरिम बॉडी बोर्ड का चार्ज संभालेगी।

### नहीं रहे दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय कुमार



**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय कुमार का उनके गृह नगर लखनऊ में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 57 वर्ष के थे। इंडियन ओपन 2002 के विजेता और चार बार के 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' चैंपियन विजय भारतीय पेशेवर गोल्फ के सबसे सफल और सम्मानित खिलाड़ियों में से एक थे। विजय ने 1988 में पेशेवर गोल्फर के रूप में करियर शुरू किया। उन्होंने एक दशक से भी अधिक समय तक भारतीय घरेलू गोल्फ पर अपना दबदबा बनाए रखा और इस दौरान कई खिताब जीते। इंडियन ओपन 2002 में उनकी जीत विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वह इंडियन ओपन जीतने वाले 9 भारतीय गोल्फरों में से एक हैं। विजय ने 1999 में स्कॉटलैंड के सेंट एंड्रयूज में अल्फ्रेड डनहिल कप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था। 'डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष कपिल देव ने विजय कुमार के निधन को भारतीय गोल्फ के लिए बड़ी क्षति बताया।

# 243 रन बनाकर भी हारी मुंबई हैदराबाद की लगातार 5वीं जीत

### हेड और क्लासेन का तूफानी अर्धशतक, छह विकेट से जीता सनराइजर्स

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ट्रेविड हेड और हेनरिक क्लासेन के तूफानी अर्धशतक से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन के शतक पर पानी फेरते हुए मुंबई इंडियन्स को 6 विकेट से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इस जीत से सनराइजर्स की टीम 9 मैच में 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मुंबई की टीम 8 मैच में 4 अंक के साथ नौवें स्थान पर है।

मुंबई के 244 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स ने हेड (76 रन, 30 गेंद, 8 छक्के, 4 चौके) और अभिषेक शर्मा (45 रन, 24 गेंद, 3 छक्के, 4 चौके) के बीच पहले विकेट की 8.4 ओवर में 129 रन की साझेदारी के बाद हेनरिक क्लासेन (नाबाद 65 रन, 30 गेंद, 4 छक्के, 7 चौके) के अर्धशतक से 18.4 ओवर में 4 विकेट पर 249 रन बनाकर जीत दर्ज की। क्लासेन ने नीतीश कुमार रेड्डी (21) के साथ चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी भी की। सलील अरोड़ा ने अंत में 10 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 30 रन बनाए।



### पावरप्ले : एमआई का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में मुंबई इंडियंस की पारी का आगाज विल जैक्स और रायन रिकल्टन ने किया। दोनों ने मिलकर पहले 6 ओवरों में 78 रन बना डाले, जो आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस का पावरप्ले में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। पहले 6 ओवरों के खेल में जैक्स ने 18 गेंद खेलकर 38 रन बनाए, दूसरी ओर रिकल्टन ने भी 18 गेंदों का सामना किया और 37 रन बनाए।

### सनराइजर्स ने कूटे 92 रन

पावरप्ले के दौरान तो हैदराबाद के अभिषेक और हेड ने तबाही मचा दी। सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई के खिलाफ पहले 6 ओवरों में बिना कोई विकेट खोए 92 रन कूट डाले। यह सनराइजर्स हैदराबाद के इतिहास का पांचवां सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है।

### रिकेल्टन ने तोड़ा जयसूर्या का 18 साल पुराना रिकॉर्ड

रिकेल्टन ने 44 गेंद पर शतक जड़कर इतिहास रच दिया। वह मुंबई इंडियंस के लिए सबसे कम गेंद पर शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनथ जयसूर्या के नाम था। जयसूर्या ने 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 45 गेंद पर शतक जड़ा था।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जैक्स का इशान बो नीतीश | 46 | 22 | 5 | 3 |
| रिकेल्टन नाबाद | 123 | 55 | 10 | 8 |
| सूर्यकुमार का अभिषेक बो मलिंगा | 05 | 05 | 1 | 0 |
| नमन धीर का दुबे बो हिंगे | 22 | 17 | 3 | 0 |
| हार्दिक का क्लासेन बो साकिब | 31 | 15 | 2 | 2 |
| तिलक वर्मा का क्लासेन बो हिंगे | 07 | 05 | 0 | 1 |
| रोबिन मिंज नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 08, कुल : 20 ओवर में 243/5 रन
गेंदबाजी: कमिंस 4-0-39-0, हिंगे 4-0-54-2, मलिंगा 4-0-29-1, दुबे 3-0-50-0, साकिब 3-0-39-1 ,नीतीश 2-0-31-1

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का बोल्ट बो गजनफर | 45 | 24 | 4 | 3 |
| ट्रेविस हेड का जैक्स बो पंड्या | 76 | 30 | 4 | 8 |
| इशान किशन बो गजनफर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 65 | 30 | 7 | 4 |
| रेड्डी का सूर्यकुमार बो बोल्ट | 21 | 17 | 3 | 0 |
| सलील अरोड़ा नाबाद | 30 | 10 | 2 | 3 |

अतिरिक्त:12, कुल:18.4 ओवर में 4 विकेट पर 249
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-41-1, बुमराह 4-0-54-0, जैक्स 1-0-19-0, गजनफर 4-0-51-2, अश्वनी 2-0-41-0, पंड्या 3.4-0-39-1

### रात 7.30 बजे से गिल और कोहली होंगे आमने-सामने

# आज आरसीबी के सामने टाइटंस की कड़ी परीक्षा



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

निरंतरता हासिल करने के लिए बेताब गुजरात टाइटंस को गुरुवार को होने वाले आईपीएल में शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

अब जबकि टूर्नामेंट का आधा चरण पूरा हो चुका है तब गुजरात टाइटंस की टीम 8 मैचों में 4 जीत और 4 हार के साथ अंक तालिका में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रही है। दूसरी तरफ मौजूदा चैंपियन आरसीबी शानदार फॉर्म में है और उसने 8 मैचों में से 6 में जीत दर्ज की है। आरसीबी अभी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है।

### बेंगलुरु के भुवनेश्वर हेजलवुड बरपा रहे कहर

आरसीबी की तरफ से उसके तेज गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने मिलकर कहर बरपाया है। जहां भुवनेश्वर ने अपनी शानदार स्विंग से पुराने दिनों की याद दिला दी है, वहीं हेजलवुड ने टेस्ट मैच के स्तर की गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान किया है। वह बल्ले के बाहरी किनारे को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं। इसके अलावा बीच के ओवरों में क्रुणाल पंड्या का सामना करना भी बड़ी चुनौती है क्योंकि उनकी गेंदबाजी में काफी विविधता है।

### शीर्ष क्रम पर अधिक निर्भर गुजरात की टीम

गुजरात टाइटंस की टीम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अधिक निर्भर है। उसके चोटी के तीन बल्लेबाजों साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर ने एक बार फिर अधिक रन बनाए हैं। वाशिंगटन सुंदर ने मध्य क्रम में अपनी काबिलियत साबित की है, जबकि शाहरुख खान और राहुल तेवतिया जैसे फिनिशर अभी तक कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं। मध्य क्रम को मजबूती देने के लिए जेसन होल्डर को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है।

### छाप छोड़ने के लिए बेताब बेथेल

आरसीबी इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है, लेकिन सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है। इंग्लैंड के अपने साथी खिलाड़ी फिल साल्ट की चोट के कारण पिछले दो मैच में खेलने वाले जैकब बेथेल कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। यह प्रतिभाशाली बल्लेबाज गुरुवार को विराट कोहली के साथ पारी का आगाज करते हुए अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगा।

# थॉमस कप : फाइनल में चीन से 0-2 से पीछे भारत, सात्विक-चिराग और लक्ष्य हारे

एजेंसी ▶▶| होर्सेंस

लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोडी को करीबी हार का सामना करना पड़ा, जिससे भारत बुधवार को थॉमस कप फाइनल्स के ग्रुप ए के आखिरी मुकाबले में चीन से 0-2 से पीछे चल रहा है। लक्ष्य को दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शि फेंग से कड़ा संघर्ष करने के बावजूद तीन गेम तक चले मुकाबले में शिकस्त झेलनी पड़ी।

लक्ष्य ने पिछले महीने 'ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप' में ली को हराया था। वह बुधवार को निर्णायक गेम में उसी फॉर्म को दोहरा नहीं पाए और 19-21, 21-8, 12-21 से पराजित हो गए। भारत को सात्विक और चिराग की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से मुकाबले को बराबर करने की उम्मीद थी। लेकिन पांच मैच प्वाइंट बचाने के बावजूद यह जोड़ी मौकों को भुनाने में नाकाम रही और आखिरकार लियांग वेई केंग और वांग चांग से 13-21, 21-13, 24-26 से हार गई।





### अब आयुष शेट्टी पर दारोमदार

अब सारा दारोमदार आयुष शेट्टी पर होगा कि वह वेंग होंग यांग का सामना करते हुए भारत को इस मुकाबले में बनाए रखें। आयुष इस महीने की शुरुआत में एशिया चैंपियनशिप के उपविजेता रहे थे। वहीं हरिहरन अमसकरुनन और एमआर अर्जुन की युगल जोड़ी ही जी टिंग और रेन जियांग यू की जोड़ी से भिड़ेगी।

### अफगानिस्तानी महिला शरणार्थी टीम फीफा टूर्नामेंट में खेलेगी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

*विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फ़ीफ़ा ने अफगानिस्तान की महिला शरणार्थी टीम को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दे दी है। अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम की महिला खिलाड़ियों ने तालिबान शासन के कारण पांच साल पहले अपना देश छोड़ दिया था और तब से वह अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेलने की अनुमति मिलने का इंतजार कर रही थी। ब्रिटिश कोलंबिया के वैंकूवर में मंगलवार को हुई फीफा परिषद की बैठक में अफगानिस्तान की महिला शरणार्थी टीम को मान्यता देने के लिए फीफा के नियमों में संशोधन करने पर सहमति बनी।*



### अफगान महिला यूनाइटेड नाम से लेगी हिस्सा

अफगानिस्तान की महिला टीम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अफगान महिला यूनाइटेड नाम से भाग लेगी।

### भारतीय भारोत्तोलकों ने जीता 1 गोल्ड और 3 सिल्वर मेडल



**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप एवं यूनिवर्सल कप में बुधवार को समोआ के अपिया में तीसरे दिन एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। बेलाना हरिका ने राष्ट्रमंडल युवा और जूनियर चैंपियनशिप के 69 किग्रा में कुल 197 किग्रा (86 +111 किग्रा) वजन उठाकर दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता। करंगी तरंगिनी ने 179 किग्रा (79 +100 किग्रा) और भूमिका मोहिते ने 195 किग्रा (109 +86 किग्रा) वजन उठाकर 63 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीते। यूनिवर्सल कप में अभिषेक निपाने ने कुल 324 किग्रा (140 +184 किग्रा) भार उठाकर 88 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)**
दूरभाष (07141) कार्यालय 238320 Email- eephedbet@mp.nic.in

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 801/ लेखा/का.यं. / लोस्वायांवि.खंड/बैतूल/दिनांक 24-04-2026

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://mptenders.gov.in बैतूल जिले के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों / बसाहटों में 125/115 मि.मी. व्यास 180 मीटर गहरे नलकूप खनन कर हैण्डपंप स्थापना कार्य हेतु निविदा, प्रतिशत दर पर दिनांक 01.09.2023 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं:-

| स. क. | निविदा सूचना क्रमांक व दिनांक | ऑनलाईन ई-टेण्डर आई.डी. | विकासखंड | नलकूप की संख्या | निविदा की अनुमानित लागत (रू लाख में) | धरोहर राशि (रू में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | कार्यपूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19/2026-27/ Dt.24.04.2026 | 2026_PHED_501336_1 | बैतूल | 15 | 25.29 | 50000 | 5000 | 02 माह वषार्काल छोड़कर | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली |
| 2 | 20/2026-27/ Dt.24.04.2026 | 2026_PHED_501337_1 | आमला | 15 | 25.29 | 50000 | 5000 | | |
| 3 | 21/2026-27/ Dt.24.04.2026 | 2026_PHED_501338_1 | चिचोली | 15 | 25.29 | 50000 | 5000 | | |
| ऑनलाईन निविदा विक्रय की प्रारम्भिक तिथि व समय | | | | | 24.04.2026 | 11.00 | बजे से | | |
| ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि व समय | | | | | 05.05.2026 | 17.30 | बजे तक | | |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की संभावित तिथि व समय | | | | | 07.05.2026 | 11.00 | बजे से | | |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। आवश्यक होने पर निविदा से संबंधित समस्त शुद्धिपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर जारी किये जायेगें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
बैतूल (म.प्र.)

जी - 12202/26 स्वच्छता ही सेवा

**संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश मध्य प्रदेश**
" कचनार ई-5 पर्यावरण परिसर अरेरा कालोनी, हबीबगंज पुलिस थाना के पास, भोपाल-462016
ई-मेल-mptownslan@mp.gov.in दूरभाष 0755-2427096

सूचना

क्रमांक 1/507043/2026 टीसी/11/राजगढ़/उपा- क/नग्रानि/2026 भोपाल, दिनांक 24.04.2026
मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक-23 सन् 1973) की धारा 23-क की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन एतद् द्वारा सार्वजनिक जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि, संचालक, नीचे दी गई अनुसूची में यथानिर्दिष्ट राजगढ विकास योजना 2031 में उपांतरण प्रस्तावित करता है।
अनुसूची

| स. क्रं. | ग्राम / तहसील एवं जिला | खसरा क्रमांक | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) कुल रकबा | उपांतरण हेतु प्रस्तावित रकबा | विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग | उपांतरण प्रश्चात प्रस्तावित भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम गागोरनी तहसील व जिला राजगढ (म.प्र.) | 11/1/1 | 12.974 में से 4.40 | 4.40 | सार्वजिनक सेवायें एवं सुविधायें, कृषि एवं मार्ग | आवासीय एवं मार्ग |
| | कुल रकबा | | 12.974 में से 4.40 | 4.40 | | |

1. आवेदित भूमि राजगढ नेसडी मार्ग से ग्राम पाटन की ओर जाने वाला प्रधानमंत्री सडक मार्ग 8.00 मीटर चौडे के पूर्व दिशा में स्थित है। राजगढ विकास योजना, 2031 के अनुसार प्रधानमंत्री सडक मार्ग की प्रस्तावित चौडाई 24.00 मीटर है अतः मार्ग के मध्य से दोनों ओर 12.00 मीटर 12.00 मीटर भूमि मार्ग विस्तार हेतु छोडना आवश्यक होगा।
2. आवेदित भूमि में से 11 के. व्ही. एल टी इलेक्ट्रिक लाईन एवं 33000 वोल्ट से अधिक अतिरिक्त उच्च वोल्टेज लाईन (टॉवर लाईन) गुजरती है अतः मध्य प्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 52 के अनुसार विद्युत लाईनों से नियमानुसार दूरी छोडना आवश्यक होगा।
3. स्थल पर स्थित वृक्षों को यथासंभव यथास्थिति में रखा जाना आवश्यक होगा एवं वृक्षों को हटाने की दशा में संबंधित विभाग से अनुमति अनिवार्य होगी।
4. पर्यावरणीय एवं प्रदूषण के संबंध में संबंधित विभाग के निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा।
5. राजगढ विकास योजना 2031 के मापदण्ड एवं मध्य प्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के प्रावधानों का पालन करना आवश्यक होगा।
6. आवेदित भूमि के भाग रकबा 0.025 हेक्टेयर पर बीएसएनएल का टेलीफोन टॉवर स्थित है। अतः विकास एवं निर्माण कार्य के पूर्व टेलीफोन टॉवर को अन्य स्थानांतरित करना आवश्यक होगा ।

प्रस्तावित उपांतरण के व्यौरे, सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन की समयावधि के लिये आम जनता को निरीक्षण के लिये सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय राजगढ म.प्र. तथा वेबसाईट www.mptownplan.gov.in पर भी उपलब्ध होंगे।
प्रस्तावित उपांतरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति के कोई आपति/सुझाव हो तो, वह संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, म.प्र. भोपाल अथवा सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय राजगढ म.प्र. को दैनिक समाचार पत्रों में इस सूचना प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिन के भीतर लिखित में प्रस्तुत कर सकेगा एवं ऐसी आपतियों या सुझाव, जो ऊपर विनिर्दिष्ट अवधि के अवसान होने से पूर्व प्राप्त हो, पर विचार किया जाएगा।

आयुक्त सह संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
म.प्र. भोपाल

जी-12195/26 स्वच्छता ही सेवा






# सत्ता, स्वार्थ और संघर्ष की कड़वी सच्चाई को बयां करता नाटक 'अ...आ...क...ख...'

## मप्र नाट्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया नाटक का रवींद्र भवन में मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समाज की चमकती सतह के पीछे छिपे सच, टूटते रिश्तों की खामोशी, नैतिकता और स्वार्थ के बीच चलती अदृश्य लड़ाई, तथा आम इंसान के संघर्षों को गहराई से उजागर करते नाटक 'अ...आ...क...ख...' का मंचन बुधवार शाम रविंद्र भवन सभागार में मप्र नाट्य विद्यालय के सत्र 2024-26 के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। प्रसिद्ध रंगकर्मी इंद्रशीष लाहिड़ी द्वारा लिखित एक प्रभावशाली बंगाली नाटक में निर्देशन शान्तनु दास कोलकाता का है ।



### सत्ता, व्यवस्था, आर्थिक असमानता दिखाता नाटक

सत्ता, व्यवस्था, आर्थिक असमानता, टूटते पारिवारिक मूल्य और मानवीय रिश्तों की जटिलताओं को केंद्र में रखकर लिखा गया यह नाटक दर्शकों के मन में कई गहरे और असहज सवाल छोड़ते इस नाटक की कथा तीन अलग-अलग सामाजिक वर्गों से जुड़े परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती है।

### तीन परिवारों की कहानी कहता नाटक

पहला परिवार है परिखित बाबू का, जो एक ईमानदार और सिद्धांतवादी शिक्षक रहे हैं। स्कूल से सेवानिवृत्त हुए उन्हें दो वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज भी वे अपनी पेंशन के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। दूसरा परिवार है विनय सेन का, जो एक प्रभावशाली विधायक हैं। विनय सेन की पत्नी आनंदिता सेन महिला समिति से जुड़े एक एनजीओ की अध्यक्ष हैं। यह परिवार बाहरी चमक-दमक और सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक दिखाई देता है, वहीं तीसरा परिवार मध्यमवर्गीय महेंद्र का है, जो आर्थिक संघर्षों से जूझ रहा है। उसकी बड़ी बेटी रिमली का पंकज के साथ विवाहेतर संबंध है। पंकज द्वारा दिए गए फ्लैट और आर्थिक सहायता के सहारे ही उसका परिवार चलता है।

## खबर संक्षेप

### 'मां' कला प्रदर्शनी 1 से 3 मई तक, प्रदर्शित की जाएंगी 50 कलाकृतियां




**भोपाल।** मातृत्व की संवेदनाओं, प्रेम, त्याग और आत्मीयता को समर्पित कला प्रदर्शनी मां-ए हार्टबीट ऑफ एवरी होम (भोपाल संस्करण) का आयोजन 1 से 3 मई तक मानव संग्रहालय के वीथि संकुल में किया जाएगा। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष प्रदर्शनी में देशभर के 30 कलाकारों की लगभग 50 कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी, जिनमें मां के विविध रूपों, भावनाओं और संवेदनाओं को कला के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है। इस प्रदर्शनी का अगला संस्करण 8 से 10 मई तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

### चित्रा सिंह के काव्य संग्रह 'नदी की गीली आंखें' का लोकार्पण 3 को

**भोपाल।** प्रतिभाशाली कवयित्री प्रो. चित्रा सिंह के काव्य संग्रह 'नदी की गीली आंखें' का लोकार्पण प्रसिद्ध आलोचक डॉ. विजय बहादुर सिंह के सान्निध्य में 3 मई को श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि राजेश जोशी करेंगे तो मुख्य अतिथि कथाकार उर्मिला शिरीष होंगी। वहीं समालोचक निरंजन श्रोत्रिय और कवि प्रेमशंकर शुक्ल वक्तव्य देंगे तो कार्यक्रम के सूत्रधार शायर भवेश दिलशाद होंगे। कार्यक्रम में प्रो. चित्रा सिंह अपनी चुनिंदा कविताओं का पाठ भी करेंगी।



### कैलीग्राफी एवं ग्राफिक डिजाइन सेंटर में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी (संस्कृति परिषद) द्वारा संचालित "कैलीग्राफी एवं ग्राफिक डिजाइन सेंटर" में सत्र 2026-28 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 जून निर्धारित की गई है। इस दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष कैलीग्राफी और द्वितीय वर्ष ग्राफिक डिजाइन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अकादमी से निर्धारित आवेदन पत्र प्राप्त कर कार्यालय समय में जमा कर सकते हैं। सीटें सीमित होने के कारण अंतिम तिथि के पूर्व ही आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो सकती है। प्रवेश के लिए इच्छुक उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण या उसके समकक्ष होना आवश्यक है। साथ ही उर्दू भाषा का ज्ञान और आयु 15 से 35 वर्ष के मध्य होना चाहिए। आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड संलग्न करना अनिवार्य रहेगा।इस प्रशिक्षण के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। प्रशिक्षण से संबंधित सामग्री एवं पुस्तकें भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

## मानस भवन में संस्कार भारती ने किया नृत्य समागम का आयोजन

# कथक से कुचिपुड़ी तक, शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुतियों से सजा नृत्य समागम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व नृत्य दिवस के अवसर पर बुधवार को कला एवं संस्कृति को समर्पित संस्था 'संस्कार भारती' की द्वारा भव्य नृत्य समागम का आयोजन मानस भवन में किया गया। जिसमें शहर के दस कलागुरुओं द्वारा भारतीय शास्त्रीय नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, कार्यक्रम में कथक, भरतनाट्यम, मोहिनी अट्टम और कुचिपुड़ी सहित विभिन्न शास्त्रीय नृत्य शैलियों की आकर्षक प्रस्तुतियां देखने को मिलीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता संस्कार भारती मध्यभारत प्रांत के अध्यक्ष राजीव वर्मा ने की।



विश्व नृत्य दिवस पर मानस भवन में नृत्य प्रस्तुत करतीं युवतियां।

### भावपूर्ण मुद्राओं में दी हनुमान चालीसा पर प्रस्तुति

नृत्य समागम की शुरुआत कथक शैली में प्रस्तुत हनुमान चालीसा से हुई। नृत्य गुरु डॉ. विजया शर्मा के निर्देशन में तैयार इस प्रस्तुति में आठ नृत्यांगनाओं ने अपनी भावपूर्ण मुद्राओं और देहगतियों के माध्यम से हनुमान चालीसा के दोहों को सजीव कर दिया।




नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति।

### 'नृत्यति-नृत्यति सांब शिवोम' ने बांधा समां

इसके बाद नृत्याचार्य प्रदीप कृष्णन के निर्देशन में भरतनाट्यम शैली में प्रस्तुत 'नृत्यति-नृत्यति सांब शिवोम' ने भगवान शिव को समर्पित भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को प्रभावित किया। क्षमा मालवीय के निर्देशन में प्रस्तुत 'शिव ध्रुपद' तथा कविता शाजी के निर्देशन में मोहिनी अट्टम शैली की 'अष्टलक्ष्मी' प्रस्तुति ने भी खूब सराहना बटोरी। वहीं कुचिपुड़ी नृत्य शैली में प्रस्तुत 'तरंगम' ने अपनी लयात्मकता और आकर्षक भावभंगिमाओं से कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिए।

## अपनी कहानियां सुनाते आशीष विद्यार्थी

# थप्पड़ खा-खाकर सोच लिया था कि खुद का कैरीकेचर नहीं बनूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



जब 'कहो ना प्यार है' में मुझे थप्पड़ मारे गए और वह सीन निर्देशकों को इतना पसंद आया कि जब भी मुझे फिल्म मिलती तो मुझे ऐसे ही सीन करने को मिलते, तब मैंने सोचा कि मैं अब खुद का ही कैरीकेचर नहीं बनूंगा, बल्कि कुछ अलग करूंगा। ऐसे में मैंने अपनी सीमा फ़िल्मों के लिए तय की, फिर लगा कि जब आपके पास काम नहीं होता तो कैसे आप नामचीन होकर अनजान बन जाते हैं।

### राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला, लेकिन पार्टी देने के लिए नहीं थे पैसे

पहली रिलीज़ 'द्रोहकाल' के लिए जब 1995 में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता तो मेरे पास पार्टी देने के पैसे तक नहीं थे, मुंबई के आलीशान होटल में पार्टी रखी तो वेटर मुझे गरीब समझ रहे थे।

### मुंबई में हैसियत के हिसाब से भिगोया जाता है

'1942 ए लव स्टोरी' में मैंने मनीषा के भाई का रोल अदा किया, जो बारिश में भीगते हुए मरता है, इसकी शूटिंग डलहौजी में चल रही थी, वहां मुझ पर भर भर कर पानी डाला जा रहा था। जबकि डैनी सर पर हल्का स्प्रे। तब पता चला कि मुंबई में हैसियत के हिसाब से भिगोया जाता है। यह वो शहर है, जहां सपने टूटने के बाद भी दोबारा सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करते हैं।

### आपबीती कहानियों को पिरोकर तैयार किया कहानीबाज

11 भाषाओं में 350 फिल्में करने के बाद, इतने साल में पूरे भारत में घूमकर अलग-अलग भाषाओं में काम करके जो अनुभव मिले, उन्हीं आपबीती कहानियों को मैंने पिरोकर कहानीबाज तैयार किया। जिसका मकसद है-आइए, अपनी जिंदगी से मिलिए। जिसमें कही कहानियां आपके जीवन से मेल खाती हैं।

## नाट्यशास्त्र के अध्यायों, छंदों को बनाया माध्यम

# वर्ल्ड डांस डे: प्रतिभालय आर्ट्स अकादमी ने आयोजित की नाट्यशास्त्र कार्यशाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर प्रतिभालय आर्ट्स अकादमी द्वारा दो दिवसीय भरतनाट्यम एवं नाट्यशास्त्र पर आधारित एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को भरतमुनि रचित प्राचीन ग्रंथ 'नाट्यशास्त्र' की मूल अवधारणाओं और उसके व्यवहारिक उपयोग से परिचित कराया गया। कार्यशाला में नाट्यशास्त्र के 36 अध्यायों और 6,000 छंदों के माध्यम से प्रदर्शन कला, मंच सज्जा, अभिनय शैली, भाव अभिव्यक्ति, वेशभूषा, संगीत और वाद्ययंत्रों के महत्व को सरल तरीके से समझाया गया।



# केंद्रीय संस्कृत विवि में हिंदी कविता पर एक दिवसीय संगोष्ठी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय संस्कृत विवि के एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम सत्र 2025-26 के अंतर्गत हिंदी (द्वितीय सत्रार्द्ध) के प्रायोगिक विषय के लिए हिंदी कविता में कालानुसार होने वाले परिवर्तनों पर चर्चा पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता निदेशक प्रो. हंसधर झा ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य के अध्ययन एवं सृजनशील चिंतन के लिए प्रेरित किया। प्रो. अर्चना दुबे ने आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल, आधुनिक काल तथा समकालीन काल पर कहा कि हिंदी कविता समय, समाज और संस्कृति का सशक्त दर्पण है।

## दुष्यंत संग्रहालय में हुआ कथा कोलाज का मंचन

# मंच पर जिंदगी की कहानियां, 'कथा कोलाज' ने किया सोचने पर मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित अंतर्नाद नाट्य समारोह के तीसरे दिन बुधवार को नाटक कथा कोलाज का मंचन हुआ। एनएसडी (टीआईई) से प्रशिक्षित उज्ज्वल सिन्हा द्वारा निर्देशित नाटक की प्रस्तुति एंसैंबल आर्ट एंड ड्रामा क्लब के छात्रों ने दी। लगभग 55 मिनट की इस नाट्य प्रस्तुति में कलाकारों ने समाज के विभिन्न ज्वलंत विषयों को अभिनय के माध्यम से दर्शकों के सामने रखा और उनके सामने कई प्रश्न खड़े किए।

### जीवन के अनुभवों को लघु कहानी में दर्शाया

एक के बाद एक मंच पर आते कलाकारों ने समाज के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया। नाटक में 10 कलाकारों ने अपने जीवन के अनुभवों को लघु कहानी के माध्यम से बड़ी ही सूझबूझ के साथ मंच पर प्रदर्शित किया। हास्य, करुण, रौद्र और श्रृंगार जैसे रसों पर केंद्रित इन नाट्य प्रस्तुतियों ने न सिर्फ दर्शकों को अंत तक बांधे रखने सफलता पाई बल्कि दर्शकों को समाज का आईना भी दिखाया।





**'भारत के सदाबहार नगमे' पर आधारित 'समावेशी शिक्षा' विषय पर सामूहिक नृत्यों और मूक अभिनय ने दर्शकों को भावनाओं और ऊर्जा के अनूठे संगम से कराया रूबरू**

# 'सदाबहार नगमों' की गूंज के बीच 'समावेशी शिक्षा' का संवेदनशील संदेश

## क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में आयोजित सांस्कृतिक गतिविधियों के दूसरे दिन सभागार उस समय तालियों की गूंज से भर उठा, जब 'भारत के सदाबहार नगमे' पर आधारित सामूहिक नृत्यों और 'समावेशी शिक्षा' विषय पर प्रस्तुत मूक अभिनय ने दर्शकों को भावनाओं और ऊर्जा के अनूठे संगम से रूबरू कराया। रंग, संगीत, भाव और अभिव्यक्ति से सजे इस सांस्कृतिक आयोजन ने भारतीय कला और सामाजिक संवेदनाओं का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया।



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की मनोहारी झलक

कार्यक्रम में एकल नृत्य, युगल नृत्य, सामूहिक नृत्य और मूक अभिनय की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। एकल नृत्य प्रतियोगिता में ओडिशी, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, कथक, लावणी और भरतनाट्यम जैसी शास्त्रीय नृत्य शैलियों ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत की मनोहारी झलक प्रस्तुत की।



### समान अवसर और संवेदनशीलता का प्रभाव दिखता मूक अभिनय

'समावेशी शिक्षा' विषय पर आधारित मूक अभिनय ने समाज में समान अवसर और संवेदनशीलता का प्रभावशाली संदेश दिया। कलाकारों की सशक्त अभिव्यक्ति ने बिना शब्दों के ही गहरी बात दर्शकों तक पहुंचाई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930